CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :30°C
न्यूनतम: 23°C

मुजफ्फरनगर, गुरुवार 18 सितम्बर 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 247 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com आश्विन कृष्ण पक्ष 12 विक्रमी सम्वत् 2082 25 रबी उल अव्वल 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उप्र में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को मिलेगा स्मार्टफोन व बढ़ेगा मानदेय पेज 2



आईसीसी टी-20 रैंकिंग में भारत का क्लीनस्वीप खेल टाइम्स



इजरायल: विश्व शांति के लिए खतरा सम्पादकीय



नासा के पर्सिवियरेंस रोवर ने मंगल पर दिए जीवन के संकेत पेज 12

# 1987 के बाद जन्मे लोगों को दिखाने होंगे दस्तावेज

## देश के आधे से ज्यादा वोटर्स से पेपर नहीं मांगेंगे, SIR पर चुनाव आयोग ने पेश की सफाई

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग (ईसी) ने बुधवार को बताया कि स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के दौरान देश के ज्यादातर राज्यों में आधे से ज्यादा मतदाताओं को किसी प्रकार का दस्तावेज दिखाने की जरूरत नहीं होगी। ऐसा इसलिए क्योंकि उनके नाम पिछली एसआईआर की वोटर लिस्ट में शामिल हैं।

आयोग के अधिकारियों ने बताया कि हर राज्य में पिछली बार एसआईआर अलग-अलग सालों में हुआ था। ज्यादातर जगह यह प्रक्रिया 2002 से 2004 के बीच हो गई थी। जिन लोगों के नाम उस समय की वोटर लिस्ट में थे, उन्हें अपनी जन्मतिथि या जन्मस्थान साबित करने के लिए कोई नया कागज नहीं देना होगा। उदाहरण के लिए बिहार में 2003 की एसआईआर सूची को आधार बनाया गया है। वहां के लगभग 5 करोड़ मतदाता (60 फीसदी) पहले से ही उस सूची में दर्ज हैं, इसलिए उन्हें कोई अतिरिक्त दस्तावेज नहीं देना पड़ा। वहीं लगभग 3 करोड़ नए मतदाताओं (40फीसदी) से 11 निर्धारित दस्तावेजों में से कोई एक मांगा गया। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद इसमें 12वां दस्तावेज आधार कार्ड भी माना गया। दिल्ली की पिछली एसआईआर सूची 2008 की है और उत्तराखंड की 2006 की, जो अब राज्य के सीईओ की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। नई व्यवस्था में ऐसे लोग जो नए वोटर बनना चाहते हैं या दूसरे राज्य से शिफ्ट होकर आए हैं, उन्हें डिक्लेरेशन फॉर्म भरना होगा। इसमें उन्हें यह बताना होगा कि वे भारत में कब जन्मे हैं, एक जुलाई 1987 से पहले जन्मे हैं, तो खुद का जन्म प्रमाण देना होगा।



■ चुनाव आयोग सभी राज्यों में एक साथ कराना चाहता है एसआईआर

# दिशा पाटनी के घर फायरिंग करने के दो आरोपी मारे गए

शाह टाइम्स ब्यूरो

**गाजियाबाद।** बरेली में अभिनेत्री दिशा पाटनी के घर में फायरिंग के मामले में यूपी एसटीएफ और दिल्ली स्पेशल सेल ने ट्रॉनिका सिटी में मुठभेड़ के बाद दो बदमाशों को गिरफ्तार किया। पुलिस की गोली लगने से घायल दोनों बदमाशों को सीएचसी में भर्ती कराया गया।

एक समाचार एजेंसी के मुताबिक, अस्पताल में दोनों की मौत हो गई। यूपी एसटीएफ नोएडा यूनिट के एसपी राजकुमार मिश्र ने बताया कि बुधवार शाम को बदमाशों के साथ मुठभेड़ हुई। इसमें पुलिस की गोली लगने से रोहतक का रहने वाला रविंद्र और इंडियन कॉलोनी, गोहना रोड सोनीपत का रहने वाला अरुण घायल हुए थे। उनके पास से ग्लॉक और जिगाना पिस्टल बरामद की गई है। दोनों बदमाश गोल्डी बरार गैंग के सक्रिए सदस्य थे। आरोप है कि उन्होंने 12 सितम्बर को अभिनेत्री दिशा पाटनी के घर पर फायरिंग की सनसनीखेज वारदात को अंजाम दिया था।

■ मुठभेड़ के दौरान पुलिस की लगी गोली

## रेल ट्रैक पर स्लीपर रखकर नौचंदी एक्सप्रेस को पलटाने की साजिश

**रायबरेली।** प्रयागराज से सहारनपुर जा रही नौचंदी एक्सप्रेस के आगे स्लीपर रखकर मंगलवार की रात ट्रेन को पलटाने की साजिश की गई। घटना ऊंचाहार के अरखा व प्रतापगढ़ के परियावां स्टेशन के बीच हुई। स्लीपर ट्रेन के इंजन से टकराकर टूट गया। लोको पायलट ने मामले की जानकारी कंट्रोल रूम को दी। इस पर मौके पर पहुंची ऊंचाहार जीआरपी ने पड़ताल की। करीब बीस मिनट तक ट्रेन खड़ी रही, उसके बाद ऊंचाहार स्टेशन पर इंजन की जांच की गई और फिर ट्रेन सहारनपुर के लिए रवाना हुई। मंगलवार रात करीब 8 बजे नौचंदी एक्सप्रेस प्रयागराज से सहारनपुर जा रही थी।

## लोकतांत्रिक देशों के नेताओं में लोकप्रियता में सबसे ऊपर हैं मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ईमानदार छवि और कड़ी मेहनत उनके व्यक्तित्व को ऐसा करिश्माई बना देती है, जिसके कारण वह पिछले 11 साल से लगातार विशाल और विविधतापूर्ण भारत के प्रधानमंत्री हैं और लोकत्रांत्रिक देशों के नेताओं की घरेलू लोकप्रियता के सूचकांक में सबसे ऊपर हैं। स्वतंत्र भारत के इतिहास में श्री मोदी पंडित जवाहर लाल नेहरू के बाद दूसरे राजनेता हैं, जिन्होंने लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद संभाला है और आज भी जनता के बीच सबसे स्वीकार्य नेता बने हुए हैं।

## पीएम मोदी का 75वां जन्मदिन: राहुल गांधी ने बधाई दी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बुधवार को 75वां जन्मदिन था। मोदी को उनके जन्मदिन पर दुनिया भर से बधाई मिल रही है। कांग्रेस के रायबरेली सांसद राहुल गांधी ने भी एक्स पर एक पोस्ट के जरिये पीएम को जन्मदिन और बेहतर स्वास्थ्य की शुभकामनाएं दीं। भाजपा ने भी मोदी की कहानी के शॉर्ट वीडियो शेयर किए हैं। इसे मोदी स्टोरी नाम दिया है। वीडियो में चाय का गिलास और मोदी स्टोरी लिखा है। राजनाथ सिंह, अमित शाह, जेपी नड्डा समेत कई सीनियर नेताओं ने पीएम से जुड़े किस्से सुनाए हैं।

## महाराष्ट्र में दो महिला नक्सली ढेर

**मुंबई।** महाराष्ट्र के गढ़चिरोली जिले में बुधवार सुबह सुरक्षाबलों के साथ हुई मुठभेड़ में दो महिला नक्सली मारी गईं। पुलिस को खुफिया जानकारी मिली थी कि गट्टा दालम के सदस्य एटॉपल्ली तालुका के मोडस्के गांव के जंगल में छिपे हुए हैं। पुलिस ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (आहेरी) सत्य साई कार्तिक की देखरेख में संयुक्त ऑपरेशन शुरू किया। इसमें आहेरी से पांच सी-60 कमांडो यूनिट, गट्टा जांभिया पुलिस पोस्ट के जवान और सीआरपीएफ की 191 बटालियन की कंपनी शामिल थी। इलाके को घेरकर सर्च ऑपरेशन चलाया गया तभी नक्सलियों ने अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। सी-60 कमांडो ने जवाबी कार्रवाई की। मुठभेड़ के बाद, दो महिला नक्सलियों के शव मिले।

# पाक को घुटनों पर लाए हैं हम: मोदी

## कहा: भारत परमाणु खतरों से नहीं डरता

धार, वार्ता

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** अपने जन्मदिन पर मध्य प्रदेश के दौरे पर रहे। उन्होंने प्रदेश के धार जिले के बदनावर तहसील के भैंसोला गांव में पीएम मित्र पार्क की आधारशिला रखी। इसके अलावा कई अन्य योजनाओं की सौगात भी प्रदेश की जनता को दी। करीब 40 मिनट के भाषण में पीएम मोदी ने आतंकवाद, पाकिस्तान, स्वास्थ्य, विकास, गरीबी और स्वदेशी पर बात की। पीएम मोदी ने देशवासियों से स्वदेशी पर गर्व करने और उसे अपनाने पर जोर दिया।

**देशवासियों से स्वदेशी पर गर्व करने और अपनाने पर जोर दिया**

उन्होंने कहा कि देशवासी जो भी खरीदें वो देश में ही बना होना चाहिए। जो खरीदें, उसमें किसी न किसी हिंदुस्तानी का पसीना होना चाहिए। उसमें हिंदुस्तान की मिट्टी की खुशबू होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मुझे 2047 विकसित भारत बनाना है, जिसका रास्ता आत्मनिर्भर भारत से जाता है। उन्होंने गर्व से कहो, ये स्वदेशी है का नारा भी लोगों से लगवाया। पीएम मोदी ने कौशल और निर्माण के देवता भगवान विश्वकर्मा की जयंती पर उन्हें नमन कर अपने संबोधन की शुरुआत की। सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने पाकिस्तान और आतंकवाद पर हमला बोला। पीएम मोदी ने कहा कि ये नया भारत है, ये किसी की परणामु धमकियों से नहीं डरता है। ये नया भारत, घर में घुसकर मारता है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान से आए आतंकियों ने हमारी बहनों-बेटियों का सिंदूर उजाड़ा था। हमने ऑपरेशन सिंदूर करके आतंकी ठिकानों को उजाड़ दिया।



## मोदी की मां का एआई वीडियो हटाने का कांग्रेस को कोर्ट ने दिया आदेश

**पटना।** बिहार चुनाव से पहले कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को निशाना बनाते हुए उनकी मां पर एक एआई वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर शेयर किया था। पटना हाईकोर्ट ने इस वीडियो को लेकर कांग्रेस को निर्देश दिया है कि वह वीडियो को सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स से हटा ले। पटना हाईकोर्ट के कार्यकारी मुख्य न्यायाधीश पीबी बजंतरी की अदालत ने यह निर्देश दिया है। बता दें कि कांग्रेस ने एआई के जरिये जो वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर शेयर किया था, उसमें दिखाया गया था कि पीएम मोदी की मां उनके सपनों में आती है और उनसे बात करती है। भाजपा ने कांग्रेस के इस वीडियो पर कड़ी आपत्ति दर्ज करवाई थी। भाजपा नेता शहजाद पूनावाला ने इस वीडियो पर कहा कि कांग्रेस पार्टी एक बार फिर पीएम मोदी की मां का अपमान कर रही है।

## कुछ लोग कहते थे भारत-पाक संघर्ष उन्होंने रुकवाया अब पता चल गया : राजनाथ सिंह

**हैदराबाद।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक बयान में कहा कि किसी के हस्तक्षेप के कारण आतंकवादियों के खिलाफ अभियान स्थगित नहीं किया गया। राजनाथ सिंह ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प पर बिना नाम लिए निशाना साधा और कहा कि कुछ लोग भारत-पाकिस्तान संघर्ष को रोकने का दावा करते हैं। लेकिन किसी ने ऐसा नहीं किया। अब तो खुद पाकिस्तान के उप-प्रधानमंत्री ने साफ कर दिया है कि भारत ने इसमें किसी भी तीसरे पक्ष की भूमिका को अस्वीकार कर दिया था। हैदराबाद में आयोजित हैदराबाद मुक्ति दिवस के कार्यक्रम में राजनाथ सिंह ने कहा कि कुछ लोग भारत- पाकिस्तान संघर्ष को रोकने का दावा करते हैं। लेकिन किसी ने ऐसा नहीं किया। पाकिस्तान के उप-प्रधानमंत्री ने स्पष्ट किया है कि भारत ने इसमें किसी तीसरे पक्ष की भूमिका को स्वीकार नहीं किया।

## पराली जलाने पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

# किसान बेशक अन्नदाता, लेकिन पर्यावरण भी अहम

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण और पराली जलाने से संबंधित मामले पर सुनवाई की। कोर्ट ने कहा कि किसान हमारे अन्नदाता हैं, लेकिन पर्यावरण को बचाना भी जरूरी है। अगली सुनवाई 8 अक्टूबर को होगी।

कोर्ट ने पंजाब सरकार से पूछा कि जो किसान पराली न जलाने के सरकारी आदेश का उल्लंघन करते हैं, उनको गिरफ्तार क्यों नहीं करते? सिर्फ जुर्माना लगाने से काम नहीं चलेगा, किसानों को जवाबदेह बनाना जरूरी है। सीजेआई बीआर गवई और जस्टिस के विनोद चंद्रन की बेंच ने कहा कि देश की प्रदूषण नियंत्रण एजेंसियां और राज्य सर्दियों से पहले तीन हफ्ते में वायु प्रदूषण से निपटने के उपाय बताएं। बेंच ने कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट (सीएआईक्यूएम), सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड (सीपीसीबी) और राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों से कहा कि हर साल सर्दियों में प्रदूषण का लेवल खतरनाक स्तर पर पहुंच जाता है, इसलिए समय रहते कदम उठाना जरूरी है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पराली जलाने वाले किसानों को मिनिमम सपोर्ट प्राइस सिस्टम के लाभ से बाहर रखा जाना चाहिए, क्योंकि यदि कोई किसान कानून तोड़कर पराली जलाता है, तो उसे आर्थिक रूप से भी सजा देनी चाहिए, सिर्फ जुर्माना भरना या चेतावनी देना काफी नहीं है। राज्य सरकारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि किसानों को पराली प्रबंधन की मशीनरी दी जाए और उनको बेहतर विकल्प दिए जाएं, ताकि वे पराली जलाने के जगह अन्य तरीकों का उपयोग कर सकें।

■ शीर्ष अदालत ने कहा: आरोपियों की गिरफ्तारी क्यों नहीं



## कर्नाटक: SBI में 21 करोड़ की डकैती

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के विजयपुरा की एसबीआई ब्रांच में करीब 21 करोड़ की डकैती हो गई। इसमें 1.04 करोड़ कैश और करीब 20 करोड़ कीमत का 20 किलो सोना शामिल है। मंगलवार शाम को 5 हथियारबंद लुटेरे बैंक में लूट करके फरार हो गए।

सही रकम और गहनों का ब्योरा बैंक अधिकारियों के आने के बाद स्पष्ट होगा। पुलिस को शक है कि आरोपी महाराष्ट्र की ओर भागे हैं। उनकी तलाश जारी है।पुलिस के अनुसार, लुटेरे सेना जैसी ड्रेस और मास्क पहनकर आए थे। तीन लोग बैंक के अंदर घुसे और दो बाहर खड़े रहे। उन्होंने बैंक मैनेजर, कैशियर और कर्मचारियों को बंधक बनाकर हाथ-पैर बांध दिए। इसके बाद लुटेरों ने कैश और सोना बैग में भरा और बैंक को बाहर से ताला लगाकर भाग निकले।

■ सेना जैसी वर्दी में आए थे लुटेरे

## गैंगस्टर छोटा राजन की ज़मानत रद्द

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को यह सवाल करते हुए गैंगस्टर राजेंद्र सदाशिव निकालजे उर्फ छोटा राजन की जमानत रद्द कर दी कि 'चार बार दोषसिद्धि और 27 साल की फरारी, ऐसे व्यक्ति की सजा क्यों स्थगित की जाए? न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने अवैध वसूली मामले में होटल व्यवसाई जया शेट्टी की 2001 के हत्या मामले में बॉम्बे उच्च न्यायालय द्वारा दी गई जमानत रद्द कर दी। पीठ ने सीबीआई की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू की दलीलें सुनने के बाद यह आदेश पारित किया। पीठ के समक्ष उन्होंने दलील देते हुए कहा कि आजीवन कारावास की सजा पाए राजन को चार अन्य मामलों में भी दोषी ठहराया गया है और वह 27 साल तक फरार रहा था। छोटा राजन के वकील सुदीप पासबोला ने तर्क दिया कि राजन के खिलाफ दर्ज 71 मामलों में से 47 में सीबीआई को कोई ठोस सबूत नहीं मिला और उन्हें बंद कर दिया गया।

# छत्तीसगढ़ के कवर्धा में ट्रैक्टर समेत सात बहे

**नई दिल्ली।** उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ और बिहार में मानसून अभी भी एक्टिव है। मौसम विभाग ने इन राज्यों में बुधवार को भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। हालांकि राजस्थान, गुजरात और पंजाब से मानसून की वापसी शुरू हो गई है।

उत्तराखंड के देहरादून और अन्य इलाकों में बादल फटने से भारी तबाही हुई। बारिश और आपदा में 15 लोगों की मौत हो गई और 16 लोग अभी भी लापता हैं। जम्मू कश्मीर के कटरा में 22 दिन से बंद वैष्णो देवी यात्रा बुधवार से शुरू हो गई। 26 अगस्त को यात्रा मार्ग पर अर्धकुंवारी के पास लैंडस्लाइड के बाद से यात्रा बंद थी। लगभग 15 लोग मरे, कुछ घायल हैं और कुछ लापता हैं। सभी रेस्क्यू टीमें, एसडीआरएफ और एनडीआरएफ, मैदान में हैं। सीएम भी यहां हैं। अब तक 900 से ज्यादा लोगों को बचाया जा चुका है। इस इलाके के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। अमेठी में मंगलवार देर रात से लगातार बारिश हो रही है। 8 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल रही हैं। अधिकतम तापमान 30 डिग्री और न्यूनतम तापमान 27 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने अगले 48 घंटे तक बारिश जारी रहने की संभावना जताई है।

■ वैष्णो देवी यात्रा शुरू, दोनों रूट खुले

# EVM में अब उम्मीदवार की रंगीन तस्वीर के होंगे दीदार

## नाम भी बड़े अक्षरों में लिखा जाएगा, ताकि वोटर आसानी से पढ़ सकें

नई दिल्ली, वार्ता

**चुनाव आयोग** ने ईवीएम मतपत्र को स्पष्ट और पठनीय बनाने के लिए उसकी डिजाइन और मुद्रण शैली में बदलाव किया है। आयोग ने चुनाव संचालन नियम, 1961 के नियम 49बी के तहत निर्देशों में संशोधन किया है। इसके तहत ईवीएम में अब उम्मीदवार के नाम और चुनाव चिह्न के साथ उनकी रंगीन तस्वीर भी दिखेगी।

यह नई व्यवस्था बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव से लागू होगी। निर्वाचन प्रक्रिया को बेहतर बनाने के लिए चुनाव आयोग लगातार नई पहल कर रहा है। पिछले छह महीने में चुनाव आयोग 28 नए कदम उठा चुका है। इसमें एसआईआर के मुद्दे को लेकर विवाद भी हुआ है। अब आयोग ने ईवीएम मतपत्र को लेकर बड़ा फैसला लिया है। ईवीएम मतपत्र पर अब उम्मीदवारों की रंगीन तस्वीरें छपी होंगी। उम्मीदवार का फोटो साफतौर पर दिख सके इसलिए तस्वीर के तीन-चौथाई हिस्से पर उसका चेहरा दिखेगा। उम्मीदवारों और नोटा के क्रमांक भारतीय अंकों के अंतर्राष्ट्रीय रूप में छापे जाएंगे। वहीं फॉन्ट का आकार 30 होगा और बोल्ड लिखा जाएगा। इसके अलावा सभी उम्मीदवारों और नोटा के नाम एक ही फॉन्ट प्रकार और फॉन्ट साइज में होंगे। ताकि यह आसानी से पढ़ने में आए। इसके अलावा ईवीएम मतपत्र 70 जीएसएम कागज पर मुद्रित किए जाएंगे। विधानसभा चुनाव के लिए तय आरजीबी गुलाबी रंग के कागज का इस्तेमाल किया जाएगा। इस कागज की गुणवत्ता भी बेहतर होगी। आयोग का कहना है कि इस पहल से मतदान प्रक्रिया सुगम हो सकेगी। साथ ही चुनाव के प्रति पारदर्शिता और लोगों का भरोसा भी मजबूत होगा। रंगीन तस्वीरें, बड़े फॉन्ट और बेहतर गुणवत्ता वाले कागज होने के चलते मतदाता बिना किसी असमंजस के सही उम्मीदवार का चुनाव कर सकेंगे। विशेषज्ञों का कहना है कि यह कदम ग्रामीण क्षेत्रों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए लाभकारी होगा। ईवीएम पर अब तक काले-सफेद फोटो और छोटे अक्षरों की वजह से मतदाताओं को परेशानी होती थी। नई व्यवस्था से मतदान प्रक्रिया अधिक लोकतांत्रिक व सुगम होगी।



**नई पहल**

■ चुनाव आयोग ने नियमों में किया संशोधन, बिहार चुनाव से होगी शुरुआत

## संक्षिप्त समाचार

### वैष्णो देवी यात्रा फिर से शुरू होने पर चहल-पहल

**जम्मू।** माता वैष्णो देवी मंदिर की यात्रा 22 दिनों के बाद बुधवार को फिर से शुरू होने से कटरा में चहल पहल है। भूस्खलन में 26 अगस्त को 34 लोगों की मौत और 20 लोगों के घायल होने के बाद यात्रा को स्थगित कर दिया गया था। यह यात्रा 14 सितम्बर को शुरू होने वाली थी, लेकिन इसे फिर से स्थगित कर दिया गया था। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने मंगलवार रात सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि जय माता दी: अनुकूल मौसम की स्थिति में वैष्णो देवी यात्रा 17 सितम्बर, 2025 (बुधवार) से फिर से शुरू होगी। श्रद्धालुओं से अनुरोध है कि वे आधिकारिक संचार माध्यमों के माध्यम से अपडेट रहें। बुकिंग के लिए कृपया साइट पर जाएं। इस बीच अधिकारियों ने बताया कि बुधवार को 'जयकारे' और ष्जय माता दीष के नारे लगाते हुए तीर्थयात्रियों ने उत्साह के साथ यात्रा शुरू की।

### अखिलेश-मायावती ने दी मोदी को जन्मदिन की बधाई

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75वें जन्मदिवस पर उत्तर प्रदेश में बधाई प्रेषित करने का सिलसिला बुधवार को जारी रहा। समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव और बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती ने भी श्री मोदी को उनके जन्मदिन पर बधाई दी है। सुश्री मायावती ने अपने सोशल मीडिया हैंडल 'एक्स पर लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आज उनके जन्मदिन पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं तथा उनके अच्छे स्वास्थ्य एवं दीर्घायु होने की भी कुदरत से कामना। इससे पहले मुख्यमंत्री योगी, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक आदि ने बधाई दी।

## एमपी के धार से सीएम योगी ने पोषण माह पर किया ऐलान

# आंगनबाड़ियों का बढ़ेगा मानदेय, मिलेगा स्मार्टफोन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को मध्य प्रदेश के धार से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान' (17 सितम्बर से 2 अक्टूबर, 2025) और आठवें राष्ट्रीय पोषण माह (17 सितम्बर से 16 अक्टूबर, 2025) का शुभारंभ किया। यह अब तक के देश के सबसे बड़े स्वास्थ्य अभियानों में से एक है।

इस ऐतिहासिक अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेयी साइंटिफिक कन्वेंशन सेंटर, केजीएमयू में प्रदेशस्तरीय कार्यक्रमों की शुरुआत की। सीएम योगी ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को स्मार्ट फोन वितरण के साथ ही उनके मानदेय में वृद्धि की जाएगी। इस अभियान के तहत



■ यूपी के 75 जनपदों में स्वास्थ्य शिविरों की शुरुआत

यूपी में 75 जनपदों में व्यापक स्वास्थ्य शिविरों की शुरुआत भी हुई, जिसमें महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस अभियान की शुरुआत करते हुए देशवासियों को संबोधित किया और कहा कि माताओं-बहनों और बेटियों का स्वास्थ्य हमारी प्राथमिकता है। सभी सुविधाएं निशुल्क हैं, इसलिए स्वास्थ्य शिविरों में जांच जरूर कराएं। उन्होंने देश को विकसित बनाने के चार स्तंभ नारी, युवा शक्ति, किसान और गरीब को रेखांकित किया, जिसमें नारी शक्ति को राष्ट्रप्रगति का मुख्य आधार बताया। विश्वकर्मा जयंती के पावन अवसर पर पीएम ने इस अभियान को स्वस्थ नारी और सशक्त परिवार की नींव के रूप में पेश किया, जो उनके विजन विकसित भारत का हिस्सा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्यक्रम में बच्चों को तिलक लगाकर अन्नप्राशन कराया और गर्भवती महिलाओं की गोदभराई के साथ पोषाहार वितरित किया। उन्होंने कहा कि आज पूरा देश पीएम मोदी के 75वें जन्मदिन पर उनके साथ जुड़ रहा है। उत्तर प्रदेश की 25 करोड़ जनता की ओर से उन्हें हार्दिक बधाई। पीएम का संदेश हमें प्रेरित करता है और हम इसे लागू करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सीएम योगी ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए स्मार्ट फोन वितरण और मानदेय वृद्धि का ऐलान करते हुए कहा कि आंगनबाड़ी बहनों की सेवाओं का सम्मान उनके मानदेय बढ़ाकर और स्मार्ट फोन देकर किया जाएगा।

### मोदी के नेतृत्व में भारत का आत्मविश्वास दुनिया के लिए प्रेरणास्रोत

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत आज अपने आत्मविश्वास से पूरी दुनिया को प्रेरित कर रहा है। श्री मोदी के 75वें जन्मदिन के अवसर पर लखनऊ से सेवा पखवाड़ा 2025 का शुभारंभ करते हुए उन्होंने कहा कि यह हम सबका सौभाग्य है कि सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पावन जन्मदिन से हो रहा है। प्रधानमंत्री मोदी केवल भारत के ही नहीं, बल्कि दुनिया के सबसे दूरदर्शी और लोकप्रिय नेता हैं। आज पूरी दुनिया प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में नए भारत का दर्शन कर रही है। जो भारत कभी पिछलग्गू माना जाता था, लेकिन आज अपने आत्मविश्वास से दुनिया को प्रेरित कर रहा है। योगी ने कहा कि विरासत का सम्मान आज केवल घोषणा नहीं, बल्कि हकीकत है। अयोध्या में 500 वर्षों के बाद रामलला का भव्य मंदिर बना। काशी विश्वनाथ धाम का पुनर्निर्माण वैश्विक जगत को आकर्षित कर रहा है। केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम का कायाकल्प हुआ है। महाकाल लोक का निर्माण और अन्य धार्मिक स्थलों का सुंदरीकरण नए भारत की पहचान बन चुके हैं।

# ड्रोन विनियमन के लिए बनेगा अलग कानून

**नई दिल्ली, वार्ता**

सरकार देश में ड्रोन के परिचालन के लिए एक अलग कानून बनाने की तैयारी में है, जिसमें ड्रोन की खरीद-बिक्री, परिचालन, नियमों के उल्लंघन की स्थिति सजा तथा जुर्माने से लेकर तीसरे पक्ष का बीमा और हर्जाना तक के नियम तय होंगे।

नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने नागर ड्रोन (संवर्धन एवं विनियमन) विधेयक, 2025 का मसौदा जारी किया है, जिसे आगामी शीतकालीन सत्र में संसद में पेश किए जाने की उम्मीद है। मंत्रालय ने आम लोग, उद्योग और अन्य हितधारकों से 30 सितम्बर तक मसौदे पर टिप्पणी, सुझाव और आपत्तियां आमंत्रित की है। मसौदा में नियमों का उल्लंघन करने पर जेल की सजा और जुर्माने का प्रावधान है। इसमें कहा गया है कि हर ड्रोन का यूनीक आइडेंटिफिकेशन नंबर



■ सजा और जुर्माने तक के नियम तय होंगे

(यूआईएन) होना जरूरी है। साथ ही उसमें संबंधित प्राधिकरण द्वारा तय नियमों के अनुसार सुरक्षा मानक भी होने चाहिए। केंद्र और राज्य सरकारों तथा उनके द्वारा प्राधिकृत एजेंसियों के पास किसी क्षेत्र को ड्रोन के संचालन के लिए रेड जोन या एलो जोन घोषित करने का अधिकार होगा। रेड जोन में ड्रोन उड़ाने से पहले केंद्र सरकार और रेड जोन घोषित करने वाली एजेंसी से और एलो जोन के लिए उस इलाके के एटीसी अधिकारी से अनुमति की आवश्यकता होगी।

# कमर्शियल गाड़ियों के लिए भी आएगा एनुअल फास्टैग

**नई दिल्ली, वार्ता**

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने हाल ही में कहा था कि सड़क परिवहन मंत्रालय राष्ट्रीय राजमार्गों का उपयोग करने वाले राज्य और निजी बस ऑपरेटरों को लाभ प्रदान करने के लिए एक टोल नीति पर काम कर रहा है।

सरकार ने नॉन-कमर्शियल वाहनों के लिए 3,000 रुपये की कीमत वाला एक फास्टैग-बेस्ड वार्षिक पास पहले ही शुरू कर दिया है, जो 15 अगस्त से प्रभावी है। यह परेशानी मुक्त राजमार्ग यात्र की दिशा में एक कदम है। यह पास एक्टिवेशन की डेट से एक साल या 200 यात्राओं तक, जो भी पहले हो, के लिए वैध है। यह पास विशेष रूप से गैर-व्यावसायिक निजी वाहनों जैसे कार, जीप और वैन के लिए डिजाइन किया गया है। गडकरी ने बीओसीआई के भारत



■ राज्य और निजी बस ऑपरेटरों को मिलेगा फायदा

प्रवास पुरस्कारों को संबोधित करते हुए कहा कि हम राष्ट्रीय राजमार्गों का उपयोग करने वाले राज्य और निजी बस ऑपरेटरों को लाभ प्रदान करने के लिए एक टोल नीति पर काम कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार ने वाहनों से होने वाले प्रदूषण को कम करने के उद्देश्य से देश के विभिन्न हिस्सों में हरित हाइड्रोजन चालित ट्रकों के संचालन के लिए 10 राजमार्ग खंडों की पहचान की है। इन खंडों पर इंडिया ऑयल और रिलायंस पेट्रोलियम द्वारा हाइड्रोजन ईंधन भरने के स्टेशन स्थापित किए जाएंगे।

## उत्तर प्रदेश में सात आईपीएस इधर से उधर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने बुधवार को भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के सात अधिकारियों का तबादला कर दिया। सरकार की ओर से जारी आदेश के अनुसार डीआईजी स्थापना के पद पर गए देव रंजन वर्मा का स्थानांतरण पुलिस उप महानिरीक्षक प्रशिक्षण निदेशालय लखनऊ बनाया गया है। ममता रानी चौधरी को पुलिस उपायुक्त लखनऊ कमिश्नरेट बनाया गया है। इसके अलावा सतीश कुमार पुलिस महानिदेशक मुख्यालय से संबद्ध किए गए हैं, जबकि अभिजीत कुमार को अपर पुलिस अधीक्षक मेरठ की जिम्मेदारी दी गई है। आईपीएस अतुल कुमार श्रीवास्तव को पुलिस उपायुक्त कानपुर नगर कमिश्नरेट बनाया गया है, जबकि शैलेंद्र कुमार सिंह को पुलिस उपायुक्त गौतम बुध नगर पुलिस कमिश्नरेट भेजा गया है। आईपीएस त्रिगुण बिसेन को गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट में पुलिस उपायुक्त बनाया गया है। उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को भी प्रशासनिक फेरबदल करते हुए 16 वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों का तबादला कर दिया था।

# भाजपा ने ईसी को बनाया जुगाड़ आयोग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** केंद्रीय निर्वाचन आयोग की तरफ से शुरू किए गए विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को लेकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि यह प्रक्रिया फर्जी वोट बनाने का जरिया बन गई है। इस दौरान अखिलेश ने महोबा और नोएडा में एक ही एड्रेस पर हजारों डुप्लीकेट वोटों का जिक्र करते हुए भाजपा पर जमीन हड़पने और कानून-व्यवस्था बिगाड़ने का भी इल्जाम लगाया है।

बुधवार को पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस के दौरान समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि एसआईआर देश भर में शुरू होने जा रहा है, लेकिन



■ बीजेपी वाले कब्जा रहे लोगों की जमीन

महोबा से जानकारी मिली है कि एक ही पते पर 4000 से ज्यादा वोट हैं। वहीं नोएडा में भी सैकड़ों डुप्लीकेट वोट हैं। उन्होंने कहा कि इसकी शिकायत सपा ने की भी थी, लेकिन आयोग ने संज्ञान में नही लिया। उन्होंने कहा कि सरकार आयोग का सहारा लेकर इसे 'जुगाड़ आयोग' बना रही है और बीजेपी फर्जी वोट बना रही है।

### छात्र की हत्या भाजपा-पुलिस व अपराधियों की मिलीभगत

**लखनऊ।** गोरखपुर जिले के पिपराइच इलाके में छात्र की हत्या को लेकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रदेश सरकार पर आरोप लगाया है। संपूर्ण तस्करी का धंधा भाजपा सरकार की पुलिस के संरक्षण और देखरख एवं साझेदारी, मिलीभगत से चलता है। अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि गोरखपुर में पशु तस्करों द्वारा छात्र की हत्या मामले में जो जानकारी सामने आ रही हैं, वह स्तब्धकारी है।



सेंसेक्स 81101.32
निफ्टी 24868.60



सोना रु. 111940
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 128008
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में तेजी जारी, सेंसेक्स और निफ्टी मजबूती के साथ बंद

**मुंबई, वार्ता**

घरेलू शेयर बाजारों में बुधवार को भी तेजी का रुख बना रहा और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 313.2 अंक (0. 38 प्रतिशत) की बढ़त के साथ 82,693.71 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी.50 सूचक. ांक भी 91.15 अंक यानी 0.36 फीसदी की तेजी के साथ 25,330. 25 अंक पर पहुंच गया। हालांकि मझौली कंपनियों के सूचकांक निफ्टी मिडकैप-50 में 0.02 फीसदी की गिरावट देखी गयी। वहीं छोटी कंपनियों का स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.68 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुआ। एनएसई में सरकारी बैंक,



ऑटो, आईटी, तेल एवं गैस और रियलिटी सेक्टरों में लिवाली का जोर रहा। वहीं धातु, फार्मा, एफएमसीजी, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और स्वास्थ्य समूहों के शेयरों में गिरावट देशी गई। सेंसेक्स की 30 में से 20 कंपनियों के शेयर हरे निशान में और अन्य 10 के लाल निशान में रहे। भारतीय स्टेट बैंक में सबसे अधिक 3.02 प्रतिशत की तेजी रही। बीईएल का शेयर 2.36 फीसदी, कोटक महिंद्रा बैंक का 1. 43, मारुति सुजुकी का 1.35, ट्रेंट का 1.21, अल्ट्राटेक सीमेंट का 1. 20 और टेक महिंद्रा का 1.03 प्रतिशत मजबूत हुआ। टीसीएस, टाटा मोटर्स, इंफोसिस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, सनफार्मा, रिलायंस इंडस्ट्रीज और एशियन पेंट्स में भी तेजी रही। बजाज फिनसर्व का शेयर 0.99 फीसदी लुढ़क गया। टाइटन के शेयर में 0.98 प्रतिशत और आईटीसी में 0.93 प्रतिशत की गिरावट देखी गई। टाटा स्टील, पावर ग्रिड, हिंदुस्तान यूनीलिवर, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर भी टूट गए। वैश्विक स्तर पर एशिया में जापान का निक्केई 0.25 फीसदी लुढ़क गया जबकि हांगकांग का हैंगसेंग 1.78 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.37 प्रतिशत मजबूत हुआ।

## सोना और चांदी के भाव में बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** सोने का भाव ने बुधवार को फिर लंबी छलांग लगाई है। पितृपक्ष में भी सोने के दाम में 900 रुपये प्रति 10 ग्राम से ज्यादा की वृद्धि दर्ज हुई है। आज भारत में 24 कैरेट सोने का भाव 1,11,940 रुपये प्रति दस ग्राम पर पहुंच गया। इसके अलावा 22 कैरेट गोल्ड का रेट 1,02,610 रुपये प्रति दस ग्राम हो गया इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन लिमिटेड के अनुसार आज चांदी के भाव 123,368 रुपये प्रति किलो पर पहुंच गए। देश के महानगरों दिल्ली में आज 24 कैरेट सोने का भाव बढ़कर 1,08,530 रुपये प्रति दस ग्राम हो गया। इसके अलावा 22 कैरेट सोने का रेट 99,500 रुपये प्रति दस ग्राम हो गया। मुंबई में 24 कैरेट सोने का रेट 1,08,380 रुपये प्रति दस ग्राम हो गया। वहीं 22 कैरेट सोने का भाव आज 99,350 रुपये प्रति दस ग्राम है। चेन्नई में 24 कैरेट सोने का भाव 1,08,770 रुपये प्रति दस ग्राम हो गया। वहीं 22 कैरेट सोने का भाव 99,700 रुपये प्रति दस ग्राम है। कोलकाता में 24 कैरेट सोने का भाव 1,08,380 रुपये प्रति दस ग्राम हो गया। इसके अलावा 22 कैरेट गोल्ड रेट 98,660 रुपये प्रति दस ग्राम हो गया। सोने की बढ़ती कीमत जनता के लिए परेशानी का सबक बनी हुई है। पिछले काफी समय से खरीदार कीमत में कमी होने का इंतजार कर रहे हैं। लेकिन काफी समय से मामूली गिरावट के बाद बड़ी बढ़ोतरी ही हो रही है।

# चावल नरम, गेहूं मजबूत, खाद्य तेलों में घट-बढ़, दालों में गिरावट

**नई दिल्ली, वार्ता**

घरेलू थोक जिंस बाजारों में बुधवार को चावल के दाम घट गए, जबकि गेहूं में तेजी का रुख रहा। चीनी की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ। दालों के भाव टूट गए, जबकि खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। विदेशों में मलेशिया दिवस के मौके पर बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का दिसंबर वायदा चार रिंगिट चढ़कर 4,477 रिंगिट प्रति टन बोला गया।

अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.09 प्रतिशत की गिरावट के साथ 52.61 डॉलर के भाव बोला गया। घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत पांच रुपए टूटकर 3,856.46 रुपए प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं सात रुपए मजबूत हुआ और 2,864.95 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटे के दाम 10 रुपए प्रति क्विंटल टूट गए और यह 3,306.55 रुपए प्रति क्विंटल बिका। खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया। सरसों तेल औसतन 59 रुपए और सूरजमुखी तेल नौ रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। पाम ऑयल में भी 30 रुपए



प्रति क्विंटल चढ़ गया। मूंगफली तेल की औसत कीमत नौ रुपए प्रति क्विंटल घट गयी। सोया तेल तीन रुपए और वनस्पति 28 रुपए प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। दाल-दलहनों में आज गिरावट रही। तुअर दाल की औसत कीमत करीब 30 रुपए प्रति क्विंटल घट गयी।

उड़द दाल में 23 रुपए और चना दाल में सात रुपए प्रति क्विंटल की नरमी देखी गई। मूंग दाल 28 रुपए और मसूर दाल नौ रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत चार रुपए प्रति क्विंटल टूट गई, जबकि चीनी के भाव में टिकाव रहा।

# लखनऊ कौशल महोत्सव-2025 में 8124 लोगों को मिला रोजगार: नीरज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ से सांसद और देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के पुत्र नीरज सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर दो दिवसीय लखनऊ कौशल महोत्सव-2025 का आयोजन किया था। हालांकि महोत्सव का दूसरा दिन भारी बारिश की भेंट चढ़ गया, लेकिन नीरज सिंह का कहना है कि आयोजन पूरी तरह से सफल रहा और इस दौरान 8124 लोगों को रोजगार मिला है।

नीरज सिंह बारिश के बाद सोशल मीडिया पर एक बयान जारी करते हुए कहा कि महोत्सव में 30,387 से अधिक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन हुए। इस दौरान 14400 उम्मीदवारों का इंटरव्यू हुआ, जिनमें 8124 युवाओं को जॉब ऑफर मिला। उन्होंने कहा है कि युवाओं के उत्साह और कंपनियों की भागीदारी ने इस महोत्सव को अभूतपूर्व सफलता की ओर बढ़ा दिया है, पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है, भारत नित नई ऊंचाइयों को छू रहा है। नीरज सिंह ने कहा है कि लखनऊ जॉब फेयर में इंटरव्यू के बाद शॉर्टलिस्ट किए गए सभी अभ्यर्थी सहायता हेतु हमारे टोल-फ्री 91 88000 55555 / 18001239626 पर संपर्क करें। आश्वस्त रहें कि आपका ऑनबोर्डिंग निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार पूरा किया जाएगा। नीरज ने अपने बयान में कहा है कि भारी वर्षा के कारण हमें नियुक्ति पत्र सम्मान समारोह स्थगित/रद्द करना पड़ा। यह वह अवसर था जब चयनित युवाओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए जाने थे।

### राहुल गांधी पाकिस्तान के लोकप्रिय नेता: बृजभूषण

**गोण्डा।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने बुधवार को तंज कसते हुए कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष व कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान के प्रिय राजनेता है, क्योंकि उनकी बात वहां बहुत सुनी जातीं हैं। एशिया कप के बाद पाक क्रिकेटर अफरीदी द्वारा राहुल गांधी की तारीफ के सवाल पर उन्होंने कहा कि जब से राहुल राजनीति में आएं हैं, तभी से 'सेल्फगोल' कर रहें हैं। राहुल गांधी की बात देश में केवल वे स्वयं ही समझ सकते हैं। वोट चोरी के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि राहुल के साथ विपक्ष बकवास कर रहा हैं।

# पीएम मोदी सूफी अवधारणा के समकालीन व्याख्याता: फरीदी

**नई दिल्ली, वार्ता**

■ फतेहपुर सीकरी दरगाह के सज्जादानशीन ने पीएम के जन्मदिन पर कहा

फतेहपुर सीकरी स्थित दरगाह हज़रत शेख सलीम चिश्ती के सज्जादा नशीन पीरज़ादा अरशद फ़रीदी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कृतित्व एवं व्यक्तित्व को बिल्कुल अलग नज़रिए से देखा है।

अरशद फ़रीदी ने मोदी के जन्म दिन पर अपने एक लेख में कहा है कि सूफ़ीवाद का दर्शन न केवल मनुष्यों के बीच आध्यात्मिक दूरियों को कम करता है, बल्कि राष्ट्रों के बीच की दूरियों को भी मिटाता है। उन्होंने लेख में कहा कि जिस खुलेपन के साथ मोदी ने हाल ही में इस दर्शन की भारत की प्राचीन मान्यता 'वसुधैव कुटुम्बकम' (विश्व एक परिवार है) के प्रति पूर्ण प्रतिबद्धता का उल्लेख किया, वह अद्वितीय है। उन्होंने कहा कि मोदी का महत्व इस मायने में और भी बढ़ जाता है कि वह हमारे देश के पहले लो. कतांत्रिक शासक हैं, जिन्होंने संघर्षग्रस्त विश्व को शांति और सद्भाव के महत्व का एहसास कराया है। उन्होंने कहा कि सूफ़ी दर्शन कल भी शांति और सुरक्षा के बारे में था और आज की अशांत और बेचैन दुनिया को भी आत्म-शुद्धि, आध्यात्मिकता और ज्ञान के रचयिता के सामीप्य से ही मानवता के कल्याण के लिए आवश्यक शांति प्राप्त होगी, जो मनुष्य को प्रेम, भाईचारे और दूसरों के प्रति परस्पर सम्मान की ओर ले जाती है। सूफ़ी शिक्षाओं में सहिष्णुता, धैर्य और सभी प्राणियों के प्रति प्रेम शामिल है, जो अंतरराष्ट्रीय शांति और सद्भाव को बढ़ावा देने का एक महत्वपूर्ण साधन बनता है। उन्होंने कहा कि हाल ही में, दिल्ली में खुसरो महोत्सव में, मोदी ने भारत को विश्व पटल पर अग्रणी बनाने के उनके प्रयासों में हज़रत अमीर खुसरो की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने अपने विचारों, वचनों और कर्मों से भारत को विश्व के राष्ट्रों में सबसे महान राष्ट्र के रूप में प्रस्तुत किया। सूफ़ी संत बुल्ले शाह, बाबा फ़रीदुद्दीन शकरगंज, निज़ामुद्दीन औलिया और खुसरो द्वारा प्रचलित सामंजस्यपूर्ण संगीत संस्कृति पर ज़ोर देते हुए, उन्होंने सूफ़ी भक्ति की सर्वश्रेष्ठ परंपरा को नमन किया।













**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# स्टंटबाजी के विरोध में युवक का चाकुओं से गोदकर कर दिया कत्ल

## एसएसपी खुद पहुंचे खालापार, सभासद अन्नू सहित तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** यह कैसा समय आ गया कि अब गलत को गलत और सच को सच कहना भी जुल्म हो गया है गलत रास्ते से रोकना अब इंसानों के कत्ल का सबब बन नहा है। मामूली सी बात पर ही इंसानों का खून पानी की तरह बहा दिया जाता है ऐसा ही मामला खालापार कोतवाली क्षेत्र में देखने को मिला जहां स्टंट बाजी का विरोध करना एक युवक के कत्ल का सबब बन गया। युवक ने तेज आवाज व पटाखो वाली बुलेट का विरोध किया तो युवक का चाकू से गोदकर कत्ल कर दिया गया, हालांकि स्टंटबाजी व गाडी को तेज चलाना कानूनी अपराध भी है, लेकिन यहां खालापार में युवक को मौत के घाट उतार दिया। घटना के बाद भारी पुलिस अमला मौके पर पहुंचा और घटना की छानबीन की। बुधवार की दोपहर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने भी घटना स्थल का जायजा लिया अब पुलिस ने एक सपा नेता सभासद सहित तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मृतक पांच बहनों का बड़ा भाई था और वही अपने घर का सहारा था।





खालापार कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार की देर रात उस वक्त अफरा-तफरी के साथ तनाव की स्थिति पैदा हो गई जब मामूली बात पर एक युवक पर सरेआम धारदार हथियार से हमला कर उसको मौत के घाट उतार दिया गया। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और एसपी सिटी, सीओ सिटी ने भी घटना स्थल का मौका मुआयना किया। पुलिस को जानकारी मिली कि खालापार निवासी 24 वर्षीय अफसर उर्फ गुड्डू पुत्र जुल्फिकार ने मौहल्ले में ही तीन-चार भैंसे रखी है और वह दूध की डेयरी चलाता था। आरोप है कि पडौस के ही कुछ युवक आए दिन मौहल्ले में स्टंटबाजी करते थे। अफसर ने कई बार इसका विरोध किया जिसको लेकर अफसर व आरोपी के बीच विवाद शुरू हो गया और यही विवाद धीरे-धीरे खूनी खेल तक जा पहुंचा। गत दिवस भी अफसर ने उक्त युवक का गाडी तेज चलाने व स्टण्ड बाजी का विरोध किया इस समय मंगलवार की रात करीब सवा बारह बजे थे। आरोप है कि युवक अपने साथ दो लोगों को लाया और उस पर छुरी से वार कर दिया। छुरी अफसर के दिल में घुस गई और घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। परिवार के लोग रोने बिलखने लगे कुछ लोग कानून से बचने के लिए इधर-उधर भागने लगे। घायल अफसर को तरंत ही अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसको मृत घोषित कर दिया। कुछ देर के लिए यहां तनाव की स्थिति बनी, लेकिन समय रहती भारी पुलिस बल यहां तैनात कर दिया गया। मृतक के परिजनों ने आरोप लगाया कि सपा नेता अन्नू कुरैशी का भतीजा साहिल पुत्र इमदाद आए दिन स्टण्डबाजी करता था। और कई बार उसने विरोध करने पर झगडा करने का भी प्रयास किया। यह भी आरोप लगाया कि रात के समय तीन लोग हमले में शामिल रहे जिससे अफसर की मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने आरोप लगाया कि वार्ड 48 के सभासद सपा नेता अन्नू कुरैशी साहिल पुत्र इमदाद व आवेश पुत्र अनुवार ने कत्ल की एक घटना को अंजाम दिया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए है।

उधर एसएसपी के दिशा-निर्देश के बाद खालापार कोतवाली प्रभारी महावीर चौहान का कहना है कि दोषियों को किसी कीमत पर भी बक्शा नहीं जाएगा और आरोपियों की जल्द की गिरफ्तारी होगी। खालापार कोतवाल ने पीड़ित परिवार के घर पहुंचकर भी उन्हे आश्वासन दिया है और उनकी सुरक्षा का भी आश्वासन दिया गया।

# कलेश में युवक ने खाया जहर

## नई मंडी क्षेत्र में महिला से मारपीट, वीडियो वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** किसी विवाद के चलते मानसिक रूप से परेशान चल रहे युवक ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर अपनी जान दे दी है। गंभीर हालत में युवक को अस्पताल में भी पहुंचाया गया था, लेकिन डॉक्टरो ने उसको मृत घोषित कर दिया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की छानबीन की और शव को मोर्चरी में रखवाया। बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों के हवाले कर दिया। वहीं दूसरी और नई मंडी क्षेत्र के मौहल्ला नवाबपुरा में छेड़खानी के विरोध करने पर महिला के साथ मारपीट की गई है। इस घटना की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है।

नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के समीपवर्ती गांव कूकडा निवासी 25 वर्षीय तुषार पुत्र योगेश की मंगलवार की रात अचानक हालत बिगड गई। तुषार की हालत देखकर परिजनों में हड़कंप मच गया उन्होने तुषार को जिला अस्पताल ले जाकर भर्ती कराया, लेकिन कुछ देर बाद ही डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कुछ देर बाद ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की छानबीन की। पुलिस का कहना है कि किसी क्लेह के चलते तुषार मानसिक रूप से परेशान था और रात के समय वह दूध लेने के लिए कहकर गया था और उसने किसी जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया जिससे उसकी मौत हो गई है। इस घटना से परिवार में कोहराम मच गया है वही दूसरी घटना नई मंडी क्षेत्र के मौहल्ला नवाबपुरा की है। छेड़खानी का विरोध करने पर महिला के साथ मारपीट की गई। इस वारदात की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है महिला का आरोप है कि पडौस का ही शुऐब काफी समय से उसके साथ छेड़खानी करता है और विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की गई है यह मामला नई मंडी कोतवाली तक पहुंच गया है और पुलिस ने इस संबंध में एक तहरीर भी ली है। पुलिस को घटना से संबंधित वीडियो भी सौंपी गई है जिसमें युवक मारपीट करता साफ दिखाई पड़ रहा है। पुलिस ने इस मामले में कार्यवाही शुरू कर दी है। असली कारण क्या है यह तो पुलिस जांच का विषय है?



मुजफ्फरनगर: विश्वकर्मा चौक मंदिर में नमन करते विभिन्न पार्टियों के समर्थक।

## दुष्कर्म के आरोपी को जेल भेजा

**चरथावल।** चरथावल पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। चरथावल पुलिस ने बताया कि एक गांव निवासी पीड़ित ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया था कि उसकी नाबालीग बेटी को जनपद मेरठ के थाना सरधना निवासी अजय बहला फुसलाकर ले गया है पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू किए। कई स्थानों पर छापेमारी की गई पुलिस ने अजय पुत्र सोमपाल को मेरठ से गिरफ्तार कर लिया है आरोपी पर पोस्को की धारा भी लगाई गई है और लिखापढ़ी के बाद दुष्कर्म के आरोपी अजय को चरथावल पुलिस ने जेल भेज दिया है। पुलिस कहना है कि आरोपी पर नाबालिग के अपहरण का आरोप था और दुष्कर्म की धारा भी लगाई है।

# जहर खाकर थाने पहुंची पीड़िता

**पुलिस ने पहुंचाया स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** आत्महत्या के मामले लगातार देखने को मिल रहे है अधिकारियों के कार्यालय के बाहर आत्मदाह करने के प्रयास भी कई बार सामने आ चुके है। आत्महत्या फांसी लगाकर हो या खुद को आग के हवाले कर या फिर किसी वाहन के आगे कूदकर दी गई हो, लेकिन हाल में भी इस तरह के कई मामले देखने को मिल चुके है। ऐसे मामलों में अधिकतर घरेलू विवाद सामने आए है। बुधवार को भी एक अजीबोगरीब मामला चरथावल थाने में ही देखने को मिला। पारिवारिक क्लेह के चलते या यू कहां जाए कि ससुराल के उत्पीडन से परेशान विवाहिता जहर का सेवन करके थाने पहुंच गई और पुलिस को आपबीती सुनाने लगी। महिला की हालत बिगडी देख पुलिसकर्मियों के होश खराब हो गए। पुलिस ने तुरंत ही महिला को अस्पताल पहुंचाया।

बताया जाता है कि बुधवार की सवेरे चरथावल थाना परिसर में उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब एक महिला थाने पहुंची और पुलिसको बताया कि वह जहर खाकर आई है पुलिस ने महिला को तुरंत ही स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसको तुरंत ही रैफर कर दिया। पुलिस का कहना है कि महिला मूल रूप से पुरकाजी के गांव तुगलकपुर कम्हेडा की योनिका है।

पुलिस का कहना है कि योनिका अपने पति अमित व ससुराल के लोगों की शिकायत लेकर आई थी उधर योनिका की बहन सुमन ने पुलिस को बताया कि उसकी बहन के ससुराल के लोग काफी समय से उसका उत्पीडन कर रहे है और उसका बेटा भी उससे छीन रखा है। महिला मानसिक रूप से परेशान है पुलिस ने पीड़िता व उसकी बहन के बयान दर्ज किए और कार्यवाही का आश्वासन दिया।

# विश्वकर्मा पूजा दिवस महोत्सव पर हुए अनेक कार्यक्रम

## यज्ञ हवन में शामिल हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, नगर में निकाली गई भव्य रथ यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सृष्टि रचयिता, शिल्पकार, सृष्टि के निर्माता, दिव्य वास्तुकार भगवान विश्वकर्मा की पूजा के पावन पर्व पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने विश्वकर्मा चौक पर पहुंचकर भगवान विश्वकर्मा जी के चरणों में नमन किया और समाज के गणमान्य व्यक्तियो द्वारा अध्यक्ष पटका और भगवान विश्वकर्मा जी का प्रतीक चिन्ह भेंट कर भव्य स्वागत किया।

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि यह पर्व हमें मेहनत, कौशल, ईमानदारी और समर्पण से समाज, उद्योग और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने की प्रेरणा देता है। इस मौके पर मुख्य रूप से विधायक मिथलेश पाल, डॉ सुधीर सैनी जिला अध्यक्ष भाजपा, सूर्यप्रकाश पाल जिला प्रभारी, डॉ वीरपाल निर्वाल जिला पंचायत अध्यक्ष, उमेश मलिक, सपना कश्यप महिला आयोग की सदस्य, पूर्व सांसद राजपाल सैनी के पुत्र शिवांग सैनी, सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष प्रमोद त्यागी, सपा नेता राकेश शर्मा, जिले के समस्त सम्मानित लोगों विश्वकर्मा चौक पर पहुंचकर नमन किया स्वागत में मुख्य रूप से जगदीश पांचाल पूर्व सदस्य राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग, मनोज पांचाल विश्वकर्मा जिला महामंत्री पिछड़ा वर्ग मोर्चा, लोकेश पांचाल, अशोक धीमान, नरेश विश्वकर्मा, शेरपाल पांचाल, अश्मित पांचाल, प्रमोद धीमान, संजय धीमान उमेश धीमान, पवन पांचाल, नरेश पांचाल, विश्वकर्मा के सभी सम्मानित लोगों ने अध्यक्ष का भव्य स्वागत किया।

विश्वकर्मा चौक समिति ट्रस्ट ने इससे पूर्व यहां यज्ञ हवन किया जिसके मुख्य प्रोहित सत्यदेव विश्वकर्मा व यजमान पंकज पांचाल रहे। बाद में यहां से नगर में भव्य शोभायात्रा भी निकाली गई जिसमें बाबूराम पांचाल, गुरूदत्त आार्य, वेदप्रकाश धीमान, नरेश विश्वकर्मा, भार्गव, देशपाल पांचाल, विकास पांचाल, सरदार बलविंदर सिंह आदि मुख्य रूप से शामिल रहे। विश्वकर्मा रामपुरी में रामवीर पांचाल व अमित धीमान आदि ने पंडित अरविंद धीमान के मार्गदर्शन में यज्ञ संम्पन्न कराया। पालिका अध्यक्ष के पुत्र कार्तिक स्वरूप शामिल हुए। डॉक्टर रविदत्त धीमान, देशपाल पांचाल, मंदिर सभा के अध्यक्ष मुकेश धीमान आदि ने सुरेश धीमान की पौत्री कुमारी आराध्या धीमान को श्रीलंका में गोल्ड मेडल जितने पर सम्मानित किया। यहा पर बाबूराम पांचाल, जनार्धन विश्वकर्मा, सभासद रजत धीमान, जनादरदन धीमान, देशपाल पांचाल, योगेन्द्र धीमान, सभासद रजत धीमान, अक्षम धीमान, यक्ष धीमान, गौरव पांचाल, प्रवीण धीमान, नरेश पांचाल, मनीष पांचाल आदि लोग शामिल रहे। फैक्ट्रियों और औद्योगिक प्रतिष्ठाानों में भी भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना की गई।



मुजफ्फरनगर: जिला अस्पताल में पर्ची बनवाने की कतार में लगी महिलाएं।

# भांजे की हत्या के आरोप में दो नाबालिग पहुंचे जेल

**चार दिन साथ रहकर विश्वास जमाकर कर दी वारदात**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नगर कोतवाली पुलिस ने भांजे की हत्या व बहन पर कातिलाना हमले के आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिए है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों ने अपना गुनहा कबूलते हुए बताया कि उनकी बहन ने ताऊ के बेटे से उनकी बिना मर्जी से शादी की थी इसीलिए परिवार उससे रंजिश रखने लगा था। पुलिस का कहना है कि पूछताछ के दौरान नाबालिग भाईयों ने बताया कि उन्हे समाज से ताने मिल रहे है और उसकी बहन ने शादी के बाद उससे छिपकर रहने लगी थी। वह अपनी बहन को तलाश रहे थे चार-पांच दिन पूर्व ही उन्हे मालूम हुआ था कि उनकी बहन छोटी प्रेमपुरी में किराये के मकान में रह रही है और उसका पति भी बागपत जेल में बंद है। पुलिस को यह भी बताया गया कि दोनो भाई विश्वास जमाने के लिए चार-पांच दिन अपनी बहन के साथ रहे और जब पूरा विश्वास जीत लिया तो 15/16 सितम्बर की रात दो बजे उन्होने मारपीट शुरू कर दी थी। छोटी ने भागने का प्रयास किया तो छिना झपटी में बच्चे के गले पर हाथ पड गया और मुंह भीच जाने के कारण उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस का कहना है कि दोनो आरोपियों को शामली बस स्टैण्ड से गिरफ्तार किया गया।



मुजफ्फरनगर: विश्वकर्मा पूजा दिवस पर यज्ञ हवन करते अनुयायी।

# मौसम बदलने से अस्पताल में मरीजों की बढ़ी भीड़

## वायरल, डायरिया के 300 से 400 मरीज आ रहे हैं ओपीडी

**सलाउद्दीन अब्बासी**

**मुजफ्फरनगर।** मौसम परिवर्तन के कारण जिला अस्पताल में मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। पिछले कुछ दिनों से ओपीडी में आने वाले मरीजों की भी संख्या में बढ़ोत्तरी हो रही है। हाल में अस्पताल में बुखार, डायरिया व आंखों की बीमारी वायरल (कंजेक्टिवाईटिस) के मरीज बढ़ रहे है। इस दौरान ओपीडी में 300 से 400 तक मरीजों की संख्या बढ़ रही है। जिससे अस्पताल के बेड पर दो नहीं तीन-तीन मरीजों का एक साथ इलाज किया जा रहा है। जैसे-जैसे मौसम में बदलाव हो रहा है वैस-वैसे वायरल बुखार, डायरिया व अन्य बुखार जैसी बीमारियां जन्म ले रही है। इसका एक कारण यह भी है कभी बारिश, कभी धूप और अचानक छाव होने के कारण बीमारियां फैल रही है। इसकी चपेट में महिला व बुजुर्ग के साथ बच्चे भी ऐसी बीमारियों की चपेट में आ रहे है। इस बीमारी में सबसे ज्यादा वृद्ध प्रभावित हो रहे है अस्पताल में हर रोज देखा जा सकता है कि खांसी जुकाम, गले में खरास व सांस फुलने वाले मरीजों की लम्बी कतारे लग रही है। इतना ही नहीं सांस के मरीजों को आए दिन ईमरजेंसी में ऑक्सीजन की जरूरत पड़ रही है। मौसम बदलने के कारण उल्टी दस्त, ऐलर्जी के मरीजों की ओपीडी में लम्बी भीड़ लग रही है। **ओपीडी में लम्बी कतारे:** इन दिनों मरीजों की बढ़ती संख्या से अस्पताल का स्टाफ जिनमें डॉक्टर व पैरामेडिकल स्टाफ पर दिनों दिन काम का दबाव है। इसी के चलते मरीजों को जांच व इलाज के लिए काफी-काफी समय लग रहा है। मरीज अपनी बारी आने को लेकर ओपीडी के बाहर लम्बी कतारों में घंटो-घंटो तक लगा रहता है, हालांकि यहां दवाईयों की कोई कमी नहीं है।

**डॉक्टर योगेन्द्र तिरखा** का कहना है कि बदलते मौसम से बढ़ती बीमारियों को लेकर बीमार व तीमारदार खाद्य पदार्थ का ध्यान रखे और साफ-सफाई की व्यवस्था भी दुरूस्त होनी चाहिए। उन्होने बाहरी चीजों का सेवन न करने की सलाह दी है।

## आंखों की बीमारी कंजंक्टिवाइटिस भी फैली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नेत्र विशेषज्ञ डॉक्टर विक्रम सिंह से जब आंखो के मरीजों के संबंध में बात की गई तो उन्होने बताया कि इन दिनों कंजंक्टिवाइटिस, वायरल कंजंक्टिवाइटिस, बैक्टीरियल, कंजंक्टिवाइटिस की बीमारी के मरीज अधिकतक अस्पताल में आ रहे है। उन्होने इस बीमारी की पहचान आंखों में लाल पन, जलन, आंखों पर सूजन आना, खुजली आना, बार-बार आंखो से पानी बहना, पलक का लाल पन, रिसाव है ऐसे में नाक संबंधी बीमारी का भी आना कोई नई बात नहीं है। इस बीमारी में छींकना,



नाक बहना, और आखों की रोशनी में परेशानी होना है। उन्होने बताया कि ऐसे मरीज का तोलिया व रूमाल इस्तेमाल न करे और आंखों की यह बीमारी दूसरे व्यक्ति को भी लग सकती है। डॉक्टरों ने सलाह दी है कि ऐसे मरीज कांटेक्ट लेस बिल्कुल न पहने।

# शातिर चोर पुलिस के शिकंजे में

**तीन स्थानों पर हुई चोरी का खुलासा, सामान बरामद**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि 30 जून को बरला बसेडा मार्ग स्थित पीएनबी ग्राहक सेवा केन्द्र से अज्ञात बदमाशों ने गल्ला चोरी की घटना की थी। और सात जुलाई को बदमाशों ने रामपुरी तिराहे पर दुकान से हजारों की नगदी व इंवेटर-बेट्रा चोरी किया था उन्होने बताया कि कस्बा छपार में बारह जुलाई को बदमाशों ने स्कूटी पर रखी चालिस हजार की नगदी व सिगरेट चोरी की थी जिसका मुकदमा दर्ज किया था पुलिस ने इस मामले में रेई जाने



वाले रास्ते से हसीन पुत्र वकील निवासी शाहपुर, भगवानपुर व नवाब पुत्र हनीफ, शहबाज उर्फ काला पुत्र रशीद तथा इरशाद पुत्र वकील निवासी पुरकाजी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने इनके कब्जे से चोरी की स्पलेण्डर व अन्य कीमती सामान बरामद किया है।

# पीएम मोदी के जन्मदिवस पर भूपेन्द्र चौधरी ने किया सेवा पखवाड़े का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन जिला महिला चिकित्सालय में सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर जिले में रक्तदान शिविर का आयोजन जिला महिला चिकित्सालय, मुजफ्फरनगर में किया गया, जिसका शुभारम्भ।

सदस्य विधान परिषद पूर्व मंत्री उ0प्र0 प्रदेश सरकार प्रदेश अध्यक्ष, भाजपा, मा0 भूपेन्द्र सिंह चौधरी द्वारा किया गया इसके साथ ही सभी विशेषज्ञ चकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य शि. विर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भाषण का लाइव प्रसारण मसदस्य विधान परिषद पूर्व मंत्री उ0प्र0 प्रदेश सरकार प्रदेश अध्यक्ष, भाजपा भूपेन्द्र सिंह चौधरी, पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ संजीव बालियान, जिला अध्यक्ष सुधीर सैनी, प्रभारी मंत्री सूर्यप्रकाश पाल, जिला पंचायत अध्यक्ष वीरपाल निर्वाल, पूर्व विधायक उमेश मलिक, पूर्व विधायक प्रमोद ऊँटवाल, पूर्व विधायक अशोक कंसल, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष सुभाष चंद शर्मा, महिला आयोग सदस्य सपना कश्यप, पूर्व जिला अध्यक्ष विजय शुक्ला, ब्लॉक प्रमुख गौरव, अमित चौधरी, अनिल प्रमुख, मंडल अध्यक्ष, पूर्व राज्य महिला आयोग की सदस्य गीता जैन, नंदकिशोर पाल, प्रवीण खेरा, अमित शर्मा, विशाल गर्ग, सभासद विजेंद्र पाल, बबिता गुप्ता, सुनील दर्शन, श्रीमोहन तायल, पुनीत वशिष्ठ, कमलकांत शर्मा, देशबंधु तोमर, आदि के द्वारा सभी अतिथियों के द्वारा सुना गया। इसके उपरान्त सदस्य विधान परिषद पूर्व मंत्री उ0प्र0 प्रदेश सरकार प्रदेश अध्यक्ष, भाजपा भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री का जीवन सेवा, समर्पण और राष्ट्र निर्माण का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि महिलाओं का स्वास्थ्य ही परिवार और समाज की प्रगति का आधार है। उन्होंने सभी नागरिकों, विशेष रूप से महिलाओं से अपील की कि वे स्वास्थ्य शिविरों में भाग लें, रक्तदान करें और स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाकर स्वयं और अपने परिवार को स्वस्थ एवं सशक्त बनाएं। इसके उपरान्त सदस्य विधान परिषद पूर्व मंत्री उ0प्र0 प्रदेश सरकार प्रदेश अध्यक्ष, भाजपा भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने सेवा पखवाडा अभियान के अन्तर्गत, स्वच्छता अभियान में अहिल्याबाई चौक पर श्रम-दान कर स्वच्छता का संदेश दिया। इस दौरान सभी भाजपा नेता, अधिकारी और कर्मचारी भी मौजूद रहे। बाद में प्रदेश अध्यक्ष भाजपा नेता अभिषेक चौधरी के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में भी शामिल हुए। उन्होंने भाजपा कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में भी कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया।



# भाकियू को खल रही फुगाना सीओ की गैर हाजिरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** तहसील बुढ़ाना परिसर में विगत वर्षों लाखों रुपयों की कीमत से बनाए गये फुगाना सीओ का आफिस धूल फांक रहा है। फुगाना थाना क्षेत्र के आसपास के कई गांवों के फरियादी सीओ के नही मिलने पर धक्के खा रहे हैं क्योंकि फुगाना पुलिस पीड़ितों को सुनने को तैयार नहीं तो ऐसे में पीड़ित नजदीकी उच्च अधिकारी के पास तो जाएगा ही लेकिन जब यहां पर सीओ ही नहीं बैठ रही तो अब फरियादी किसके पास जाए इसी समस्या को बहुत ही गंभीरता से लेते हुए भाकियू कार्यकर्ताओं ने बुधवार को भाकियू जिला उपाध्यक्ष अनुज बालियान के नेतृत्व में फुगाना सीओ के बंद पड़े कार्यालय के बाहर प्रदर्शन कर चेतावनी दी कि अगर यहां पर सीओ नहीं बैठी तो वे इसके लिए बड़ा आंदोलन करेंगे। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना तहसील परिसर में स्थित फुगाना सीओ के कार्यालय में अधिकारी की लगातार अनुपस्थिति को लेकर भारतीय किसान यूनियन ने अपनी नाराजगी जाहिर की है। भाकियू जिला उपाध्यक्ष अनुज बालियान और तहसील अध्यक्ष संजीव पंवार ने बताया कि सीओ फुगाना अब तितावी में स्थित आफिस में अपनी सेवाएं दे रही हैं।

जिस कारण क्षेत्र के किसानों को अपने महत्वपूर्ण कार्यों को निपटाने में भारी असुविधा उठानी पड रही है। अधिकारी के अपने निर्धारित आफिस में न बैठने से उन्हें छोटे कामों के लिए भी भटकना पड़ रहा है। जिससे उनका समय व धन बर्बाद हो रहे हैं। इस मुद्दे पर भाकियू नेताओं ने बंद फुगाना सीओ आफिस के बाहर प्रदर्शन किया। उन्होंने सरकार व पुलिस के विरु) नारेबाजी की और अपनी मांगों को तुरंत पूरा करने की बात कही। भाकियू नेताओं ने चेता. वनी दी कि यदि सीओ फुगाना शीघ्र बुढ़ाना में बैठकर किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं करती तो भाकियू बडा आंदोलन करेगी।

# प्रधानमंत्री का जन्मदिन मनाया गया

**मीरापुर।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने श्रीसि) पीठ पंचमुखी महादेव मंदिर परिसर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन सेवा सप्ताह के रूप में मनाकर स्वच्छता व सेवा का संकल्प लिया। यह सेवा पखवाड़ा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलेगा। मंडल प्रभारी नजर सिंह गुर्जर ने कहा कि देश को स्वच्छ और स्वस्थ रखना हर भारतीय का कर्तव्य है। मंडल अध्यक्ष अनुराग पवार ने कहा कि महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती तक चलेगा। इस अवसर पर मंडल महामंत्री रवि शर्मा, रोहित सैनी, मंडल उपाध्यक्ष रणधीर, वरिष्ठ कार्यकर्ता इंदर पाल, मनोज काकरान, हरेंद्र, विनय सैनी, हिमांशु, संजय कंबोज, निखिल कुमार सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## चीनी मिल मोरना में हुई भगवान विश्वकर्मा की पूजा

**मोरना।** दि गंगा किसान सहकारी चीनी मिल्स मोरना मे आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा किसान मोर्चा क्षेत्रीय मंत्री अमित राठी ने कहा की भगवान विश्वकर्मा का स्मरण कर मिल के सुचारु रूप से चलने व कर्मचारियों की कुशलता के लिए तथा भगवान विश्वकर्मा की कृपा से सभी कार्य सकुशल सम्पन्न हों इसके लिए प्रार्थना की गयी है। हवन यज्ञ में मुख्य रूप से राजीव डायरेक्टर, दिनेश राठी, संदीप अलीपुरा, बिन्नू राठी, वेदवीर सिंह, मोहित प्रधान, पुनित खोकर, तरुण पंवार, सोएब सहित सैकड़ों कर्मचारियों ने भाग लिया।

## अंतरराष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक नवाचारों का प्रदर्शन

**खतौली।** श्री कुन्दकुन्द जैन इंटर कॉलेज, खतौली के भारतीय मानक क्लब के सदस्यों ने देहरादून शाखा के तत्वावधान में भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित अंतरराष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक प्रदर्शनी का शैक्षिक भ्रमण किया। इस दौरान छात्रों ने देश-विदेश की कंपनियों द्वारा प्रस्तुत एआई तकनीकी, इलेक्ट्रॉनिक वाहनों और नवाचारों का विस्तृत अवलोकन किया। प्रधानाचार्य अनुराग जैन ने कहा कि भारतीय मानक ब्यूरो की यह एक्सपोजर विजिट छात्रों के तकनीकी विकास, स्किल इंडिया मिशन और नए स्टार्टअप्स के लिए बेहद उपयोगी है। मेंटर राजकुमार जैन और मदन गोपाल के नेतृत्व में यह यात्रा संपन्न हुई।

## जहाँ मोहब्बत की शमा जले वहाँ उजाला ही उजाला है।

**खतौली।** उस्ताद सुनहरामल सैद और सलीम खतौलवी की याद में आयोजित इस मुशायरे में देशभर के नामचीन शायरों ने अपने कलाम से श्रोताओं को देर रात तक मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्य अतिथि के रूप में ललेश बिष्ठुड़ी उपस्थित रहे, जबकि उद्घाटन क़ाज़ी नबील अहमद ने किया। शमा रोशन का कार्य उद्योगपति हसन अली ने किया। मुशायरे में शायरों ने अपने बेहतरीन कलाम से वातावरण को जीवंत कर दिया। **बिलाल सहारनपुरी** का शेर रहा क़ु.मकानों से नहीं होती मोहब्बत की तामीर, दिलों में घर बसाना भी ज़रूरी होता है। **हिमांशी बाबरा** ने नारी सशक्तिकरण पर नज़्म पढ़ी क़ु.औरत हूँ, तो क्या मेरी परछाई नहीं होगी,मैं भी तो इस जहाँ में सच्चाई लिए हूँ। **अब्बार कासिफ** ने कहा क़ु.जहाँ नफ़रत के दरिया बहा करते हैं,वहाँ मोहब्बत का दरिया तलाश करता हूँ। **खुर्शीद हैदर** का शेर क़ुधड़कनें भी आज भी वो लम्हा ज़िंदा है, जो तेरे साथ गुज़रा था वही रिश्ता ज़िंदा है।

इस्माइल नज़र, अल्ताफ ज़िया, आदिल राशिद, हाशिम नोमानी, निखत अमरोहाही, सिकंदर गड़बड़, अमजद खान, नदीम अनवर, सज्जाद झंझट सहित अन्य शायरों ने भी अपने उत्कृष्ट कलाम से महफ़िल को यादगार बना दिया।। कार्यक्रम के सफल संचालन में कन्वीनर सोनू फरीदी, असद खान शालू, दानिश मुल्तानी का विशेष योगदान रहा। एडवाइजर परवेज़ गाज़ी की मेहनत की सराहना की गई। कोऑर्डिनेटर फेमस खतौलवी तथा निज़ामत नदीम फर्रुख ने आयोजन को बेहतरीन ढंग से संपन्न कराया। कार्यक्रम में रालोद नेता तासीर हसन को विशेष सम्मान देकर गौरवान्वित किया गया। मुशायरे में उमड़ा जनसमूह खतौली की गंगा-जमुनी संस्कृति का परिचायक बना। उपस्थित श्रोता बार-बार तालियों और वाह-वाह से शायरों का उत्साह बढ़ाते रहे। यह आयोजन खतौली की सांस्कृतिक पहचान को और अधिक मजबूत करने वाला सिद्ध हुआ।

## अखिलेश यादव को उनकी मां का चित्र किया भेंट

**बुढ़ाना।** समाजवादी पार्टी लखनऊ कार्यालय पर यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री व सपा सुप्रीमों अखिलेश यादव को समाजवादी पार्टी शिक्षक सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष सत्येंद्र पाल द्वारा बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र से गत दिनों अखिलेश यादव की माताजी स्व. मालती देवी की तस्वीर फ्रेम में जड़वाकर भेजी गयी थी। जिसे बुधवार को समाजवादी पार्टी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष रविन्द्र प्रधान जोगी ने अपने कर कमलों द्वारा लखनऊ में स्थित समाजवादी पार्टी के कार्यालय में आए अखिलेश यादव को भेंट की। जिसे उन्होंने स्वीकार किया रविंद्र प्रधान ने वेस्टर्न यूपी मिशन 2027 में सपा की सरकार बनाने के सुझाव सपा सुप्रीमो से साझा किये। यहां सपा नेता शेर सिंह राणा पूर्व प्रमुख थानाभवन, लक्ष्मीचंद कश्यप पूर्व ग्राम प्रधान व राजेश कश्यप आदि मौजूद थे।

# खतौली में व्यापारी पर नकाबपोशों का जानलेवा हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** नगर की रुद्रा इलेक्ट्रिक स्कूटर की दुकान पर व्यापारी अंशुल बालियान पर नकाबपोश बदमाशों ने जानलेवा हमला कर दिया। व्यापारी ने किसी तरह दुकान से बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। घटना के बाद आरोपियों ने उन्हें देख लेने की धमकी दी और मौके से फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

अंशुल बालियान पुत्र सुभाष बालियान, मूल निवासी ग्राम शौरो ढ़धाना शाहपुरक़, वर्तमान में खतौली में इलेक्ट्रिक स्कूटर की दुकान संचालित कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि 14 सितंबर की शाम लगभग 6 बजे वे दुकान में कैश आदि व्यवस्थित कर रहे थे, तभी पूर्व ग्राहक दीपक अपने कुछ नकाबपोश साथियों के साथ दुकान में घुस आया और अचानक उन पर हमला कर दिया।

आरोप है कि हमलावरों ने उन्हें जान से मारने का प्रयास किया। घटना से व्यापारी और अन्य व्यापारियों में डर का माहौल है। अंशुल ने थाने में नामजद तहरीर दी है, जिसमें दीपक और रोहित पर मारपीट और जानलेवा हमला करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# श्रीराम लीला मंडल के 159वें सत्र का गणेश वंदना के साथ शुभारम्भ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर।** श्रीराम लीला मंडल के 159वें सत्र का शुभारम्भ मेरठ के उद्योगपति नीरज जैन ने भगवान गणेश की पूजा अर्चना के बाद फीता काटकर किया। इस मौके पर बडी संख्या में रामलीला मंडल के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सैकडो वर्षो से होने वाली स्थानीय कलाकारो द्वारा रामलीला का शुभारम्भ श्रीराम लीला मंडल के तत्वाधान में रामलीला बाजार में प्रारम्भ किया गया।

रामलीला का शुभारम्भ मेरठ के उद्योगपति नीरज जैन ने भगवान गणेश की पूजा अर्चना व आरती वैदिक मंत्रो के साथ फीता काटकर किया। धार्मिक अनुष्ठान करा रहे पं. अनुराग शास्त्री ने कहा कि भगवान राम अपने प्रभाव व स्वभाव के कारण विश्व के लोगो के हृदय में निवास करते हैं। भगवान राम का नाम सभी संतापो का हरने की ताकत रखता है। भगवान राम की लीलाओं को देखकर मानव के मन में प्रेम व भक्ति का बीज अंकुरित होता है जिसके चलते मानव अच्छे कार्यो की ओर अग्रसर हो जाता है। इस मौके पर श्रीराम लीला मंडल ने वयोवृद्ध समाजसे. विका निर्मला रस्तोगी को मंच पर बुलाकर पटका पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। मंडल के समर्पित कार्यकर्ताओं व दानदाताओं तथा मीडियाकर्मियों को शाल व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन भाजपा नैत्री अनीता वत्स ने किया। मंडल के अध्यक्ष पंकज कुमार संगल ने बताया कि कस्बे में रामलीला का मंचन स्थानीय कलाकारो द्वारा किया जाता है जो जनपद में अपना विशिष्ट स्थान रखता है।

रामलीला का मंचन 2 अक्टूबर तक किया जायेगा। इस मौके पर घनश्याम दास अग्रवाल, पंकज संगल, मोहन लाल संगल, आशु संगल, तेजपाल वर्मा, राजेन्द्र रस्तौगी, पूर्व चेयरमैन नवीन सैनी, पनीत रस्तौगी, रमन रस्तोगी, विनय कांत, कमलेश भारद्वाज, उमेश शर्मा, डा. गौरव वत्स, मुकेश संगल, अश्विनी गोयल, मोहित गुप्ता, निर्मला, समीर कौशिक, शशिकांत रस्तौगी आदि बडी संख्या मे नगरवासी मौजूद रहे।

# किसानों की समस्याओं को लेकर किसान दिवस में गरजे गुरमेल बाजवा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** आज अपर जिलाधिकारी प्रशासन संजय कुमार सिंह व पुलिस अधीक्षक नगर सत्यनारायण प्रजापत द्वारा पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारीगण के साथ किसान दिवस के अवसर पर चौधरी चरण सिंह सभागार में किसानों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना गया। किसानों ने सिंचाई, खाद-बीज की उपलब्धता, भूमि संबंधी विवाद, राजस्व प्रकरण, फसल सुरक्षा तथा आपसी विवादों के समाधान से जुड़ी अपनी समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराया। पुलिस अधीक्षक नगर ने सम्बन्धित को यह भी निर्देशित किया कि भूमि विवाद एवं फसल कटाई के समय उत्पन्न होने वाले विवादों के प्रकरणों में थाना प्रभारियों द्वारा विशेष सतर्कता बरती जाए तथा ग्राम स्तर पर राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों की संयुक्त टीम द्वारा समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाए।

भारतीय किसान यूनियन टिकैत के मंडल उपाध्यक्ष गुरमेल बाजवा ने अधिकारियों से दर्जनों समस्या रखी जिसमे सोनाली नदी में आए पानी की वजह से फसलों के नुकसान का सर्वे करा कर जल्द से जल्द किसानों को मुआवजा दिलाया जाए। किसान नेता ने बताया कि शेरपुर से उत्तराखंड मे जाने वाली 26 ग्रामों को जोड़ने वाली सड़क बाढ़ के पानी से टूट गई है गन्ने का सीजन चलने वाला है जिस कारण किसानों को और स्कूल में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं को स्कूल जाने में कठिनाइयों से सामना करना पड़ेगा इसलिए सड़क को चौड़ीकरण कर जल्द से जल्द ठीक कराया जाए। गुरमेल बाजवा ने बताया कि देहात के बाढ़ ग्रस्त इलाकों में बुखार की समस्या बनी हुई है और डॉक्टर द्वारा टेस्ट कराने के बाद ही दवाई दी जा रही है जिस कारण लैब वाले मनमर्जी पैसे ले रहे हैं (उन्होंने बताया कि 200 वाला टेस्ट के 350 रुपए और 500 वाले टेस्ट के 750 रुपए लिए जा रहे हैं। किसान नेता ने बताया कि बढ़िवाला सोनाली नदी के लोहे के पुल को जल्द से जल्द हटाया जाए क्योंकि पीछे से पानी में कबाड़ आने के कारण वहा पानी की सही तरीके से निकासी नहीं हो रही है जिस कारण फसलों को और ज्यादा नुकसान पहुंच रहा है।

# ध्रुव, प्रहलाद और श्रीकृष्ण जन्म की अमृतमयी कथा से भाव विभोर हुए श्रद्धालु

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** मुबारिकपुर तिगाई में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन का आयोजन बुधवार को अत्यंत ही भावपूर्ण और मनमोहक वातावरण में संपन्न हुआ।

कथा व्यास आचार्य श्री कुलदीप कृष्ण जी महाराज ने ध्रुव चरित्र, प्रहलाद प्रसंग, कर्दम शतरूपा कथा तथा श्रीकृष्ण जन्म के दिव्य प्रसंगों का रसपूर्ण वर्णन कर श्रद्धालुओं को भक्ति में डुबो दिया।

आचार्य श्री ने ध्रुव की कथा सुनाते हुए बताया कि बालक ध्रुव ने अपमान सहकर छोटी उम्र में कठोर तप किया और भगवान की असीम कृपा से उन्हें ध्रुवपद की प्राप्ति हुई। यह प्रसंग भक्तिभाव, धैर्य और निष्ठा का अद्वितीय उदाहरण है। प्रहलाद प्रसंग सुनाते हुए आचार्य ने कहा कि असुर कुल में जन्म लेने के बावजूद प्रहलाद ने हर परिस्थिति में भगवान विष्णु का भजन किया। हिरण्यकश्यपु द्वारा दी गई यातनाओं के बीच भी उनकी भक्ति अडिग रही। अंततः भगवान नृसिंह प्रकट होकर उनकी रक्षा करते हैं, जिससे भक्तिभाव की महानता उजागर होती है।

कथा में कर्दम ऋषि और शतरूपा (स्वायंभुव मनु की पुत्री देवहूति) का वर्णन भी किया गया।

पति की सेवा व्रतपूर्वक करने से उन्हें नौ कन्याएँ तथा भगवान कपिल देव पुत्र रूप में प्राप्त हुए। कपिल देव ने आगे चलकर सांख्य योग का उपदेश देकर मानवता को मोक्ष का मार्ग दिखाया। कथा का सबसे हर्षोल्लासपूर्ण क्षण तब आया जब देवकी-वासुदेव के कारागार में भगवान श्रीकृष्ण के जन्म का प्रसंग सुनाया गया। आधी रात को जैसे ही भगवान अवतरित हुए, कथा स्थल हर्ष के उल्लास और श्रद्धा के आनंद भयों की जयकारों और घंटियों की गूंज से भर उठा। श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूमते-नाचते नजर आए। कथा के दौरान जीवंत झांकियों ने इन दिव्य प्रसंगों को और भी प्रभावशाली बना दिया। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की झांकी में माता देवकी, वासुदेव और बालक कृष्ण के दर्शन कर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। पूरा पंडाल आनंदमय और भक्तिरस से सराबोर दिखाई दिया। कथा में गांव व आसपास से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। प्रमुख रूप से अक्षय चौधरी, इन्दु भूषण वर्मा, देवांश कुमार, मनीष कुमार, यशपाल सिंह, कमलेश देवी, पूजा देवी, इंदिरा देवी, अनीता देवी, उषा देवी सहित कई श्रद्धालु मौजूद रहे। आचार्य श्री के प्रवचन और दिव्य झांकियों ने कथा स्थल को आध्यात्मिक आनंद का केंद्र बना दिया। श्रद्धालु भगवान के प्राकट्य का स्वागत कर भक्ति में लीन रहे।



## नगर पंचायत ने किया लोक मेले का आयोजन

**बुढ़ाना।** शासन के आदेशानुसार बुढ़ाना में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 की प्रथम वर्षगांठ के उपलक्ष्य पर अंगीकार 2025 तथा पीएम स्व: निधि में लोक कल्याण मेले का आयोजन आज बुधवार के दिन से शुरु होकर आगामी 2 अक्टूबर तक चलेगा। जिसमें योजना की जन जागरूकता बढ़ाने के लिए नगर पंचायत बुढ़ाना में हेल्प डेस्क स्थापित की गई है।

जिसका उद्देश्य अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों का चयन कर उक्त योजना के साथ अन्य योजना जैसे पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, उज्ज्वला योजना और प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना से लाभान्वित किया जायेगा। पंजीकरण शिविर का आयोजन नगर पंचायत बुढ़ाना की ओर से किया गया है। यह जानकारी नगर पंचायत बुढ़ाना के अधिशासी अधिक. री आलोक रंजन यादव के द्वारा दी गयी है।

# शाहपुर में लगाया आयुष चिकित्सा शिविर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहपुर।** क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉक्टर ईसमपाल के दिशा निर्देशन में राष्ट्रीय पोषण माह व पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान ( सितम्बर - 2 अक्टूबर 2025 का शुभारम्भ आयुष विभाग द्वारा सीएचसी शाहपुर पर किया गया और आयुष चिकित्सा स्वास्थ्य शि. विर आयोजित किया।

शिविर में डॉ. अर्जुन सिंह व डॉ. अरविंद कुमार द्वारा परामर्श व चिकित्सा दी गई, शिविर महिलाओं व बच्चों के स्वास्थ्य सुरक्षा पर केंद्रित है।

प्रसवपूर्व देखभाल, उचित पोषण और नियमित स्वास्थ्य जांच को प्राथमिकता दें। एक स्वस्थ भविष्य के लिए प्रतिज्ञा लें कृस्तु. लित, स्वस्थ भोजन करें, सक्रिय रहें और जागरूकता फैलाएं। दिनचर्या ऋतुचर्या एवं आहार बिहार के विषय में विस्तुत जानकारी दी गई, व नगरवासियों के स्वास्थ्य का परीक्षण कर निःशुल्क औषधियां वितरित की गईं। कुल लाभार्थियों की संख्या 240 रही।



# पागल आवारा कुत्ते ने 6 लोगों को काट खाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** एक पागल आवारा कुत्ते ने कुछ ही देर में 06 लोगों को काट खाया। जिनमें एक बच्ची को गंभीर हालत में हायर सेंटर के लिए रैफर कर दिया गया। उधर नगर पंचायत बुढ़ाना की चौयरपर्सन ने नगर पंचायत कर्मचारियों को मौके पर भेजकर पागल कुत्ते को जंगल में छुड़वा दिया। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कस्बे की नई बस्ती में बुधवार की सुबह कहीं से एक आवारा कुत्ता घुमता हुआ आ गया जो कि पागल था। तब उसने मौका पाकर इसी मौहल्ले की 50 वर्षीया महिला नसीमा, 25 वर्षीय इसरार, 10 वर्षीय आहिल और रिदा पुत्री आरिफ और 08 वर्षीया मिस्बाह को काट खाया। इस दौरान हड़कंप मच गया और सभी घायलों को एक एक करके सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना में भेजा गया जहां सबको रेबीज के इंजेक्शन लगाकर घर भेजा गया जबकि मिस्बाह को गंभीर हालत में हायर सेंटर रैफर किया गया।ए एक अन्य बच्ची को भी कुत्ते द्वारा काटा गया है जिसका नाम पता नहीं लग पाया था। पागल कुत्ते की सूचना लोगों ने चौयरपर्सन उमा त्यागी को दी तो उन्होंने मौके पर नगर पंचायतकर्मियों को भेजा। जिन्होंने बड़ी मुश्किल से पागल कुत्ते को पकड़कर दूर जंगल में छोड़ दिया। उधर लोगों ने चेयरपर्सन प्रतिनिधि सुबोध त्यागी का आभार जताया है।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा कार्यकर्ताओं को एक अलग पहचान दी



**पुरकाजी।** कस्बे मे युपी रत्न डाक्टर संदीप वर्मा ने भारत के लगातार तीसरी बार बने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा की भारत के लगातार तीसरी बार बने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आज 75 वर्ष पूरे होने पर हम ईश्वर से उनकी दीर्घायु की कामना करते हैं। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी द्वारा भाजपा कार्यकर्ताओं को एक अलग पहचान दी है उनके द्वारा सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास के नारे के साथ पूरे भारतवर्ष में काम किया जा रहा है जन्मदिन के अवसर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पुरकाजी व फलौदा सीएससी पर स्वच्छता अभियान चलाया तथा मरीजों को फल वितरण किया। इस मौके पर चिकित्सा प्रभारी सुमित चौधरी विपिन गोयल मुकेश त्यागी पप्पू धीमान हरीश त्यागी डॉक्टर मनीष वर्मा फार्मासिस्ट अजय सक्सेना आरिफ आदि मौजूद रहे।

## सूचना

मेरे पुत्र **PARTH GOEL** के जन्म प्रमाण पत्र संख्या 1506 (जारी करने के दिनांक 11/02/2014) उक्त में त्रुटिवश पिता के रूप में मेरा नाम **अमित कुमार गोयल** हो गया है जबकि मेरे सभी अभिलेखों में मेरा नाम **अमित गोयल (AMIT GOEL)** अंकित है तथा भविष्य में भी मुझे इसी नाम से जाना जाएगा। नाम शुद्धीकरण हेतु शपथ पत्र संबंधित विभाग में प्रस्तुत किया गया है।

**अमित गोयल पुत्र हरीश चंद गोयल**, निवासी- 148, मेन रोड, आदर्श कॉलोनी, मुजफ्फरनगर, मो. 9837475537.

# ताराचंद वैदिक कॉलेज में साइबर क्राइम सुरक्षा पर कार्यशाला सम्पन्न

**मुजफ्फरनगर।** ताराचंद वैदिक पुत्री डिग्री कॉलेज में साइबर क्राइम सुरक्षा पर एक महत्वपूर्ण कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें प्रभारी निरीक्षक साइबर क्राइम सुल्तान सिंह, उपनिरीक्षक गौरव चौहान हेड कांस्टेबल मीनाक्षी द्वारा साइबर क्राइम के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई, इसकी रोकथाम के तरीकों पर विचार-विमर्श किया गया एवं साइबर क्राइम से बचाव के तरीके बताए। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. संगीता चौधरी ने किया। कार्यशाला में साइबर क्राइम के बढ़ते खतरों पर प्रकाश डाला गया और इसके प्रति जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया गया।

प्रभारी निरीक्षक साइबर क्राइम सुल्तान सिंह ने साइबर क्राइम के विभिन्न प्रकारों, जैसे कि हैकिंग, फिशिंग और ऑनलाइन धोखाधड़ी, के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यशाला के दौरान उप निरीक्षक गौरव चौहान ने प्रतिभागियों को साइबर क्राइम से रोकथाम के तरीकों के बारे में भी जानकारी दी, जैसे मजबूत पासवर्ड का उपयोग करना, ऑनलाइन सुरक्षा सॉफ्टवेयर का उपयोग करना और संदिग्ध ईमेल और लिंक्स से बचना। कार्यशाला का उद्देश्य साइबर क्राइम के प्रति जागरूकता बढ़ाना और इसके रोकथाम के तरीकों के बारे में जानकारी प्रदान करना था। संचालन वाणिज्य विभाग की प्रवक्ता कुमारी पायल द्वारा किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में वाणिज्य विभाग की प्रवक्ता मानसी गर्ग, ज्योति नामदेव, कुमारी इंदु आदि का सहयोग रहा।



## राष्ट्रीय पोषण माह पर स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित

**खतौली।** श्री कुंद कुंद जैन पीजी महाविद्यालय में राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत पोषण एवं भोजन विषय पर स्लोगन प्रतियोगिताह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. नीतू वशिष्ठ, प्रो. अरविंद राणा तथा प्रो. नीरजा गुप्ता ने संयुक्त रूप से की। कार्यक्रम का शुभारंभ विभागाध्यक्षा डॉ. पूजा पुंडीर सिंह द्वारा मुख्य अतिथियों का स्वागत कर किया गया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के लगभग 140 छात्राओं ने भाग लिया और स्वरचित स्लोगनों के माध्यम से अपनी लेखनी व कला का परिचय दिया। निर्णायक मंडल में इंजीनियर आशीष जैन, डॉ. पूजा पुंडीर सिंह, डॉ. मीनाक्षी चौधरी, डॉ. श्वेता मलिक, मिसेज पारुल शर्मा तथा मिसेज एकता राजपूत शामिल रहे। प्रतियोगिता में महक एवं निदा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर रुचि, शुमैला एवं रीया रहीं। तृतीय स्थान कनिका सोम, सदफ खान, कनिका सोम व रितु सोम ने साझा किया। वहीं, सांत्वना पुरस्कार स्वीटी, लक्ष्मी, काजल और रिया को प्रदान किया गया। आयोजन में मुकुल जैन, रजत गुप्ता, पारुल जैन, सुधीर कुमार, हर्ष, शकुंतला तथा सुदेश का विशेष योगदान रहा।

# भाकियू शिक्षक प्रकोष्ठ में पंजाब बाढ़ पीड़ितों को भेजे साढ़े चार लाख

**तितावी/मुजफ्फरनगर।** सिसौली में बुधवार को मासिक मीटिंग में भारतीय किसान यूनियन शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रविन्द्र चौधरी तथा जिलाध्यक्ष मुजफ्फरनगर रामरतन बालियान के साथ शिक्षकों की उनकी टीम ने जिला मुजफ्फरनगर की तरफ से पंजाब बाढ़ राहत कोष में 451000 (चार लाख इक्यावन हजार रुपए) की सहयोग राशि दी है।

अन्य जिलों में भी शिक्षक प्रकोष्ठ सहयोग राशि यूनियन के हाइकमान को सौंपा चौधरी गौरव टिकैत ने मंच पर से ही शिक्षक प्रकोष्ठ के गठन कराने का श्रेय भाकियू प्रदेश महासचिव चेयरमैन पुरकाजी जहीर फारूकी को दिया है। ज्योति चौधरी शिक्षक प्रकोष्ठ बीकेयू महामंत्री ने आगामी 28 तारीख को चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय ऑडिटोरियम मेरठ में आहूत टीईटी विरोधी महारैली के विषय में भी शिक्षकों के साथ साथ किसानों को भी आह्वान किया है। किसान यूनियन के पदाधिकारी सहित चौधरी नरेश टिकैत जी ने आश्वासन दिया कि शिक्षकों का उत्पीड़न किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा क्योंकि यही वह शिक्षक हैं जो किसान व मजदूर के बच्चों को शिक्षित कर संस्कारवान व राष्ट्र के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। आज के कार्यक्रम में मुख्यतः चौधरी रविंदर सिंह प्रदेश अध्यक्ष राम रतन बालियान जिला अध्यक्ष मुजफ्फरनगर अमित तोमर कार्यकारी अध्यक्ष क्षितिज नेगी लाख अध्यक्ष बघरा अमित कुमार, विनेश कुमार, हरीमुनेष, शिवम शर्मा, मनोज कुमार, राजदीप चौधरी, परविंदर पारिया जिला अध्यक्ष अमित मित्तल जिला अध्यक्ष शामली हरेंद्र तोमर, जिला अध्यक्ष बागपत विकास मलिक लोकेश शर्मा बागपत मंडल अध्यक्ष सहारनपुर रोहित राणा आदि शिक्षक व पदाधिकारी मौजूद रहे। उपस्थित सभी शिक्षकों को नरेश टिकैत के द्वारा 'किसान गौरव सम्मान' से सम्मानित भी किया गया



## छात्रों को पीएम मोदी से प्रेरणा लेने की जरूरत

**मुजफ्फरनगर।** बुधवार को चिल्ड्रन एकेडमी विद्यालय में अलौकिक देव विश्वकर्मा जी का जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अमर पांचाल एवं उप प्रधानाचार्या सान्या निगम ने बच्चों को विश्वकर्मा जी के बारे में बताते हुए कहा कि भगवान विश्वकर्मा हमारे औद्योगिक वस्तुओं के निर्माण कर्ता है उन्होंने सबसे पहले स्वर्ग का निर्माण किया और वह देव जिसे हम श्रीलंका के नाम से जानते हैं उसका निर्माण भी भगवान शिव के लिए विश्वकर्मा जी ने किया सभी उद्योगों व कारखानों में भगवान विश्वकर्मा जी की पूजा की जाती है विश्वकर्मा जयंती पर समस्त स्टाफ ने व नन्हें मुन्ने बच्चों ने भगवान विश्वकर्मा को प्रणाम किया तथा उन्हें पुष्प अर्पित किए

साथ ही हमारे प्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पर उनको बधाई दी। लेने के लिए अंत में समस्त स्टाफ को प्रसाद वितरण किया गया।

# आधार कार्ड कार्य के लिए भटक रहे भोकरहेड़ी के नागरिक

**मोरना।** नागरिकों की विशिष्ट पहचान के लिए बनाये गये आधार कार्ड का डिजिटल उपयोग तेजी से बढ़ा है। प्रत्येक व्यक्ति को किसी न किसी पहचान संबंधित कार्य में आधार कार्ड की आवश्यकता पड रही है। किन्तु आधार कार्ड को अपडेट करने सहित उसमे बनी त्रुटियों को दुरुस्त कराने का काम दर्द सर साबित हो रहा है। आधार कार्ड सेंटर पर लम्बी लम्बी प्रतीक्षा के बाद भी कार्य समय पर न होने से आमजन बेहाल हैं। वहीं सुविधा से महरूम कस्बा भोकरहेड़ी के परेशान नागरिकों ने कस्बे में आधार कार्ड सेंटर खुलवाने की मांग की है।

नगर पंचायत भोकरहेड़ी की आबादी लगभग 25 हजार बताई जाती है। कस्बे मे जहां स्थलीय सरकारी सुविधाओं का आज भी भारी अभाव है। वहीं आधार कार्ड बनाने जैसी मूलभूत सुविधा से भी कस्बावासी अभी तक महरूम हैं।नगर का दर्जा प्राप्त होने के बावजूद कस्बे के नागरिक आधार बनवाने,आधार कार्ड मे नाम बदलवाने, जन्मतिथि परिवर्तन, आधार कार्ड अपडेट, मोबाइल नंबर अपडेट आदि कार्यों के लिए दूसरे स्थानों पर भटकना पड़ रहा है।भोकरहेड़ी के नागरिकों को आधार कार्ड कार्य के लिए पांच से पच्चीस किलोमीटर दूर मोरना,भोपा व मुज़फ्फरनगर तक जाना पड़ रहा है। जहां लम्बी प्रतीक्षा के बाद भी कार्य पूर्ण हो जाने की कोई गारंटी नहीं है। भोकरहेड़ी निवासी कुछ युवकों ने बताया की वह आधार कार्ड मे नाम की स्पेलिंग बदलवाने,जन्मतिथि परिवर्तन कराने के लिए आधार कार्ड बनाने पर गये थे किन्तु आधार कार्ड बनाने वालों ने कहा की फिलहाल आधार कार्ड को केवल अपडेट करने का काम चल रहा है।अन्य किसी कार्य को नहीं किया जा सकता है।

वहीं कस्बे के जयवीर सिंह व लव कुमार सहरावत का कहना है की पूर्व मे कस्बे मे आधार कार्ड बनाने कार्य होता था।वर्तमान मे आधार कार्ड बनाने का सेंटर भोकरहेड़ी मे नहीं है जिससे कस्बे के नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

नागरिकों की माने तो वह कस्बे से दूर अन्य स्थानों पर आधार कार्ड बनवाने के लिए सुबह सवेरे खाना पैक कराकर घर से लेकर जाते हैं। शाम तक प्रतीक्षा करने के बाद उनसे कहा जाता है की केवल पचास व्यक्तियों के लिए कार्य हो सकता था आपका नंबर कल आएगा।

## आधार कार्ड के लिए चालीस किलोमीटर का सफर, परिणाम शून्य

**मोरना।** ब्लॉक के खादर क्षेत्र के गांव मजलिसपुर तौफीर के ग्राम प्रधान योगेश चौहान ने बताया की मजलिसपुर तौफीर ग्राम पंचायत अंतर्गत खेर नगर, महाराज नगर,सिताबपुरी के ग्रामीणों को बीस किलोमीटर दूर ब्लॉक मुख्यालय पर आधार कार्ड कार्य के लिए जाना पड़ रहा है।चालीस किलोमीटर आने जाने की यात्रा करने के बाद अक्सर ग्रामीण खाली हाथ ही लौटते हैं।

## सांसद विधायक भी हुए नाकाम

भोकरहेड़ी,शुकतीर्थ,ककरौली मे आधार कार्ड सेंटर खुलवाने की मांग प्रशासनिक अधिकारियो सहित क्षेत्र के सांसद चंदन चौहान व विधायक मिथलेश पाल से कई बार की जा चुकी है किन्तु अभी तक सफलता नहीं मिल सकी है।

### तमंचा दिखाकर ग्रामीण संग की गाली गलौज

**बुढ़ाना।** दबंगों ने तमंचा दिखाकर एक ग्रामीण के साथ गाली गलौज कर हत्या की धमकी दी। इस मामले में ग्रामीण ने सुरक्षा की गुहार लगाते हुए दबंगों के विरुद्ध सीओ को तहरीर दी। शादाब पुत्र सईद निवासी गांव अलीपुर अटेरना ने सीओ को बताया कि वह गांव के ही सुरेन्द्र पुत्र रणबीर के खेत की अपने टैक्ट्र से जुताई कर रहा था। तब विनोद पुत्र जगबीर, ईश्वर पुत्र तुलसी और सागर पुत्र ईश्वर सुरेन्द्र के खेत में आये और बोले कि हम तुम्हें जुताई करना सिखायेंगे। यह कहकर तीनों ने उसे टैक्ट्र से नीचे गिरा दिया और लात घूंसों से पीटने लगे। तब वह किसी तरह से अपनी जान बचाकर बुढ़ाना कोतवाली आया और पुलिस को घटना की सूचना दी तो पुलिस ने मेरा और आरोपियों का शांति भंग में चालान कर दिया। आरोपी एसडीएम कोर्ट से अपनी बेल कराकर शाम को गांव में पहुंचे तो तीनों ने उसके घर के बाहर खड़े होकर उसके सामने तमंचा लहराकर गाली गलौज कर हत्या की धमकी दी। इनमें सागर पुत्र ईश्वर एक मर्डर के मामले में पहले भी जेल जा चुका है। जिसका मुकदमा अभी तक भी कोर्ट में विचाराधीन है। सागर की जब भी किसी से कुछ भी कहासुनी होती है तो सबसे आगे अपनी पत्नी नेहा को आगे कर देता है जो कि अपने कपडे फाडकर झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देती है। आरोपी सागर ने पहले भी अपनी पत्नी द्वारा अन्य व्यक्तियों के खिलाफ झूठे प्रार्थना पत्र दे रखे हैं। जो कि लोगों को झूठे मुकदमे में फंसाकर उनसे रूपये ऐंठने का कार्य करती रहती है।

# जर्जर मकान खाली कराने को लेकर मारपीट

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** कस्बे के कानून गोयान कॉलोनी में जर्जर मकान को खाली कराने को लेकर विवाद ने मारपीट का रूप ले लिया। मकान मालिक व उसके पुत्र के साथ घर में घुसकर किरायेदार द्वारा मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित पक्ष ने घटना की जानकारी पुलिस को दी और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

कानून गोयान निवासी राजीव जैन ने बताया कि मंगलवार की रात वह अपने घर में बैठा था और उसका पुत्र अर्पण जैन खाना खा रहा था। इसी दौरान रविकाम्बोज पुत्र अशोक कुमार मकान पर दो साथियों के साथ आया और बिना अनुमति घर में घुस गया। आरोप है कि उन्होंने अर्पण के साथ गाली-गलौज करते हुए उसे जबरन बाहर खींचा और लात-घूसों से मारपीट कर जमीन पर पटक दिया, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। बेटे के शोर मचाने पर जब राजीव जैन मदद को पहुंचे तो आरोपियों ने उनके साथ भी अभद्रता व मारपीट की। मारपीट के दौरान आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने कोतवाली पहुंचकर तहरीर दी और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। राजीव जैन ने बताया कि जर्जर मकान में रविकाम्बोज किराए पर रहता है। मकान गिरने की आशंका के चलते पहले ही उसे खाली करने को कहा गया था और नगर पालिका प्रशासन द्वारा भी नोटिस भेजा गया था। इसके बावजूद किरायेदार मकान खाली करने को तैयार नहीं है और बार-बार विवाद कर मारपीट पर उतारू हो जाता है। पुलिस ने तहरीर लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# मोरना में मुख्य मार्ग पर जलभराव खोल रहा विकास की पोल



**मोरना।** एक ओर शासन प्रशासन मार्गो को गड्ढा मुक्त करने के दावे करता है, वहीं बेहाल मोरना-मुज़फ्फरनगर मार्ग की दयनीय स्थिति इन दावों की पोल खोल रही है। मोरना में मुख्य मार्ग पर हो रहे भारी जलभराव से राहगीर हलकान हैं। सड़क मे हुए गड्ढों में गिरकर राहगीर घायल हो रहे हैं। वहीं शुकतीर्थ जाने वाले श्रद्धालुओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने समस्या से निजात दिलाने की मांग शासन प्रशासन से की है।

मोरना मे भोपा -मुजफ्फरनगर मार्ग पर हो रहे जलभराव ने सरकारी तंत्र की बड़ी लापरवाही व विकास के प्रति उदसीनता की पोल खोल दी है। पौराणिक तीर्थ नगरी शुकतीर्थ को जिला मुख्यालय से जोड़ने वाले मार्ग से प्रतिदिन हजारों यात्री अनेक वाहनों से गुजरते हैं। तीर्थ नगरी के कारण महत्वपूर्ण माने जाने वाले मार्ग पर वर्षो से गहरे ग्ध बने हुए हैं। वहीं जलभराव के कारण मार्ग की स्थिति बेहद खराब हो गयी है। गड्ढों में गिरकर राहगीर घायल हो रहे हैं।इसी मार्ग से आये दिन जन-प्रतिनिधियों सहित आला अधिकारी इसी मार्ग से शुकतीर्थ आते जाते हैं। बावजूद इसके शासन प्रशासन समस्या को लेकर गंभीर नहीं है।धार्मिक आयोजनो के दौरान शुकतीर्थ जाने के लिए श्रद्वालुओं को जलभराव व गड्ढों से होकर गुजरना पड़ रहा है। वहीं मोरना के ग्रामीण मेघराज शर्मा ने बताया की उनके घर के सामने वर्षो से जल भराव हो रहा है।बारिश के पूर्व ही वह जलभराव की समस्या से भयभीत हो जाते हैं। बारिश के दौरान ई रिक्शा,टेम्पो व बाईक जैसे वाहन दुर्घटना ग्रस्त हो जाते हैं। ऑटो मिस्त्री मरगूब मलिक ने बताया की मार्ग पर जलभराव व कीचड फैलने से व्यापारी भी परेशान हैं।

# पीएचसी में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** देश के प्राइम मिनिस्टर नरेंद्र मोदी के जन्म दिन पर शुरू हुए भाजपा सरकार के सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के पहले दिन ही स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम बुधवार को नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना में संपन्न हुआ।



कार्यक्रम का शुभारंभ जनपद मुजफ्फरनगर के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डाक्टर सुनील तेवतिया के द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों के अनुपालन में बुधवार की सुबह बुढ़ाना नगर पंचायत के वार्ड नंबर 17 के सभासद अजय संगल ने अपने कर कमलों द्वारा फीता काटकर किया। नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना पर स्वास्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत चिकित्सा संबंधी स्टॉल लगाया गया। जहां पर मरीजों ने पंजीकरण कराकर निशुल्क दवाइयां प्राप्त की और अपनी स्वास्थ्य जांचें कराई। यहां नगरीय पीएचसी बुढ़ाना के प्रभारी डाक्टर सोनू कश्यप ने सभी उपस्थित लोगों को सरकार की विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं और योजनाओं के बारे में विस्तृत जानक. ारी दी और बताया कि यहां पर महिलाएं और पुरुष अपनी निशुल्क जांच करा सकते हैं। यहां ज्ञानदीप शिशु मंदिर बुढ़ाना के प्रधानाचार्य नीरज गर्ग, अग्निशमन अधिकारी बुढ़ाना अंतराम, वरिष्ठ समाजसेवी ऋषिपाल कश्यप और अस्पताल का स्टाफ मौजूद रहा।

## संक्षिप्त समाचार

### बिजलीघर में हुई भगवान विश्वकर्मा की पूजा

**बुढ़ाना।** कस्बा बुढ़ाना के बिजलीघर मे पूरे स्टॉफ द्वारा बुधवार को भगवान ब्विकर्मा की पूजा की गई। जिसमें बुढाना बिजलीघर का पूरा स्टाप व मीटर रीडर शामिल हुए। यहां विद्युत एसएसओ अंकित राजपूत ने सभी से भगवान विश्वकर्मा के सिद्धांतों पर चलने का आह्वान किया और बताया कि हिंदू धर्मग्रंथों में भगवान ब्विकर्मा को वेदी, देवालय, आभूषण, दिव्य वाद्ययंत्र और यहां तक कि आकाश में दिखने वाले इंद्रधनुष तक के निर्माता के रूप में वर्णित किया गया है। इनके अलावा भी उन्होंने कई खास चीजों का निर्माण किया था। उन्होंने कुबेर पुरी और इंद्र पुरी सहित अनेक देवनगरी की स्थापना की। विश्वकर्मा जी ने कुबेर के लिए सोने की भव्य लंका का निर्माण किया था जिसे बाद में रावण ने अपने अधीन कर लिया। विश्व का प्रथम विमान माना जाने वाला पुष्पक विमान भी भगवान विश्वकर्मा की ही अद्वितीय रचना थी। जिसका उल्लेख रामायण और अन्य ग्रंथों में मिलता है। यहां हवन आरती के साथ भगवान विश्वकर्मा की विधि विधान से पूजा की गई। सबने भगवान विश्वकर्मा की आराधना की व उनकी महत्ता पर प्रकाश डाला। यहां जेई दीपक, विद्युत टीजी टू सोनू, अंकित, शिवम, अरविंद, बबलू, कुलदीप व राजवीर मौजूद रहे।

### डिग्री कॉलेज में रोजगार मेले का आयोजन

**चरथावल।** चंद्रशेखर आजाद पीजी कॉलेज में सेवायोजन कार्यालय मुजफ्फरनगर एवं चंद्रशेखर आजाद पीजी कॉलेज चरथावल के संयुक्त तत्वाधान में रोजगार मेला का आयोजन किया गया , प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी के मिशन रोजगार की सार्थकता को पूर्ण करने हेतु इस रोजगार मेले का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ सेवा योजना अधिकारी श्रीमती पारुल सिंगल एवं डॉक्टर सोनाली सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष मास्टर इस्लाम एवं प्रबंधक राकेश वशिष्ठ , डॉक्टर सविता वशिष्ठ ने फीता काटकर और मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके मेले का शुभारंभ किया । तत्पश्चात प्रबंधक महोदय द्वारा सभी अतिथियों को पटका पहना कर स्वागत किया।सर्वप्रथम सेवा योजना अधिकारी डॉक्टर पारुल सिंह ने मेले में आए हुए विभिन्न कंपनियों के विषय में विशेष जानकारी दी। नगर पंचायत अध्यक्ष मास्टर इस्लाम ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से निश्चित रूप से क्षेत्र के युवाओं को रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे, इसके लिए उन्होंने महाविद्यालय को बधाई दी। महाविद्यालय प्रबंधक राकेश वशिष्ठ ने कहा कि महाविद्यालय का प्रयास रहता है कि वह छात्र-छात्राओं को अध्ययन के साथ उनका रोजगार भी प्रदान करें। रोजगार मेले में अनेको युवाओं ने प्रतिभाग किया और छ्ब्ङ्क्युवाओं को रोजगार प्राप्त हुआ। मेले में लगभग बारह कंपनियों ने छात्र-छात्राओं का साक्षात्कार लिया। जिसमे भारतीय जीवन बीमा निगम मुजफ्फरनगर, पुखराज ,स्टैंड कैडेट केयर नेटवर्क लिमिटेड, इंश्योरेंस लिमिटेड , एग्रो, इंडस्ट्रीज फेडरल वाइस लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड, द्वारकापति लिमिटेड आदि कंपनियों प्रमुख थी। कार्यक्रम को सफल बनाने में सेवायोजन कार्यालय से शिव शंकर एवं राधेश्याम महाविद्यालय के सभी शिक्षकों प्राचार्य डॉक्टर गुलाब सिंह, ;षिपाल सिंह ,अंशुल अग्रवाल , सुमितनागियान, विनीत कुमार, सुनील कुमार, सुखपाल सिंह, तिर. सपाल मुकेश आदि का विशेष सहयोग रहा।

### शिखर स्कूल में छात्र संसद का गठन

**मीरापुर।** शिखर शिक्षा सदन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में छात्र संसद का भव्य गठन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को विभिन्न पदों पर चयनित कर उन्हें गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।कक्षा 12 के करण धामा को हेड बॉय, दृष्टि चौधरी को हेड गर्ल, सुमित कनौजिया को वाइस हेड बॉय तथा तनस्वी वत्स को वाइस हेड गर्ल घोषित किया गया। विद्यालय के समस्त विद्यार्थियों और शिक्षकों को चार हाउसों में विभाजित किया गया है। भास्कर हाउस की मुख्य शिक्षिका राशि अरोड़ा ने कक्षा 12 की अनु सैनी को हाउस कैप्टन तथा अयान को वाइस कैप्टन चुना। खुराना हाउस की मुख्य शिक्षिका पूनम शर्मा ने कक्षा 12 की जसम. नदीप कौर को हाउस कैप्टन और कक्षा 11 के अलरकीब को वाइस कैप्टन चुना। विद्यालय की खेल गतिविधियों को संचालित और सुव्यवस्थित करने के लिए सर्वसम्मति से कक्षा 12 के ;तुराज खारी को स्पोर्ट्स कैप्टन नियुक्त किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के चेयरमैन सुशील शर्मा, डायरेक्टर राजेश शर्मा तथा प्रधानाचार्य पुनीत राजपूत ने सभी नव-निर्वाचित प्रतिनिधियों को बधाई दी।

### सम्मानित छात्र छात्राओं का हुआ भव्य स्वागत

**बुढ़ाना।** जाट महासभा मुजफ्फरनगर द्वारा सम्मानित विद्यार्थियों का दयानंद इंटर कालिज बडौत रोड़ बुढ़ाना के प्रांगण में स्वागत हुआ। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जाट महासभा मुजफ्फरनगर द्वारा बोर्ड परीक्षा 2025 के मेधावी विद्यार्थियों को पारितोषिक, कैलेंडर व सर्टिफ़िकेट देकर सम्मानित किया गया। बीते 14 सितम्बर को पंजाबी बारात घर मुजफ्फरनगर में जाट महासभा द्वारा पूरे जिले के जाट समाज के विद्यार्थियों को जिन्होंने 2025 की बोर्ड परीक्षा में हाईस्कूल में 80 प्रतिशत व इंटर में 75 प्रतिशत से ऊपर अंक प्राप्त किये थे उन विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। जिसमें दयानंद इंटर कालिज बुढ़ाना के विद्यार्थियों ने जगह बनायी। मुजफ्फरनगर से लौटने पर आज दयानंद इंटर कालिज में सब विद्यार्थियों का स्वागत हुआ।

इनाम पाने वाले विद्यार्थियों में मयंक पंवार, वंशिका पंवार, अंशिका राठी, तनिष्का राठी, माही, वंशिका व खुशी चौधरी आदि रही। यहां कालेज प्रबंधक तेजपाल सहरावत ने विद्यार्थियों को कर्म ही पूजा है का मूलमंत्र दिया। कालेज संचालिका उमेश सहरावत ने कहा सब विद्याथ्री इन विद्यार्थियों से प्रेरणा लेकर आज से अपनी तैयारियों में जुट जाएं। कालेज प्रधानाचार्य संजीव कुमार ने कहा कि आज से सब विद्यार्थी अपना लक्ष्य निर्धारित कर लें। सहायक अध्यापक सोनू कुमार ने कहा कि सब विद्यार्थी अर्जुन की भांति मछली के आंख की तरह लक्ष्य निर्धारित कर अध्ययन में जुटें। यहां अध्यापकों में अमित, नितिन, गौरव, हरेंद्र, दीपा, नरेश, अनुज, रजनी व पूरा स्टाफ रहा।

## विश्वकर्मा जयंती पर किया हवन यज्ञ

**मन्सूरपुर।** मिल मंसूरपुर में अधिकारियों कर्मचारियों ने सृष्टि के रचयिता महान शिल्पकार भगवान ब्विकर्मा जयंती पर हवन किया। यजमान उपाध्यक्ष सुधीर कुमार रहे। इसके बाद ब्विकर्मा की मूर्ति पर माला अर्पण कर पूजा अर्चना की। इस अवसर पर फैक्ट्री मैनेजर वीं त्रिपाठी, संजीव कुमार शर्मा, ब्रजराज यादव,करण सिंह आदि रहे। उधर लाइन पर मिल मंसूरपुर में शांति देवी के सौजन्य से ब्विकर्मा मंदिर पर दसवे हवन यह के बाद पूजा अर्चना की गई तथा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया । इस अवसर पर उमेश भगत राजेंद्र फौजी,नंदकिशोर पांच. ाल,संजय राठी, रोहित चौधरी, भूपेंद्र प्रधान, राजीव धनगर प्रधान, पुनीत कुमार उर्मिला देवी, शिमला, विमलेश इंद्रेश आदि रहे।

# विधायक राजपाल बालियान का किया स्वागत

**बुढ़ाना।** समय समय पर कस्बा बुढाना के लिए भी कई विकास कार्य करने पर बुधवार के दिन बुढ़ाना कस्बे के काफी गणमान्य लोगों ने बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के रालोद विधायक राजपाल बालियान का उनके आवास पर पहुंचकर फूल मालाओं से स्वागत किया।घ मौहम्मद आसिफ कुरैशी ने कहा कि इस विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजपाल बालियान ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि वह अपने क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए हमेशा संकल्पबद्ध रहते हैं। उनके अथक प्रयासों और प्रदेश सरकार से निरंतर संवाद का ही परिणाम है कि बुढ़ाना कस्बे में भी कई विकास कार्य उनकी निधि से हुए। इस उपलब्धि पर बुढाना कस्बे के सम्मानित नागरिको, सामाजिक कार्यकर्ताओं और युवा वर्ग ने विधायक राजपाल बालियान का उनके आवास पर पहुंचकर फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक राजपाल बालियान ने कहा कि ये विकास कार्य केवल मेरे नही बल्कि बुढ़ाना की जनता की मेहनत और उनके विश्वास के भी है। मैंने हमेशा कोशिश की है कि मेरे क्षेत्र का हर नागरिक विकास की मुख्यधारा से जुड़े। तब कस्बे के लोगों ने कहा कि हम सभी कस्बावासी विधायक के आभारी हैं। इससे पूर्व भी विधायक के प्रयास से ही बहुत से विकास कार्यों के लिए राशि आवंटन हुई है। इस दौरान यहां तौसीफ राही, नौशाद पहलवान, मन्नू कुरैशी, नौशाद काला, मौहम्मद आसिफ कुरैशी, इरशाद सलमानी और शहज़ाद आदि के अलावा सैकड़ों लोग मौजूद थे।



# भगवान विश्वकर्मा जयंती पर बीआईटी में पूजा-अर्चना संपन्न

**मीरांपुर।** भगवन्त इंस्टिटड्ूट ऑफ टेक्नोलॉजी बीआईटी में भगवान विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर इंजी. नियरिंग विभाग द्वारा श्र)ा और भक्ति के साथ पूजा-अर्चना एवं हवन का भव्य आयोजन किया गया। ब्विव के प्रथम शिल्पकार माने जाने वाले भगवान ब्विकर्मा जी को नमन करते हुए संस्थान में सभी मशीनों और उपकरणों की विधिवत पूजा की गई।

धार्मिक मान्यता के अनुसार, ब्रह्मा जी के सातवें पुत्र भगवान ब्विकर्मा को संपूर्ण सृष्टि की रचना का कार्यभार सौंपा गया था। निर्माण, शिल्पकला, यांत्रिकी और तकनीक से जुड़े लोग विशेष रूप से इस दिन उनकी पूजा करते हैं ताकि कार्यों में कुशलता व जीवन में समृद्धि प्राप्त हो सके। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ. अनुराग विजय अग्रवाल, सह-निदेशक डॉ. पुष्पनील वर्मा, एजीएम फाइनेंस ऑफिसर दुष्यंत कुमार, डिप्टी रजिस्ट्रार डॉ. आदित्य शर्मा, नर्सिंग विभाग की प्राचार्या डॉ. विजया डी, कंप्यूटर साइंस विभागाध्यक्ष एवं डीन डॉ. अजय सिंह, फार्मेसी प्राचार्य डॉ. सचिन सिंघल, मैकेनिकल विभागाध्यक्ष इंजीनियर निकुल चौधरी, डॉ. शीतल राजपूत, डॉ. कावेन्द्र यादव और प्रबंधन विभागाध्यक्ष गौरव राजपूत सहित अनेक संकाय सदस्य मौजूद रहे। हवन के बाद विभाग की प्रयोगशालाओं और वर्कशॉप में रखे सभी उपकरणों एवं मशीनों की भी श्रद्धापूर्वक पूजा की गई। सभी ने भगवान ब्विकर्मा से संस्थान की प्रगति और राष्ट्र कल्याण की प्रार्थना की। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रबंधन विभागाध्यक्ष गौरव राजपूत, अर्पित शर्मा, मीनाक्षी, सावन, महिपाल सिंह और अर्चना पाल सहित कई विद्यार्थियों व स्टाफ सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा। पूरे आयोजन के दौरान बीआईटी परिसर में श्रद्धा, उल्लास और भक्ति का अद्भुत वातावरण देखने को मिला।

# सनातन परम्परा भारतीय संस्कृति का आधार : राजेंद्र देवाचार्य

**मोरना।** पौराणिक तीर्थ नगरी व भागवत उद्गम स्थली के प्रसिद्ध आश्रम हनुमत धाम में चल रही श्री मदभागवत कथा समापन अवसर पर रेवासा वृंदावन धाम से पधारे मलूक पीठाधीश्वर राजेंद्र देवाचार्य महाराज ने परम् भक्ति से प्रभु की निकटता प्राप्त करने, सनातन परम्पराओं का विशेष सम्मान करने पर बल दिया।

कथा व्यास राजेंद्र देवाचार्य ने कहा की भक्ति में ही शक्ति है। अंत:करण शुद्ध हो तो भक्ति सरल बन जाएगी,जो अहंकार को शून्य कर देगी। जो संतोषी होता है उसे दरिद्र कहा जाता है,सुदामा को दरिद्र कहना पाप होगा। श्री कृष्ण सुदामा को ब्रह्म बंधु कह कर छाती से लगा लेते थे। भक्ति में निष्काम भाव और नियमों का पालन आवश्यक है। जैसे गोकर्ण की कृपा से सभी जीव उद्धारित हुए, वैसे ही श्रीमद्भागवत का श्रवण जीवन को परम आनंद प्रदान करता है। कथा सुनने से हृदय में भक्ति का संचार होता हैवातानुकूलित कमरों में रहने वाले गर्मी का अनुभव नहीं करते हैं। ज्येष्ठ की तपती दोपहरी में मानव को अगर विशाल वट वर्ष की छाया मिल जाए तो वह उसके लिए वातानूकुलित होगा। प्रेम का परिपथ निरीह अवस्था में होगा। भगवान में सब की आत्मा बसती है। श्री कृष्ण लीला का रस आज तक मिल रहा है। उसका मूल कारण राधा रानी कृपा है ब्रज में भगवान का स्वरूप है। रात्रि में जल्दी सोयें और सवेरे जल्दी जागे।इस दौरान महामंडलेश्वर स्वामी केशवानंद सरस्वती महाराज, स्वामी आनंद स्वरूप महाराज ,स्वामी गीतानंद तीर्थ ,स्वामी गीतानंद गिरी महाराज, सर्वेश प्रपन्नाचार्य, सीताराम शास्त्री ,जितेंद्र, राजीव गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने किया चित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सेवा पर्व के अवसर पर सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा जीआईसी ग्राउंड में चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया सेवा पर्व के अवसर पर सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा जीआईसी ग्राउंड में चित्र प्रदर्शनी का जनपदवा. सियों का भरपूर ध्यान आकर्षित किया है। चित्र प्रदर्शनी 17 सितंबर से प्रारंभ होकर 02 अक्तूबर तक लगी रहेगी। चित्र प्रदर्शनी का उद्देश्य आम नागरिकों को भारत सरकार एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना और उन्हें सेवा कार्यों में सक्रिय भागीदारी हेतु प्रेरित करना है।

भव्य चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन सदस्य विधान परिषद, (पूर्व मंत्री) उत्तर प्रदेश सरकार, प्रदेश अध्यक्ष भाजपा भूपेंद्र सिंह चौधरी ने फीता काटकर शुभारंभ किया। चित्र प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वास्थ्य और कृषि क्षेत्र, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, किसान सम्मान निधि, महिला सशक्तीकरण, स्टार्टअप एवं स्वरोजगार सहित शिक्षा से जुड़ी तमाम योजनाओं की विस्तृत जानकारी रोचक चित्रों के माध्यम से दी जा रही है ।अपर जिला सूचना अधिकारी ने बताया कि यह प्रदर्शनी 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक आयोजित होगी। 02 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती पर विशेष कार्यकम होंगे। इस विशेष प्रदर्शनी में अधिक से अधिक संख्या में विद्यार्थी, युवा, किसान, महिलाएं सभी आकर योजनाओं की जानकारी ले सकते है एवं विकसित उत्तर प्रदेश विजन डॉक्यूमेंट हेतु अपने सुझाव भी दे सकते है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ वीरपाल निर्वाल, महिला आयोग सदस्य सपना कश्यप ,पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ संजीव कुमार बालियांन, जिला अध्यक्ष भाजपा सुधीर सैनी, मुख्य विकास अधिकारी कंडारकर कमल किशोर देशभूषण, पूर्व जिला अध्यक्ष विजय शुक्ला, मीडिया प्रभारी भाजपा अर्चित मित्तल, जिला संयोजक भाजपा रक्षित नामदेव,बाल कल्याण समिति के सदस्य डॉक्टर राजीव कुमार, सहित जनप्रतिनिधि गण एवं मीडिया बंधु उपस्थित रहे,



# रोहाना मिल में किया गया विश्वकर्मा पूजन



**मुजफ्फरनगर।** आईपीएल रोहाना कलां मे बुधवार को विश्वकर्मा जयन्ती सभी विभागो में बड़ी धूम धाम से मनाई गई। मुख्य आयोजन इकाई के वर्कशाप में पं0 शिवनारायण शास्त्री ने इकाई प्रमुख लोकेश कुमार के करकमलो द्वारा हवन पूजन कराया इस अवसर पर आर0के0 तिवारी, रामबीर लल्लर, पंकज बालियान, तरूण कुमार गौड, संजीव चौधरी एवं अन्य समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहें। हवन व पूजन के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इकाई प्रमुख लोकेश कुमार ने समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शुभकामनायें देते हुए आह्वान किया कि हमारे प्रबन्ध निदेशक डा. पीएस गहलौत ने इस इकाई के जीर्णोधार के लिये बहुत पैसा लगाया है और इस प्लांट से उनकी बड़ी आशा है। हम सबका यह कर्तव्य बनता है कि टीम भावना एवं सुचारू रूप से संचालन करते हुए अच्छे परिणाम देगे।

# सृष्टि के प्रथम इंजीनियर का श्रद्धा और उत्साह से मनाया पूजन उत्सव

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** कस्बा खतौली में जीटी रोड स्थित विश्वकर्मा मंदिर पर बुधवार को भगवान विश्वकर्मा का 9 वां पूजन उत्सव श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही मंदिर परिसर में भव्य पूजा की तैयारियां की गईं। निर्धारित समय पर भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा के सामने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर सभी श्रद्धालुओं ने उनके चरणों में पुष्प अर्पित किए और सुख-समृद्धि की कामना की।



अतिथियों ने भगवान ब्विकर्मा को 'सृष्टि के प्रथम इंजीनियर और महान शिल्पकार' बताते हुए कहा कि वास्तु शास्त्र, निर्माण कला और यांत्रिकी में उनकी विशेष भूमिका रही है। कहा गया कि भगवान विश्वकर्मा के दिव्य ज्ञान से स्वर्गलोक, द्वारिका नगरी, इंद्रप्रस्थ और हस्तिनापुर जैसे भव्य नगरों का निर्माण हुआ। साथ ही उन्होंने शिव का त्रिशूल, विष्णु का सुदर्शन चक्र और इंद्र का वज्र जैसे दिव्य अस्त्र-शस्त्र भी बनाए। यही कारण है कि उन्हें विश्व का महानतम शिल्पी और सृष्टि का आद्य अभियंता माना जाता है। पूजा के उपरांत उपस्थित श्रद्धालुओं ने सामूहिक आरती में भाग लिया और प्रसाद ग्रहण कर भगवान विश्वकर्मा से उत्तम निर्माण कार्य, खुशहाली और स्वास्थ्य की प्रार्थना की। मंदिर परिसर में पूरे दिन भक्ति-गीतों और मंत्रोच्चारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। कार्यक्रम के समापन पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर आयोजन को सफल बनाया। इस अवसर पर सुंदर लाल धीमान, प्रवीण कुमार धीमान, रूपचंद जागिड़, सुरेश चंद धीमान, ब्रजेश मोहन पांच. ाल, प्रमोद धीमान, नरेश धीमान, चेतन लाल धीमान, संजीव धीमान मंसूरपुर, राजीव पंचाल सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# स्वर्णकार समाज पुलिस की कार्यशैली से खुश आया नजर

**बुढ़ाना।** तीन दिन पूर्व मंदवाडा गांव के जंगलों में दादा पौत्र के साथ हुई बड़ी लूट का सही खुलासा कुल 48 घंटो के भीतर करने वाले बुढ़ाना सीओ गजेंद्र पाल सिंह और कोतवाल सुभाष अत्री को सैंकड़ों सर्राफा व्यापारियों ने कोतवाली पहुंचकर स्वर्णकार समाज बुढ़ाना के अध्यक्ष संजीव वर्मा के नेतृत्व मे स्मृति चिन्ह, पटका और अन्य उपहार देकर सम्मानित किया। अखिल भारतीय स्वर्णकार संघ के अध्यक्ष संजीव वर्मा और रवि वर्मा ने कहा कि वास्तव में पुलिस ने कम समय में ही सही घटना का खुलासा कर सब व्यापारियों का दिल जीत लिया है। यहां पर कोतवाल सुभाष अत्री ने व्यापारियों का आभार जताया। यहां पर दोनों पुलिस अधिकारियों को सम्मानित करने वालों में मुख्य रूप से नैन चंद वर्मा, कुलदीप वर्मा, अंशुल वर्मा, शुभम वर्मा, अनिल वर्मा और राहुल वर्मा आदि सर्राफा व्यापारियों की उपस्थिति देखने को मिली।

### 10 दिन से पड़े सड रहे कुत्ते को उठवाकर दी राहत

**बुढ़ाना।** लगभग दस दिन से बुढ़ाना नगर पंचायत के वार्ड नंबर 13 में बीमार पड़े सड़े हुए कुत्ते की बदबू से हर कोई आने जाने वाला बहुत ही परेशान था और सबसे ज्यादा दिक्कत तो उनको हो रही थी जिन घरों के पास वह कुत्ता पड़ा था। मौहल्ले में रोज आने वाले सफाई कर्मचारियों को भी इस बाबत कहा गया लेकिन किसी भी सफाईकर्मी ने इस और ध्यान दिया ही नहीं। तब इसकी शिकायत वार्ड सभासद इमरान कुरैशी को की गयी तो उन्होंने इस बदबूदार कुत्ते को उक्त स्थान से उठवाकर आते जाते लोगों को राहत दी। सड़ रहे कुत्ते की कोई भी सुध नहीं ले रहा था। तब किसी ने सोशल मीडिया पर सडे हुए बीमार कुत्ते की वीडियो वायरल कर दी तो सभासद इमरान कुरैशी इसके लिए आगे आए और उन्होंने रात में ही बुलवाकर सडे कुत्ते को मौके से हटवाया तो मोहल्ले के लोगों ने सभासद इमरान कुरेशी प्रशंसाओं के पुल बांध दिए।

शाह टाइम्स

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# प्रभारी मंत्री ने किया राष्ट्रीय पोषण माह का शुभारंभ






**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिला संयुक्त चिकित्सालय शामली पर राष्ट्रीय पोषण माह का शुभारम्भ जनपद के प्रभारी मंत्री दिनेश खटीक, एमएलसी वीरेन्द्र सिंह, एमएमसी मोहित बेनीवाल, सदर विधायक प्रसन्न चौधरी, भाजपा जिलाध्यक्ष तेजेन्द्र निर्वाल, जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चौहान द्वारा संयुक्त संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर पोषण रैली का शुभारम्भ किया।

बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग शामली तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्टाल लगाया गया था। स्टाल का निरीक्षण करते हुए प्रभारी मंत्री ने मोटे अनाज द्वारा निर्मित रेसिपी की प्रशंसा की एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा कुपोषित बच्चों को दी जानी वाली मेडिसिन किट का भी अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि छोटे बच्चें देश का भविष्य होते हैं इनके पोषण, शिक्षा एवं स्वास्थ्य की उचित देखरेख की जानी चाहिए। उन्होंने बच्चों की शाला पूर्व शिक्षा पर विशेष ध्यान दिए जाने की आवश्यकता पर बल दिया तथा आगनवाड़ी कार्यकत्रियों को बच्चों के पोषण के साथ-साथ शिक्षा का भी ध्यान रखने हेतु जागरूक किया। जिला कार्यक्रम अधिकारी यामिनी रंजन ने कहा कि आठवां पोषण माह 17.9.2025 से 16.10.2025 तक देश भर में मनाया जा रहा है। इस वर्ष आठवां पोषण माह की मुख्य थीम मोटापा निवारण चीनी, नमक एवं तेल के उपभोग में कमी, प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा पोषण भी, पढ़ाई भी, एक पेड मां के नाम, शिशु एवं छोटे बच्चों के पोषण संबंधी व्यवहार, पुरुष सहभागिता हैं।

प्रत्येक परिवार शिक्षा स्वास्थ्य एवं पोषण के प्रति जागरूक रहेगा तो इससे स्वस्थ समाज की नींव पडेगी। उन्होने गर्भवती महिलाओ के स्वस्थ्य एवं आहार की महत्ता पर विशेष बल दिया। उन्होंने गर्भवती महिलाओ को खान-पान पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी।

इस दौरान कार्यक्रम में मौजूद लाभार्थियों व ग्रामीणो को पोषण सम्बन्धी शिक्षा दी गई। इस दौरान चिकित्सा अधीक्षक ने कुपोषण एवं स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरूक किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी वशामली, बाल विकास परियोजना अधिकारी ममता देवी, मुख्य सेविकाएं, संजीव कुमार जिला समन्वयक, रोबिन सिंह, लुकमान एवं अन्य आंगनवाड़ी मौजूद रहे।

### नारी सशक्त परिवार अभियान के अवसर पर शिविर लगाया

**शामली।** जिला संयुक्त चिकित्सालय शामली में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के शुभ अवसर पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में राज्यमंत्री, जल शक्ति विभाग, उप्र सरकार एवं प्रभारी मंत्री जनपद शामली दिनेश खटीक सहित एमएलसी वीरेन्द्र सिंह, एमएलसी मो. हित बेनीवाल, सदर विधायक प्रसन्न चौधरी, जिलाध्यक्ष भाजपा तेजेन्द्र निर्वाल, जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चौहान, पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र प्रताप सिंह, मुख्य विकासअधिकारी विनय कुमार तिवारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिल कुमार सीएमएस डॉ किशोर आहुजा व डॉ अतुल बंसल, डॉ अश्विनी, डॉ जाहिद अली त्यागी, डॉ अथर जीमल, डॉ. विनोद, आशुतोष वास्तव, फईम अहमद, लविश कुमार, नितिन भारद्वाज, दीपक शर्मा, विजय कुमार आदि उपस्थित सभी के द्वारा प्रधानमंत्री द्वारा उनके शुभारंभ कार्यक्रम का मध्य प्रदेश इंदौर से लाइव प्रसारण देखा गया। प्रभारी मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि पहले गंभीर बीमारी के कारण गरीब पैसे के अभाव में दम तोड़ देते थे उनके लिए आयुष्मान भारत योजना वरदान साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री अपने प्रत्येक जन्मदिवस पर कुछ ना कुछ संकल्प लेते हैं इस बार उन्होंने अपने जन्म दिवस को स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान को समर्पित किया है। प्रभारी मंत्री द्वारा अपने उद्‌बोधन में जनपद शामली के किशोरी व महिलाओं को इस अभियान में होने वाले स्वास्थ्य शिविरों में विशेषज्ञ चिकित्सकों से सेवा प्राप्त करें तथा अपनी जांच भी कराएं। प्रधानमंत्री जी द्वारा चलाई जा रही पोषण माह महापर्व बच्चों एवं महिलाओं को पोषण सम्बन्धी जनजागरूकता में भागीदारी लेकर अधिक से अधिक महिलाओं को लाभ दिलाने के लिए प्रेरित करने के लिए कहा। आयोजित कार्यक्रम मे प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अन्तर्गत 5 गोल्डन कार्ड का वितरण किया गया तथा राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत 10 पोषण पोटली के वितरण के साथ-साथ श्रम विभाग द्वारा हस्त शिल्प के अन्तर्गत प्रमाण पत्रों का माननीय अतिथियों द्वारा वितरण भी किया गया। सर्वोदय ब्लड बैंक एवं कम्पोनेन्ट सेण्टर द्वारा रक्त दान शि. विर का आयोजन किया गया जिसमें 4 जिला संयुक्त चिकित्सालय, शामली में, 41 बीजेपी कार्यालय में व 46 महाराजा अग्रसेन पार्क में ब्लड दाताओं द्वारा ब्लड दिया गया। जनपद में कुल 91 ब्लड दाताओं द्वारा ब्लड दिया गया। सम्मानित अतिथियों द्वारा लगाए गए शिविरों को अवलोकन किया गया व मिलने वाली सेवाओं के विषय में जानकारी ली गई। कार्यक्रम का सफल संचालन आशुतोष कुमार वास्तव ने किया।

# सांसद इकरा हसन की शिकायत पर परिवहन मंत्री ने लिया संज्ञान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली/बिडौली।** शहर के बलवा चौराहे पर बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं में हो रही जनहानि को लेकर कैराना सांसद इकरा हसन द्वारा संसद में उठाए गए सवालों को लेकर सडक परिवहन मंत्री ने संज्ञान लिया है। परिवहन मंत्री ने बलवा चौराहे पर ग्रेड सेपरेटर निर्माण की तकनीकी जांच कराने के आदेश दिए है। गत 11 अगस्त को कैराना की सांसद इकरा हसन द्वारा संसद सत्र में शामली के बलवा चौराहे पर आए दिन हो रहे हादसों का मुददा उठाया था। उन्होने बताया था कि शामली के बलवा चौराहे पर आए दिन सड़क हादसे होने से जनहानि हो रही है। उक्त चौराहे पर दर्जनों हादसे हो चुके है, जिसमें कई लोगों की जान चली गई। सांसद ने बलवा गांव के पास पानीपत खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग और दिल्ली-यमुनौत्री मार्ग के जंक्शन पर ओवरब्रिज या अंडरपास बनवाए जाने की मांग की थी, जिससे दुर्घटना संभावित डार्क स्पॉट को हटाने का अनुरोध किया गया था। कैराना सांसद द्वारा उठाई गई समस्या का केन्द्रीय सडक परिवहन राज्यमंत्री अजय टम्टा ने संज्ञान लिया है। परिवहन मंत्री ने बलवा चौराहे पर ग्रेड सेपरेटर निर्माण की तकनीकी जांच कराने के आदेश देते हुए कैराना सांसद को पत्राचार के माध्यम से अवगत कराया है।

## एक नजर

### गाली-गलौज और मारपीट जान से मारने की धमकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** कैराना रोड पर ग्राम जमालपुर के निकट चार युवकों ने मंसूरा निवासी शोएब को रोककर गाली-गलौच व मारपीट कर फरार हो गए। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी। पीड़ित शोएब पुत्र अय्यूब ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 15 सितंबर को वह अपनी बहन के घर ग्राम गोगवान से बाइक द्वारा दोपहर के समय पर मंसूरा लौट रहा था। जैसे ही वह गन्ना कोल्हू के पास पहुंचा तभी एक अपाची बाइक पर सवार चार युवकों ने झगड़ा शुरू कर पीड़ित के साथ मारपीट कर दी। घटना के दौरान सड़क पर लोगों के इकठा होने पर आरोपी युवक रवि, रजत निवासी ग्राम पावटी कला थाना कैराना व दो अन्य अज्ञात व्यक्ति जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### जिला विद्यालय निरीक्षक से मिले विद्यालय महासभा के पदाधिकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** माध्यमिक वित्तविहीन विद्यालय महासभा के पदाधिकारीयो ने जिला विद्यालय निरीक्षक लता राठौड़ से मिलकर यू डायस पोर्टल से संबंधित समस्याओं का निराकरण करने हेतु अवगत कराते हुए ज्ञापन सौंपा। माध्यमिक वित्तविहीन विद्यालय महासभा के प्रदेश संगठन मंत्री रामपाल सिंह जांगड़ा ने बताया कि स्कूल संचालकों को यू डायस पोर्टल पर बच्चों के डाटा फीडिंग में विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। कुछ विद्यालयों को अभी तक यू डायस नंबर भी नहीं मिला है। जिन बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र व आधार कार्ड नहीं बने हैं उनका डाटा फीड नहीं हो पा रहा है। बहुत से बच्चों का आधार कार्ड भी अपडेट नहीं है जिले में आधार कार्ड सेंटर पर भारी भीड़ है जिसको देखते हुए विद्यालय स्तर पर आधार कार्ड अपडेट के लिए कैंप का आयोजन किया जाए। प्रबंधक महासभा के महासि. चव पुष्पेंद्र वर्सेस ने बताया कि इन सभी समस्याओं को लेकर बुधवार को एक पत्र जिला विद्यालय निरीक्षक लता राठौड़ को सौंपा गया । इस दौरान अध्यक्ष कुलदीप तोमर, देवेंद्र पाल राणा, सतीश संगल आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

### झिंझाना पुलिस ने हत्या के मामले में तीसरा आरोपी दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** ग्राम केरटू के निकट सिद्धू मूसेवाला पंजाबी ढाबा पर हुई मारपीट कर हत्या के मामले में पुलिस ने एक ओर आरोपी अंकित निवासी ग्राम रियावली नगला थाना रतनपुरी जनपद मुजफ्फरनगर को हिरासत में लिया है। 29 अगस्त को अंकुर पुत्र सन्तू निवासी रियावली नगला की ढाबे के पास राजबीर, जयबीर और अंकित ने मारपीट कर हत्या कर दी थी। इस संबंध में मृतक के परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने घटना में शामिल अन्य आरोपियों राजबीर और जयबीर को पूर्व में ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। वहीं अंकित की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने थाने पर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

### 44वीं जूनियर उत्तर प्रदेश राज्य शूटिंग बाल चौंपियनशिप के लिए ट्रायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शामली शूटिंग बॉल एसोसिएशन के सचिव जबर सिंह खैवाल ने बताया कि 44वी जूनियर उत्तर प्रदेश राज्य बालक बालिका शूटिंग बाल चौंपियनशिप के लिए राजकीय इंटर कॉलेज लिलौन में 21 सितंबर को सुबह 9 बजे ट्रायल होगा। ट्रायल से चयनित खिलाड़ी 27 सितंबर को चौधरी चरण सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम बरवाला मुजफ्फरनगर में शूटिंग बॉल फर्स्ट जॉन के लिए प्रतिभा करेंगे। उन्होने बताया कि जो टीम जॉन पर प्रथम द्वितीय या तृतीय आएगी वह 44वी जूनियर उत्तर प्रदेश राज्य शूटिंग बाल स्टेट के लिए 25 व 26 अक्टूबर को जिला गाजीपुर उत्तर प्रदेश में प्रतिभा करेंगें। खिलाड़ियों की आयु एक अप्रैल 2006 के बाद की होनी चाहिए। सभी बालक बालिकाओं को दो फोटो आधार कार्ड लाना आवश्यक है।

# शामली में स्वच्छता ही सेवा 2025 अभियान का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शामली।** नगर पालिका परिषद् में बुधवार को स्वच्छता ही सेवा 2025 अभियान का शुभारंभ चेयरमैन अरविन्द संगल व ईओ विनोद कुमार सोलंकी ने किया। चेयरमैन अरविन्द संगल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर स्वच्छता अभियान की शुरुआत करना गर्व की बात है। स्वच्छ भारत का सपना तभी पूरा होगा जब प्रत्एक नागरिक अपनी जिम्मेदारी समझे और गली-मोहल्लों में स्वच्छता बनाए रखे। ईओ विनोद कुमार सोलंकी ने नगरवासियों से अपील की कि वे कचरा निर्धारित समय पर दें, गीला-सूखा कचरा अलग रखें और सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें। कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने स्वच्छता के प्रति जनजागरण का संकल्प लिया। मौके पर सभासद प्रतिनिधि सलमान अहमद, निरीक्षक अनिल कुमार, लिपिक अनिल शर्मा, प्रदीप बिडला, लक्ष्मण सिंह, सुनिता, जोगेंद्र सिंह, आरती, दीपक चन्द्रा, विनोद निर्वाल, इकबाल अहमद मौजूद रहे।

# सब-रजिस्ट्रार ऑफिस में चोर ने गवाह की जेब से बीस हजार उड़ाए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कृषि भूमि के बैनामे में गवाही करने हरियाणा के व्यक्ति की जेब से सब-रजिस्ट्रार कार्यालय में अज्ञात चोर ने बीस हजार रूपए की राशि चोरी कर ली। चोरी की घटना से हड़कंप मचा है। वहीं, पुलिस मामले से अनभिज्ञता जता रही है।

हरियाणा के जनपद पानीपत के गांव बबैल निवासी सगे भाई संदीप व मनजीत ने यूपी के रामड़ा के जंगल में दस बीघा कृषि भूमि खरीदी है, जिसका बुधवार को बैनामा था। बैनामा किसान संदीप व मनजीत की पत्नी क्रमशः सुमन व बबीता के नाम होना था। किसान संदीप का मित्र होने के चलते गांव तामशाबाद निवासी जश्वीर बैनामे में गवाही के लिए आया था। दोपहर करीब एक बजे जश्वीर को गवाही के लिए तहसील परिसर में स्थित सब-रजिस्ट्रार कार्यालय में बुलाया गया। आरोप है कि वहां पर अज्ञात चोर ने जश्वीर की जेब में रखी बीस हजार रूपए की राशि चोरी कर ली।

गवाही के पश्चात जश्वीर कार में सवार होकर अपने मित्र संदीप आदि के साथ गांव वापिस जाने लगा। जश्वीर के अनुसार, कैराना से बाहर निकलने पर उसने एक व्यक्ति को दस हजार रूपए देने के लिए जेब से पैसे निकालने चाहे, लेकिन जेब में पैसे नही मिले। इसके बाद, उन्होंने बैनामा लेखक नवाब अली को जेब से बीस हजार रूपए चोरी होने के बारे में बताया।

गवाह की जेब से पैसे चोरी होने की खबर से सब रजिस्ट्रार कार्यालय में हड़कंप मच गया। बाद में सब-रजिस्ट्रार कार्यालय में लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला गया, लेकिन भीड़ अधिक होने के चलते चोरी की घटना को अंजाम देने वाले संदिग्ध आरोपी का पता नही चल सका। वहीं, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक समयपाल अत्री ने गवाह की जेब से बीस हजार रूपए की राशि चोरी होने की घटना से अनभिज्ञता जताई है।

### इससे पहले भी हो चुकी हैं घटनाएं

सब-रजिस्ट्रार कार्यालय में व्यवस्थाएं पूरी तरह से चौपट हैं। भीड़ का आलम यह रहता है कि वहां सांस तक लेना भी मुश्किल हो जाता है। इसी का लाभ उठाकर अज्ञात भीड़ में आसानी से घुस जाते हैं, जो आने वाले लोगों की जेबों पर हाथ साफ कर देते हैं। पूर्व में राजपाल नामक व्यक्ति के साथ भी इसी तरह की घटना घटित हो चुकी है, जिससे सब-रजिस्ट्रार कार्यालय के संबंधित अधिकारी ने कोई सबक नही लिया।

# प्राइवेट स्कूल गाड़ी चालक ने बाइक सवार दो युवकों को किया घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**




**शामली।** बुधवार सवेरे एक प्राईवेट स्कूल की गाडी चालक ने तेज गति से लापरवाही दिखाते हुए बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मारकर बुरी तरह से घायल कर दिया। हादसे में एक युवक की मौके पर मौत हो गई, जबकि दूसरे युवक को जिला अस्पताल से मेरठ के लिए रेफर कर दिया गया, जहां उपचार के दौरान दूसरे युवक ने भी दम तोड दिया। पुलिस ने स्कूली गाडी को कब्जे में लेकर आरोपी चालक की तलाश शुरू कर दी है। वही मृतक दोनों युवक ममेरे भाई थे।

झिंझाना क्षेत्र के गांव लपराना निवासी 18 वर्षीय कन्हैया उर्फ अर्जुन पुत्र सतीश अपने मामा के लड़के 22 वर्षीय रोहित पुत्र राजबीर निवासी छपरौली जनपद बागपत के पास राजमिस्त्री का कार्य करता था। राजमिस्त्री के कार्य चलते रोहित भी लपराना में ही कन्हैया के पास रह रहा था। बताया जाता है कि दोनों बुधवार सवेरे करीब 7 बजे अपनी बाइक पर सवार होकर राजमिस्त्री का कार्य करने के लिए शामली आ रहा था। जब वह गांव बधेव पूर्वी यमुना नहर पुल रिवर ग्रीन के पास पहुंचे तो इसी दौरान शामली की ओर से बच्चों को लेकर आ रही फ्लोरेंस डेल पब्लिक स्कूल की स्कूली मिनी बस के चालक ने अपना नियंत्रण खोते हुए लापरवाही से बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक के परखच्चें उड गए और दोनों बाइक सवार कन्हैया व रोहित दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद आरोपी स्कूली बस चालक मौक से फरार हो गया। जबकि आसपास मौजूद ग्रामीणों ने दोनों घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने कन्हैया को मृत घोषित कर दिया, जबकि रोहित की दशा गंभीर होने के कारण मेरठ के लिए रेफर कर दिया गया, जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई।

सूचना से परिजनों में कोहराम मच गया। वही थाना आदर्शमंडी पुलिस ने कन्हैया के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, जबकि रोहित का पोस्टमार्टम मेरठ पुलिस द्वारा कराया जा रहा है। मृतक युवक दोनों ममेरे भाई थे और दोनों की पिता की मृत्यु होने के कारण यह दोनों की परिवार की आजीविका चला रहे थे। युवकों की मौत से परि. जनों में कोहराम मचा हुआ है। वही पुलिस ने बस को कब्जे में लेकर आरोपी चालक की तलाश शुरू कर दी है।

# पीडब्ल्यूडी की जमीन पर अवैध निर्माण, प्रधान ने रुकवाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिडौली।** ग्राम पंचायत वेदखेड़ी के निकट मेरठ-करनाल हाईवे पर पीडब्ल्यूडी की जमीन पर अवैध निर्माण कार्य चल रहा था। जैसे ही इसकी जानकारी ग्राम प्रधान आमिर अली को मिली, वे तत्काल मौके पर पहुंचे और निर्माण कार्य को रुकवाया।

ग्राम प्रधान ने मौके पर खड़े होकर साफ कहा कि यह जमीन सरकारी है और इस पर किसी भी तरह का अवैध कब्जा या निर्माण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने निर्माण कर रहे लोगों को चेतावनी दी कि तुरंत काम बंद करें, अन्यथा प्रशासनिक कार्रवाई कराई जाएगी। इस दौरान अवैध निर्माण कर रहे दबंग लोग प्रधान की आपत्ति से बौखला गए और पत्रकारों के सामने अभद्र टिप्पणी करते हुए कहा . हआप हमारी वीडियो बना लीजिए, हमें कोई फर्क नहीं पड़ेगा। ग्राम प्रधान आमिर अली ने स्पष्ट किया कि गांव और क्षेत्र की सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा किसी कीमत पर नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने प्रशासन से भी मांग की कि ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में कोई भी दबंग प्रवृत्ति के लोग सरकारी भूमि पर कब्जा करने का दुस्साहस न कर सकें।

# यमुना किनारे बाढ़ से तबाह गांवों में अब पशुओं की बीमारी ने बढ़ाई मुसीबत







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिडौली।** यमुना नदी किनारे बसे गांवों में बाढ़ का कहर झेल रहे लोगों की मुसीबतें अभी कम भी नहीं हुई थीं कि अब पशुओं में बीमारी फैलने से ग्रामीण पूरी तरह टूट चुके हैं। हाल ही में यमुना नदी में आए बाढ़ के पानी ने शीतलगढ़ी, फतेहपुर, खाजपुरा चौतरा, कलरी, ओदर, बलहेड़ा समेत आधा दर्जन गांवों में भारी तबाही मचाई थी। ग्रामीणों के अनुसार, इन गांवों में मवेशियों में मुंहपका-खुरपका जैसी गंभीर बीमारी आग की तरह फैल रही है। कई घर ऐसे हैं जहां लगभग सभी पशु इस बीमारी की चपेट में आ चुके हैं। गाय, भैंस और बछड़े बुरी तरह प्रभावित हैं, जिससे पशु दूध देना बंद कर चुके हैं। बीमार पशुओं को देख कर किसान और उनके परिवार बेहद चिंतित हैं।

चौधरी गय्यूर अली पूर्ण प्रधान यूसुफपुर चोतरा का कहना है कि बरसात से पहले टीकाकरण किया गया था।

लेकिन दोबारा फिर से इस बीमारी का में प्रकोप हो गया है। लेकिन सरकार को समय से पहले कदम उठा लेना चाहिए। डॉ संजय कुमार प्राइवेट पशु चिकित्सा का कहना है की यह बीमारी पशुओं में हरियाणा में आई हुई थी दोनों ओर नदी के किनारे बसे गांव के लोग अपने पशुओं को यमुना नदी में चराने के लिए ले जाते हैं जिसकी वजह से हवा के कारण इधर के पशुओं में भी यह बीमारी प्रवेश कर गई है। क्योंकि यह बिमारी अक्षर हवा से ही लगती है नासिर अली ग्राम प्रधान ख्वाजपुरा का कहना है की क्षेत्र के लोग बाढ़ जैसे आपदा से अब तक उभरे भी नहीं थे ऊपर से पशुओं में यह बीमारी आ गई है इसलिए मैं प्रशासन से मांग करता हूं कि जल्द से जल्द पशुओं का उपचार किया जाए।

# घनश्याम दास गर्ग का शामली आगमन पर जोरदार स्वागत

## व्यापार मंडल का प्रदेश अध्यक्ष बनने पर व्यापारियों में खुशी की लहर



**शामली।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग के छठी बार निर्विरोध आगामी 4 साल के लिए प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित होकर शामली आगमन पर शामली जिला व नगर इकाई के व्यापारियों व पदाधिकारीयों ने उनके आवास सीबी गुप्ता कॉलोनी पर जाकर उनको फूल माला व पटका पहनाकर तथा पुष्प गुच्छ भेंट करते हुए उनका शामली आगमन पर जोरदार स्वागत किया प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग ने उपस्थित सभी पदाधिकारी व्यापारियों का आभार कि एवं धन्यवाद व्यक्त किया। शामली जिले व नगर इकाई की घोषणा करते हुए बताया कि बृजभूषण संगल प्रदेश उपाध्यक्ष , नरेंद्र अग्रवाल प्रदेश मंत्री तथा सूर्यवीर सिंह जिला अध्यक्ष व राजेश सिंघल जिला महामंत्री तथा राजेश जैन जिला कषाध्यक्ष, के पदों पर तथा शामली नगर इकाई में रामकुमार राय नगर अध्यक्ष तथा महेश धीमान नगर महामंत्री, ऋषभ जैन नगर कोषाध्यक्ष के पदों पर साथ ही युवा नगर इकाई में शिवम गर्ग नगर अध्यक्ष युवा ,रोहित सिंगला नगर महामंत्री युवा, तथा राजा राय नगर कोषाध्यक्ष युवा के पदों पर मनोनीत किए जाने की घोषणा की। मुख्यत सुभाष चंद्र धीमान प्रदेश संगठन महामंत्री सूर्यवीर सिंह जिला अध्यक्ष, राजेश सिंघल जिला महामंत्री ,प्रदीप संगल जिला संगठन महामंत्री, रामकुमार राय नगर अध्यक्ष, रवि संगल नगर महामंत्री, अनुज गोयल नगर संगठन महामंत्री, पंकज वालिया प्रदेश प्रभारी व्यापारी सेना, मनोज मित्तल, विनीत गोयल प्रदेश संगठन मंत्री, शिवांग गर्ग, रवि कुमार, आशापुरी, आशु बत्रा उपस्थित रहे।


**पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि०**

**अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल, शामली**

पत्रांक 6618 वि.वि.मं./शा./निविदा | दिनांक 17-09-2025

**ई-निविदा सूचना** | दिनांक 17.09.2025

**निविदा संख्या एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण**

1. 14/2025-26, विद्युत वितरण खण्ड-ऊन के कार्यक्षेत्र में जमा योजना के अन्तर्गत स्वीकृत प्राक्कलन के सापेक्ष रनिंग टेण्डर के माध्यम से कार्य कराया जाना।
   प्रपत्र शुल्क – रू0 1180.00, धरोहर राशि –रू0 10000.00
2. 15/2025-26, विद्युत वितरण खण्ड-कैराना के अर्न्तगत विद्युत वितरण उपखण्ड-प्रथम(खेड़ीकरमू) के कार्यक्षेत्र में जमा योजना के अन्तर्गत स्वीकृत प्राक्कलन के सापेक्ष रनिंग टेण्डर के माध्यम से कार्य कराया जाना।
   प्रपत्र शुल्क – रू0 1180.00, धरोहर राशि –रू0 8300.00
3. 16/2025-26, विद्युत वितरण खण्ड-कैराना के अर्न्तगत विद्युत वितरण उपखण्ड-द्वितीय(झिंझाना) के कार्यक्षेत्र में जमा योजना के अन्तर्गत स्वीकृत प्राक्कलन के सापेक्ष रनिंग टेण्डर के माध्यम से कार्य कराया जाना।
   प्रपत्र शुल्क – रू0 1180.00, धरोहर राशि –रू0 8100.00
4. 17/2025-26, विद्युत वितरण खण्ड कैराना के अर्न्तगत विद्युत वितरण उपखण्ड-तृतीय(कैराना) के कार्यक्षेत्र में जमा योजना के अन्तर्गत स्वीकृत प्राक्कलन के सापेक्ष रनिंग टेण्डर के माध्यम से कार्य कराया जाना।
   प्रपत्र शुल्क – रू0 1180.00, धरोहर राशि –रू0 8200.00

**ई-निविदा की अंतिम तिथि** : 13 अक्टूबर 2025, 12:00 बजे

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाईट htpp//etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचनाएं वेबसाईट पर ही प्रदर्शित की जाएगी।

**अधीक्षण अभियंता, विद्युत वितरण मण्डल, शामली**

# विश्वकर्मा जयंती पर भव्य रूप से संपन्न हुए कार्यक्रम


थानाभवन


शामली


शामली


शामली। सरस्वती बालिका विद्या मं. इं. का.


शामली। सरस्वती विद्या मं. इं. का.


शहर के सत्य नारायण इं. का.


शामली। हरदेव नगर सपा कार्यालय


शामली नगरपालिका


शामली। अपर दोआब शुगर मिल

**शाह टाइम्स टीम**

**थानाभवन।** नगर के मौहल्ला कॉम्बोयान व राजो की मोरी मे स्थित भगवान विश्वकर्मा मंदिर मे विशेष हवन,पूजन के साथ-साथ भण्डारे का आयोजन किया गया।

विश्वकर्मा मंदिर कॉम्बोयान में हवन यज्ञ का आयोजन पंडित योगेश शर्मा द्वारा पूजा अर्चना कर किया गया। यज्ञ के यजमान राकेश पांचाल व उनकी पत्नी रही। विदित हो कि भगवान विश्वकर्मा की जयंती देशभर में प्रत्येक वर्ष 17 सितंबर को मनाया जाती है, लेकिन कुछ भागों में इसे दीपावली के दूसरे दिन भी मनाया जाता है। इस दिन देश के विभिन्न राज्यों में, खासकर औद्योगिक क्षेत्रों, फैक्ट्रियों, लोहे की दुकान, वाहन शोरूम, सर्विस सेंटर आदि में पूजा होती है। इस मौके पर मशीनों, औजारों की सफाई एवं रंगरोगन किया जाता है। इस दिन ज्यादातर कल-कारखाने बंद रहते हैं और लोग हर्षोल्लास के साथ भगवान विश्वकर्मा की पूजा करते है। उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, दिल्ली, पंजाब आदि राज्यों में भगवान विश्वकर्मा की भव्य मूर्ति स्थापित की जाती है व उनकी आराधना की जाती है। वही नगर के मोहल्ला राजो की मोरी स्थिति विश्वकर्मा हनुमान मन्दिर मे पंडित हरिओम गोड़ ने हवन-पूजन किया जिसके उपरांत प्रसाद वितरण किया गया। ओर दोपहर के समय विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमे नगर व क्षेत्र के हजारों लोगो ने प्रसाद ग्रहण करके धर्मलाभ उठाया।

पूर्व चेयरमेन संजय शर्मा, पूर्व मंत्री किरणपाल कश्यप के पुत्र गौरव कश्यप, महेश गोयल, पवन गौतम, सुशील पांचाल पत्रकार,विनोद सैनी सभासद, मयंक धीमान, पृथ्वी सिंह पांचाल, मनीष धीमान, प्रमोद जांगिड़, सुधीर जांगिड़, विमल आर्य, देवदत्त आर्य, विजय दत्त आर्य, ब्रजेश धीमान, सतस्वरूप पांचाल,डा। यशपाल जांगिड़, निवास धीमान, राजकुमार कश्यप, संदीप पांचाल, राजू पांचाल, दीपचंद पांचाल, बबली धीमान सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

## विश्वकर्मा जयंती पर हनुमान मंदिर में कार्यक्रम आयोजित

**शामली।** सकल भौतिक जगत के रचयिता,औजारों का अनुसंधान कर-अस्त्र,शस्त्र,कलपुर्जे, मशीनों भवन, वास्तु आदि के निर्माण का विज्ञान मानव जाति को देने वाले भगवान विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर शहर के हनुमान मन्दिर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एमएलसी मोहित बेनीवाल, एमएलसी वीरेन्द्र सिंह, जिलाधिकारी शामली अरविन्द कुमार चौहान सहित आदि द्वारा भगवान विश्वकर्मा जी की पूजा अर्चना की उनको नमन किया।कार्यक्रम के अवसर पर अपने संबोधन में एमएलसी मोहित बेनीवाल ने कहा कि आज बहुत ही शुभ दिन है कि भगवान विश्वकर्मा जयंती के साथ-साथ देश के माद्द प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का भी जन्म दिवस है। उन्होंने अपने संबोधन में केन्द्र और प्रदेश सरकार की उपलब्धियां को बताया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में भगवान विश्वकर्मा जयंती की शुभकामनाएं देते हुए अपने विचार रखे और जनपद की उपलब्धियां पर प्रकाश डाला।कार्यक्रम में सभी वरिष्ठ बुजुर्ग सदस्यों का डीएम द्वारा सम्मान किया गया।कार्यक्रम में मुख्य भजन गायिका कुमारी रश्मि पांचाल व् कुमारी तनु धीमान ने कार्यक्रम में अपने मधुर भजनों की प्रस्तुती दी। कार्यक्रम में महेश धीमान,अमित विश्वकर्मा, वेद प्रकाश आर्य, सेठपाल सिंह प्रवीण पांचाल, दिनेश, मुकेश जैन,प्रमोद विश्वकर्मा आदि नगर वासी मौजूद रहे।

**शामली।** सृष्टि के निर्माता भगवान विश्वकर्मा की जयंती बुधवार को जिलेभर में उल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाई गई। इस अवसर पर जगह-जगह हवन यज्ञ व भंडारों के आयोजन किए गए जिसमें बडी संख्या में समाज के लोगों ने भाग लिया। बुधवार को भगवान विश्वकर्मा की जयंती जिलेभर में धूमधाम एवं उल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर बुढाना रोड स्थित आनंद भवन में सुबह के समय हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञ के यजमान विकास धीमान, प्रवीण जांगिड, मनीष आर्य सपत्नीक रहे। यज्ञ के ब्रहमा देवेन्द्र आचार्य रहे। वक्ताओं ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा को सृष्टि का पहला शिल्पकार, वास्तुकार और इंजीनियर माना जाता है, जिन्होंने देवताओं के महलों और हथियारों का निर्माण किया। यह त्यौहार श्रमिकों, इंजिनियरों और कारीगरों द्वारा विशेष रूप से मनाया जाता है। विश्वकर्मा पूजा करने से काम-धंधों में तरक्की होती है और यह सनातन धर्म के प्रमुख त्योहारों में से एक है। कार्यक्रम के पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर ब्रजमोहन जांगिड, राजेन्द्र स्वामी, संजय धीमान, सुभाष धीमान, अशोक आर्य, पूरन. चंद आर्य, राजपाल आर्य, प्रमोद जांगिड़ सभासद, अजय जांगिड, सुखपाल जांगिड, शिवदत्त जांगिड, साजन पांचाल, कमलकांत धीमान, संजय धीमान, वीभू धीमान, इलमचंद पांचाल, नरेशपाल, आत्मराम जांगिड, रामकुमार जांगिड, रविन्द्र जांगिड मौजूद रहे।

**शामली।** शहर के सत्यनारायण इंटर कालेज में भगवान विश्वकर्मा जयन्ती अत्यन्त उत्साह और धूमधाम से मनाई गई। प्रधानाचार्य अनिल कुमार शर्मा ने भगवान विश्वकर्मा के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित किया एवं पुष्प माला अर्पित की जिसमें सतीश आत्रेय, घनश्याम सारस्वत, अनिल कश्यप, अनुज पाल तथा लोकेन्द्र कुमार आदि उनके सहयोगी रहे। छात्र छात्राओं ने कविता, गीत, भाषण एवं अन्य मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्रधानाचार्य जी ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा को देव शिल्पी कहा जाता है। वे ब्रह्मा जी के मानस पुत्र है तथा उन्होने शिल्प कला का ज्ञान संसार को दिया है। सभी प्रकार के शिल्प कार्य जैसे भवन, फर्नीचर, लोहे का सामान, स्वर्णाभूषण आदि के निर्माण करने वाले सभी शिल्पकारों को भगवान विश्वकर्मा की सन्तान कहा जाता है। इस अवसर पर महेशनारायण गौड़, बिजेन्द्र दत्त गौतम, अरविन्द जैन, साकेत निर्वाल, प्रसून भार्गव, छवि शर्मा मौजूद रहे।

**शामली।** शहर के सरस्वती विद्या मन्दिर इंटर कालेज में विश्वकर्मा जयन्ती का कार्यक्रम आयोजित किया गया। शिक्षक सोमदत्त आर्य ने कहा कि विश्वकर्मा पूजा दिवस भारत के अनेक प्रदेशों में आमतौर पर हर वर्ष 17 सितम्बर को मनाया जाता है। यह उत्सव प्रायः कारखानों एवं औद्योगिक क्षेत्रों में मनाया जाता है। भगवान विश्वकर्मा को विश्व का निर्माता और देवताओं का वास्तुकार माना गया है। भगवान विश्वकर्मा ने द्वारका रूपी पवित्र नगर का निर्माण किया, जहां कृष्ण ने शासन किया। प्रधानाचार्य आनन्द प्रसाद ने भी नव निर्माण व नव सर्जनात्मक विचारों को अपने अन्दर समाहित करने का आवाह्व किया। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य मलूक चन्द, अशोक सोम, नीटू कुमार, सतेन्द्र कुमार, अक्षय कुमार, सागर कुमार, प्रदीप कुमार, भूरू कुमार आदि उपस्थित रहे।

**शामली।** शहर के सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में भगवान विश्वकर्मा जयंती मनाई गई। सर्वप्रथम महिला स्क्वायड टीम की उपनिरीक्षक शिवानी चौधरी व विद्यालय के प्रधानाचार्य रविन्द्र कुमार ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात विद्यालय के संजीव कुमार ने भगवान विश्वकर्मा के विषय में बालिकाओं को जानकारी दी। महिला स्क्वायड टीम की उप निरीक्षक शिवानी चौधरी ने बालिकाओ को वर्तमान समय में महिलाओं के प्रति हो रहे भ्रष्टाचार से सचेत रहने के लिए प्रेरित किया और पुलिस विभाग द्वारा हर प्रकार का सहयोग देने का आश्वा. सन दिया। स्क्वायड टीम के सदस्य सुनीता, रेशु तोमर, आशीष उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य रविन्द्र कुमार ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर संदीप कुमार, अमित कुमार, कपिल कुमार, कविता रानी, अनिता रानी, गीता रानी, साक्षी रानी, उपासना रानी, मोहित कुमार, विकास कुमार, रवि कुमार आदि मौजूद रहे।

**शामली।** बुधवार को अपर दोआब शुगर मिल में विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर हवन यज्ञ आयोजित किया गया। जिसमें मिल के यूनिट हैड संजय शर्मा, इंजीनियरिंग हैड कुलदीप त्यागी, महा प्रबन्धक उत्पादन जगवीर सिंह, उप महा प्रबन्धक गन्ना दीपक राणा, उप प्रबन्धक सुरक्षा गुरप्रीत सिंह एवं अन्य विभागों के अधिकारियों ने यज्ञ में आहुति प्रदान की। इस दौरान भगवान विश्वकर्मा के आदर्शो को अपने जीवन में ग्रहण करने का आहवान किया गया। इस कार्यक्रम के पश्चात यूनिट हैड संजय शर्मा की उपस्थिति एक विशाल भण्डारे का आयोजन राजेन्द्र पार्क, शुगर मिल में किया गया। जिसमें सभी कर्मचारियों व अधिकारियों ,द्वारा प्रसाद ग्रहण किया गया।

**शामली।** शहर के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जूनियर स्कूल शामली में भगवान विश्वकर्मा की जयंती बड़े धूमधाम के साथ मनाई गई। प्रधानाचार्य संजय सैनी व मुख्य वक्ता शिवकुमार धीमान, कार्यक्रम संयोजक संदीप कुमार ने भगवान विश्वकर्मा के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन और पुष्पर्चन किए। प्रधानाचार्य संजय सैनी ने बताया कि भगवान विश्वकर्मा ने संसार की भलाई के लिए अनेकों कार्य किया जो व्यक्ति भगवान विश्वकर्मा की पूजा करता है वह अपने कार्य कौशल में कुशलता प्राप्त करता है। श्रमिक वर्ग प्रत्एक कार्य से पहले भगवान विश्वकर्मा की पूजा करके कार्य को प्रारंभ करता है। इस अवसर पर रविंद्र कुमार, प्रवेश शर्मा, आशीष जैन, आदेश धीमान, संदीप कुमार, करूणकांत शर्मा, मोहित कुमार, बिजेंद्र कुमार, रिचा संगल, इना गर्ग, बिंदिया बिंदल, लक्ष्मी गर्ग, रितु शर्मा, रितु रूहेला आदि मौजूद रहे।

**शामली।** बुधवार को भगवान विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर नगर पालिका द्वारा शहर के भिक्की मोड पर भगवान विश्वकर्मा चौक का लोर्कापण किया गया। बुधवार को चेयरमैन अरविन्द संगल, एडीएम द्धन्यायिकऋ परमानंद झां, रघुवीर सिंह आर्य द्वारा संयुक्त रूप से भगवान विश्वकर्मा चौक का लोकार्पण किया गया। एडीएम परमानंद झां ने कहां कि वर्तमान युग में जब विज्ञान और तकनीक का बोल. बाला है, तब विश्वकर्मा जी की प्रासंगिकता और भी बढ़ जाती है। वे हमें यह सिखाते हैं कि सृजन ही जीवन का मूल है और प्रत्एक कार्य अगर श्रद्धा और निष्ठा से किया जाए, तो वह ईश्वर की उपासना बन जाता है। चेयरमैन अरविन्द संगल ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा को स्वर्ग लोक, पुष्पक विमान, कुबेरपुरी जैसे सभी देवनगरी का रचनाकार कहा जाता है। सृष्टि के रचयिता भगवान ब्रह्मा की सातवीं संतान भगवान विश्वकर्मा को माना जाता है। इस अवसर पर ईओ विनोद कुमार सोलंकी, रघुवीर सिंह आर्य, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक अनिल कुमार, अवर अभियन्ता जलकल हर्षित गर्ग, राजस्व निरीक्षक चन्द्र किशोर पटेल, लिपिक अनिल कुमार शर्मा आदि मौजूद रहे।

**शामली।** शहर के हरदेव नगर स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर भगवान विश्वकर्मा जयंती पर पूजा कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि प्रो। सुधीर पंवार ने कहा कि भारतीय संस्कृति में दस्तकारों और श्रमिकों को सर्वोच्च सम्मान देने की परंपरा रही है। समाजवादी पार्टी श्रमिकों के सम्मान और कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है।

कार्यक्रम के आयोजक पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष बिट्टू पांचाल ने कहा कि विश्वकर्मा सृष्टि के रचयिता हैं और यह दिन निर्माण का उत्सव है। मजदूर सभा जिलाध्यक्ष देवेंद्र वालिया ने कहा कि वर्तमान सरकार में शिल्पियों का शोषण हो रहा है और श्रम कानून कारपोरेट पक्ष में बदले जा रहे हैं। जिला उपाध्यक्ष जावेद जंग ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा सभी के पूजनीय हैं। कार्यक्रम में कालूराम ठेकेदार, मोनू, विनोद व सोनू विश्वकर्मा को सम्मानित किया गया।

# पीएम के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर व एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** बुधवार को देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर रेड क्रॉस सोसाइटी शामली द्वारा सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत रक्तदान शिविर व एक पेड मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सोसाएटी द्वारा लगाए गए रक्तदान शिविर में जहां करीब 60 यूनिट रक्तदान किया गया वही जिला अस्पताल में एक पेड मां के नाम लगाया गया।





बुधवार को शहर के जिला अस्पताल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर रेड क्रॉस सोसाइटी शामली द्वारा सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत रक्तदान शि. विर का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ रेडक्रॉस सोसाएटी के चेयरमैन कुशांक चौहान, सीएमओ डा। अनिल कुमार, एसीएमओ डा। अथर जमील ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस दौरान रेड क्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन सहित पदा. धिकारियों ने रक्तदान किया। वही शहर के अग्रसैन पार्क में भी रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। दोनों शिविरों में करीब 60 यूनिट रक्तदान किया गया। इसके अलावा सोसाएटी के पदाधिकारियों ने स्वास्थ्य विभाग के साथ जिला अस्पताल में एक पेड मां के नाम पौधारोपण किया। जिसमें पौधारोपण करते हुए उसकी देखभाल करने का भी संकल्प लिया गया। इस अवसर पर सचिव डा। अथहर जमील, जिला एग्जीक्यूटिव कमिटी के सदस्य डा। अक्षय कुमार, अजय संगल, पंकज गुप्ता, अर्जुन वर्मा, विपिन चौहान, डा। जनेश्वर चौहान, श्वेता चौहान, अलका, वीणा अग्रवाल मौजूद रहे।

**शामली।** भाजपा जिला कार्यालय में बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75वें जन्मदिवस पर सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा महा रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। इसमें 76 यूनिट रक्तदान हुआ।

मुख्य अतिथि जिले के प्रभारी मंत्री दिनेश खटीक, प्रदेश उपाध्यक्ष व एमएलसी मोहित बेनिवाल, एमएलसी चौ। वीरेन्द्र सिंह और जिलाध्यक्ष भाजपा तेजेन्द्र निर्वाल रहे। राज्यमंत्री दिनेश खटीक ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी गरीब, वंचित, दलित, आदिवासी एवं किसानों के मसीहा के रूप में कार्य कर रहे हैं। प्रत्एक वर्ष उनके जन्मदिवस पर सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजित कर समाजसेवा की प्रेरणा ली जाती है। उन्होंने रक्तदान करने वाले कार्यकर्ताओं को बधाई दी और प्रधानमंत्री के दीर्घायु होने की कामना की। भाजयुमो जिलाध्यक्ष रोहित विश्वकर्मा के नेतृत्व में आयोजित इस शिविर में भाजपा व युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने 76 यूनिट रक्तदान किया। मौके पर क्षेत्रीय उपाध्यक्ष युवा मोर्चा सिद्धार्थ युगल, सचिन जैन भगतजी, क्षेत्रीय मंत्री विनीत बालियान, नीरज जाटव, दीपक कोरी, दामोदर सैनी मौजूद रहे।

# थानाभवन निवासी खान मोहम्मद को भारत की नंबर 1 फार्मा कंपनी ने सिंगापुर में किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उत्तर प्रदेश के जिला शामली के थाना भवन निवासी खान मोहम्मद को भारत की नंबर-1 फार्मा कंपनी सनफार्मा फार्मास्युटिकल इंडस्ट्रीज ने सिंगापुर में आयोजित कार्यक्रम में अवार्ड देकर सम्मानित किया है। खान मोहम्मद सनफार्मा फार्मास्युटिकल इंडस्ट्रीज कंपनी मैं ड के पद पर कार्यरत हैं। जिला मुजफ्फरनगरधजिला शामली में कार्य देखते हैं खान मोहम्मद का यह 6वां सम्मान है जो सनफार्मा ने प्रदान किया।




खान मोहम्मद अपनी डड्यूटी का कर्तव्य ईमानदारी सच्चाई और मेहनत से करते हैं खान मोहम्मद का कहना है कि मेहनत करने वालों की दुनिया अलग होती है - ना वो हार मानते हैं, ना किस्मत को दोष देते हैं।ष्एक दिन ईश्वर अल्लाह उनको इज्जत का भागीदारी बना देता हैं। खान मोहम्मद ने आगे कहा कि लोग तो साधन से आगे बढ़ते हैं मैने अपनी जिंदगी बड़ी कठिन से गुजारी है मैने अपने आप को .ढ़ मजबूती से समर्पण रखा है मैने मजबूरियों को अपने ऊपर कभी हावी नहीं होने दिया है आज जो कुछ हैं मां बाप भाई बहन गुरुओं दुआओं का आशीर्वाद हैं खान मोहम्मद ने कहा कि मेहनत के सामने तो किस्मत की कोई औकात नहीं, जो आपके सपनों को पूरा होने से रोक सके आज मेरी मेहनत ने मुझे यहां तक पहुंचाया ए मेरे लिए बड़ी गर्व की बात है । मैं आगे भी मेहनत और सच्चाई पर काम करता रहूंगा और अपनी कम्पनी को आगे बढ़ाता रहूंगा। इससे पहले सनफार्मा ने खान को मलेशिया, तुर्की, इंडोनेशिया, वियतनाम व थाईलैंड में सम्मानित किया। खान मोहम्मद ने सभी अतिथि गणों का आभार व्यक्त किया और उन्होंने कंपनी के उच्च अधिकारियों का धन्यवाद कर आभार जताया।

# स्वस्थ नारी सशक्त परिवार कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली/कांधला।** विकासखंड क्षेत्र के गंगेरू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर स्वास्थ्य विभाग के द्वारा स्वस्थ नारी सशक्त परिवार कार्यक्रम के अंतर्गत विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ ग्राम प्रधान पति राशिद जंग के द्वारा किया गया। इस दौरान दर्जनों महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण निशुल्क किया गया और उन्हें आवश्यक दवाइयां वितरित की गई।ग्राम प्रधान पति राशिद जंग ने कहा, स्वस्थ नारी ही स्वस्थ परिवार की आधारशिला होती है। बरसात के मौसम में सड़कों पर जल जमाव व स्वच्छता की कमी के कारण कई बीमारियां फैलने का खतरा बढ़ जाता है। इसलिए समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराना बेहद जरूरी है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें और समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराते रहें। महिला डॉक्टर नीलम ने बताया कि विशेष रूप से महिलाओं को स्वस्थ रहने के लिए नियमित जांच कराते रहना चाहिए बीमारियों के लक्षण पहचानने, सही पोषण लेने और साफ-सफाई के प्रति जागरूक कर रहे हैं ताकि वे स्वस्थ जीवन जी सकें। इस दौरान कार्यक्रम में फार्मासिस्ट परविंदर, डॉक्टर अहसान, गुड्डू सिद्दीकी, ओवैस अंसारी, कादिर जंग, आमिर जंग, सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम मौजूद रही।

# नैनो उत्पादों के बारे में किसानों को किया गया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**कैराना।** बुधवार को सहकारिता विभाग एवं स्वदेशी उर्वरक निर्माता संस्था इफको द्वारा नैनो उर्वरक जागरूकता अभियान के तहत बहुद्देशईय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति लिमिटेड भूरा (बी-पैक्स) के प्रांगण में किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता समिति सभापति मोहम्मद मुस्तफा अली ने की। इफको के क्षेत्र अधिकारी विवेक सिंह ने किसानों को रासायनिक उर्वरकों के अंधाधुंध प्रयोग से होने वाले नुकसान के बारे में अवगत कराया। उन्होंने बताया कि नैनो उर्वरक से रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग पचास फीसदी तक कम किया जा सकता है। क्षेत्र अधिकारी ने नैनो यूरिया प्लस, नैनो डीएपी, नैनो कॉपर, नैनो जिंक, सागरिका तथा इफको के अन्य उत्पादों के बारे में किसानों को बताया। उन्होंने किसानों को इफको उत्पादों से होने वाले लाभ एवं प्रयोग विधि के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी। बताया कि फसल में पहली सिंचाई के समय दानेदार यूरिया का इस्तेमाल करें। उसके बाद दो स्प्रे नैनो यूरिया प्लस के 20-25 दिन के अंतराल पर किए जाए, जिससे फसल उत्पादन के साथ-साथ मृदा उर्वरता भी बनी रहेगी और वातावरण शुद्ध रहेगा। सहायक विकास अधिकारी सुधीर पंवार ने बताया कि रासायनिक उर्वरकों से भूमि एवं जलवायु प्रदूषित हो रहे है। नैनो उर्वरक पूर्णतः स्वदेशी उत्पाद है। यह उत्पाद भूमि एवं जलवायु को दूषित नहीं करते है। इनसे पर्यावरण स्वच्छ रहता है तथा कम लागत में किसान अधिक पैदावार ले सकते है। समिति सचिव सुमित ने गोष्ठी में सहकारिता विभाग द्वारा चलाए जा रहे सदस्यता महाभियान-2025 के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। पूर्व सभापति वीरेंद्र सिंह चौहान ने किसानों से नैनो उर्वरक व सागरिका आदि के इस्तेमाल की अपील की। इस अवसर पर उप-सभापति अशफाक अली समेत सैंकड़ों किसान उपस्थित रहे।

**सम्बन्ध-विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र **शुभम कुमार** मेरे कहने-सुनने में नहीं है। **शुभम कुमार** को मैं अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर उससे संबंध विच्छेद करता हूं। भविष्य में **शुभम कुमार** के द्वारा किए किसी भी कृत्य व लेन-देन के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

**रन कुमार पुत्र सभाचन्द**
निवासी: ग्राम अजीजपुर थाना झिंझाना, जिला शामली।

# चोरों ने दंपति को घायल कर आभूषण व नकदी पर किया हाथ साफ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** चोरों ने घर के बरामदे में सो रहे बुजुर्ग दंपती को लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर सोने-चांदी के आभूषण और नकदी चोरी करके ले गए। घायलों को निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया।

बेगमपुर निवासी 60 वर्षीय रो. हताश 56 वर्षीय पत्नी सुदेश के साथ बरामदे में सो रहे थे, जबकि परिवार के अन्य सदस्य कमरों में लेटे थे। इसी दौरान कई चोर दीवार कूदकर घर में घुस गए। उन्होंने एक कमरे में लगा ताला तोड़ा और वहां रखी अलमारी से सोने की अंगूठी, मंगलसूत्र, एक जोड़ी चुटकी, चांदी की पाजेब समेत अन्य आभूषण व करीब पांच हजार रुपये की नकदी चोरी कर ली, आहट से रोहताश और सुदेश की आंख खुल गई, शोर मचाने का प्रयास किया तो चोरों ने उन पर लाठी डंडों से हमला कर दिया। जिसमें वह लहुलुहान हो गए, जाग होने पर चोर जंगल के रास्ते फरार हो गए। रोहताश के मुताबिक चोरों की संख्या तीन से चार थी। पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना करते हुए जल्द खुलासा किये जाने का आश्वा. सन दिया, पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरु कर दी गई है।

# रेहडा व बाईक की टक्कर में दो महिलाओं सहित तीन घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** रेहड़ा और बाइक की टक्कर में दो महिलाओं समेत तीन लोग घायल हो गए। जिन्हें निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया।

नागल थानाक्षेत्र के तांशीपुर गांव निवासी असलम बाइक पर सवार होकर देवबंद से अपने गांव वापस लौट रहा था, साथ में परिवार की शाजिया और आसमां भी बैठी थीं, जैसे ही वह दिल्ली-देहरादून हाईवे तल्हेड़ी बुजुर्ग बस स्टेंड पर पहुंचे तो पीछे से आए बाइक रेहड़ा ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। इसमें तीनो लोग घायल हो गए। राहगीरों ने उन्हें निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे गई। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# रक्तदान व पौधारोपण कर मनाया प्रधानमंत्री का जन्मदिन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** पालिकाध्यक्षक विपिन गर्ग ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में देश में विकास के नए आयाम स्थापित हुए है वहीं, विश्व भर में भारत का मस्तक ऊंचा हुआ है।

विपिन गर्ग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सुधार जनकल्याण चेरिटेबिल ब्लड सेंटर के तत्वावधान में आयोजित रक्तदान शिविर का उद्घाटन करने के उपरांत अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासन काल में जितना विकास हुआ हैं व अन्य किसी भी सरकार में नहीं हुआ। संस्था के चेयरमैन डा. शमशाद अहमद ने बताया कि शिविर में 18 यूनिट रक्तदान हुआ है। इस मौके पर चिकित्साधीक्षक डा. रियंका चौधरी, डा. सुखपाल सिंह, डा. बीपी सिंह, डा. पवन सवई, विपिन भारतीय, अधिवक्ता विपिन त्यागी, विनय





कुच्छल आदि मौजूद रहे। जामिया तिब्बिया मैडिकल कालेज एवं अस्पताल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर पौधारोपण कर उनके दीर्घायु की कामना की गई। साथ ही मिष्ठान का वितरण भी किया गया। प्रबंधक डा. अनवर सईद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जब से देश की कमान संभाली है तभी से भारत तरक्की की राह पर अग्रसर है। इस मौके पर सचिव डा. अख्तर सईद, उपप्राचार्य डा. मोहम्मद फसीह, डा. अहतेशामुलहक आदि कॉलेज का समस्त स्टाफ शामिल रहे। उधर, भाजपा एवं युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं द्वारा बूथ स्तर पर सफाई अभियान चलाया गया। कायस्थवाड़ा मुहल्ले में भाजपा नेता राममोहन सैनी के आवास पर भी प्रधानमंत्री मोदी का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया।

# हर्षोल्लास के साथ मनाई भगवान विश्वकर्मा जयंती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** भगवान विश्वकर्मा जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। विभिन्न संगठनों एवं शिक्षण संस्थानों में कार्यक्रम आयोजित कर भगवान विश्वकर्मा को श्रा सुमन अर्पिक किये।

रेलवे रोड स्थित केएल जनता इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में स्कूल प्रबंधक दीपक राज सिंघल प्राधानाचार्य राज कुमार ने भगवान विश्वकर्मा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पिक की। इस अवसर पर दीपक राज सिंघल ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा ने स्वर्गलोक इंद्रपुरी सोने की लंका द्वारकापुरी जैसे ऐतिहासिक नगरो का निर्माण किया। हम सबको उनसे प्रेरणा लेते हुए कर्म को अपने जीवन का आधार बनाना चाहिए। कार्यक्रम में संजय धीमान, अनुज





त्यागी, स्वाति सिंघल, बलदेव शर्मा, सुमन शर्मा, आलोक कुमार, सचिन कुमार, आदेश कुमार, ओमकुमार, उपासना शर्मा, आशीष कुमार, भारत गोयल, विनय चौहान, राहुल कुमार, संदीप कुमार, अर्चना शर्मा, शिखा सिंघल आदि स्कूल का समस्त स्टाफ शामिल रहे। **उधर,** श्री त्रिपुर माँ बाला सुंदरी शक्तिपीठ स्थित प्राचीन विश्वकर्मा मंदिर में श्री विश्वकर्मा सेवा समिति द्वारा विधि विधान के साथ यज्ञ किया गया। यज्ञ के यजमान कुणाल धीमान और मंदिर शिखर पर ध्वजारोहण तुषार धीमान ने किया। कार्यक्रम संयोजक गौरव विवेक ने कहा कि भगवान श्री विश्वकर्मा शिल्प, वास्तुकला इंजीनियर के देवता है। नरेश धीमान, राजकुमार धीमान, विशु धीमान, विपिन भारतीय, नरेंद्र धीमान, शुभम उपाध्याय, दीपक कुमार, अमित कुमार आदि मौजूद रहे। उधर, हाईवे स्थित सभागार में विश्वकर्मा जयंती धूमधाम से मनाई गई। नरेंद्र धीमान की अध्यक्षता में आयोजित हुए कार्यक्रम में खानपुर विधायक उमेश कुमार, मंजुल धीमान, जनेश्वर प्रसाद, पालिकाध्यक्ष विपिन गर्ग, भाजपा नगरध्यक्ष अरुण गुप्ता अतिथि के रूप में शामिल हुए। मांगेराम धीमान, सतीश धीमान, संजय धीमान, राजीव कपिल, गौरव धीमान आदि मौजूद रहे।

# श्रीमद् भागवत कथा में पहुंचकर राज्य मंत्री कुंवर बृजेश सिंह ने लिया आशीर्वाद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** गांव रणखंडी में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के सातवें दिन कथा व्यास नृसिंह पीठाधीश्वर स्वामी रसिक महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की रास लीलाओं का वर्णन किया। क्षेत्रीय विधायक एवं लोक निर्माण विभाग राज्यमंत्री कुंवर बृजेश सिंह कथा सुनने पहुंचे और महाराज का आर्शीवाद लिया। व्यासपीठ पर विरा. जमान नृसिंह पीठाधीश्वर स्वामी रसिक महाराज ने कहा कि श्रीकृष्ण की तरह हमें भी अपने जीवन की तमाम समस्याओं का डटकर सामना करना चाहिए तभी हम जीवन में सफल हो सकते हैं। कहा कि संकीर्ण पंथों का दखल समाज में बढ़ता जा रहा है, इसलिए हमें इनसे सावधान रहने की आवश्यकता है। कथा के दौरान प्रस्तुत भजनों पर श्रद्धालु जमकर झूमे। बुधवार को क्षेत्रीय विधायक एवं लोक निर्माण विभाग राज्यमंत्री कुंवर बृजेश सिंह, पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष मोहित बेनिवाल और त्यागी भूमिहार ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष मांगेराम त्यागी ने गांव रणखंडी पहुंच कथा सुनी और महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान कथा आयोजन समिति के अध्यक्ष पूर्व ब्लॉक प्रमुख ठाकुर अनिल सिंह, प्रदीप राणा, रणदीप राणा, पूजा देवी, चारु देवी आदि शामिल रहे।



# किसानों की मांगों को लेकर दिया ज्ञापन

**देवबन्द।** भारतीय किसान संघ की आयोजित बैठक में किसानों की विभिन्न समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया। साथ ही मांगों से संबंधित मुख्यमंत्री के नाम सम्बोधित ज्ञापन दिया गया।

एसडीएम कार्यालय परिसर में आयोजित बैठक में भारतीय किसान संघ गन्ना प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक श्यामवीर त्यागी ने कहा कि सरकार ने किसानों की आय दोगुनी करने का वादा किया था। पेराई सत्र 2024-25 में किसान सरकार की तरफ आशा भरी निगाहों से देख रहा था, लेकिन सरकार ने गन्ना मूल्य नहीं बढ़ाया। इस बार सरकार को किसान हित में गन्ना भाव कम से कम 450 रुपये प्रति कुंतल घोषित करना चाहिए। पूर्व जिलाध्यक्ष राहुल त्यागी ने कहा कि अत्यधिक वर्षा और बीमारी के कारण किसानों की फसलों का बेहद नुकसान हुआ है। किसान संघ सरकार से मांग करता है कि इस नुकसान की भरपाई की जाए। पूर्व जिला महामंत्री विक्रम सिंह पुंडीर ने फसलों को नुकसान पहुंचाने वाले बेसहारा पशुओं गौशाला छुड़वाए जाने की मांग की। किसानों ने एसडीएम युवराज सिंह के माध्यम से मांगों से संबंधित ज्ञापन मुख्यमंत्री को भेजा। इस मौके पर आदेश कुमार त्यागी, राकेश त्यागी, पप्पू कश्यप, पप्पू प्रधान, सिंकदर आलम, चौ. रामस्वरूप, मनोज सिंघल, कर्ण सिंह, ऋषिपाल सिंह, राजकुमार आदि किसान शामिल रहे।



# खाद्य आपूर्ति विभाग की टीम ने दुकानों से वस्तुओं के लिए सैंपल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** खाद्य आपूर्ति विभाग ने ग्रामीण क्षेत्रों में खाने की विभिन्न वस्तुओं के दुकानों से सैंपल लिए। इस दौरान दुकानदारों में हड़कंप मचा रहा।

खाद्य आपूर्ति विभाग के फूड इंस्पेक्टर तहसील के गांव खेड़ा मुगल में नवरात्र प्रारंभ होने से पूर्व चेकिंग अभियान चलाया। नवरात्रों के दौरान श्रद्धालुओं द्वारा प्रमुखता के साथ कुट्टू के आटे का सेवन किया जाता है जिस विभाग केअधिकारियों द्वारा सख्त दिशा निर्देश दिए गए और कोई भी दुकानदार एक्सपायरी समान ग्राहकों वितरित नहीं करेगा। खाद्य विभाग के फूड इंस्पेक्टर महेश कुमार ने बताया गया अगर कोई भी दुकानदार एक्सपायरी डेट के दौरान भी पैकिंग का सामान जैसे हल्दी, मिर्च, बेसन, मिल्क पाउडर और कुट्टू का आटा बेचते हुए पाया जाता है तो उनके खिलाफ विभाग द्वारा कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान उन्होंने दुक. ानदारों के लाइसेंस भी चौक किए। साथ ही निर्देशित किया कि जिसमें विभाग द्वारा दुकानदार नए लाइसेंस का पंजीकरण कराने के साथ-साथ पुराने लाइसेंस का नवीनीकरण कर समय रहते करा ले। अन्यथा उनके खिलाफ विभागीय कारवाई की जाएगी। हालांकि चौकिंग के दौरान दुकानदारों में अपरा-तफरी का माहौल बना रहा। इतना ही नहीं कई दुकानदार टीम की मौजूदगी के चलते अपने प्रतिष्ठान बंद कर इधर-उधर होकर टीम की गतिविधियों पर नजर रखे रहे।

# रामलीला मंचन का विधि विधान से किया गया शुभारंभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** श्री विष्णु कला मंडल के तत्वावधान में रामलीला मंचन का शुभारंभ विधि विधान से किया गया। प्रथम दिन नारद मोह की लीला का कलाकारों ने सजीव मंचन किया। रामलीला भवन में आयोजित कार्यक्रम में पूजा अर्चना पंडित कालिका प्रसाद ने संपन्न कराई। उद्घाटन समाजसेविका प्रियमवदा राणा ने किया। कलाकारों ने प्रथम दिन नारद मोह की लीला का मंचन करते हुए कलाकारों ने दिखाया कि कामदेव पर विजय प्राप्त करने के बाद नारद मुनि को घमंड हो जाता है कि उनसे बड़ा तपस्वी कोई नहीं है। नारद के इस अभिमान को देखकर भगवान विष्णु उन्हें सबक सिखाने का निश्चय करते हैं। इस मौके पर श्री विष्णु कला मंडल की ओर से अतिथियों को सम्मानित किया गया। अध्यक्ष नितिन गुप्ता, गगन मित्तल, सभासद मनोज सिंघल, संध्या गुप्ता, शुभ्रा मित्तल, तृप्ति मित्तल, विपिन गर्ग, अशोक गुप्ता, निखिल अग्रवाल आदि मौजूद रहे।



# बाइक लूटेरा 25 हजार का इनामी बदमाश मुठभेड़ में घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली/कांधला।** थाना क्षेत्र की खंद्रावली नहर पटरी पर पुलिस की बदमाशों के साथ मुठभेड़ हो गई मुठभेड़ में 25000 का इनामी लुटेरा पुलिस की गोली लगने से घायल हो गया। घायल बदमाश का एक साथी अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में कामयाब रहा पुलिस तलाश में जुटी हुई है। पकड़े गए घायल बदमाश के ऊपर आधा दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करते हुए उपचार के बाद जेल भेज दिया है। एसपी शामली एनपी सिंह द्वारा बताया गया कि थानाभवन थाना क्षेत्र में गत सात जुलाई को भनेड़ा उदा नहर पुल पर बदमाशों ने एक बाइक सवार युवक से मारपीट करते हुए नगदी-मोबाइल ओर बाइक लूट ली थी। पीडत ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामले में थाना क्षेत्र के गांव खंद्रावली निवासी बदमाश शाहरुख पुत्र सलीम ओर उसके साथी का नाम प्रकाश में आया था। आरोपी बदमाशों के न मिलने पर 25-25 हजार रूपए का इनाम घोषित कर दिया गया। मंगलवार देर रात में थाना प्रभारी सतीश कुमार अपनी टीम के साथ खंद्रावली नहर पटरी पर चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान पुलिस को सूचना मिली कि बाइक पर सवार होकर दो बदमाश कांधला की ओर आ रहे हैं। पुलिस ने बाइक सवार दोनों बदमाशो को रुकने का इशारा किया, लेकिन बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाब में पुलिस ने भी फायरिंग की। इस बीच गोली लगने से एक बदमाश घायल हो गया, जबकि उसका साथी अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया। पुलिस ने घायल बदमाश को हिरासत में ले लिया। पुलिस हिरासत में बदमाश ने अपना नाम शाहरुख निवासी खंद्रावली बताया। पुलिस ने आरोपी बदमाश के कब्जे से थानाभवन में लूटी गई बाइक, तमंचा ओर कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस ने घायल बदमाश को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। पकड़े गए बदमाश ने अपने साथी का नाम लाखन बताया है जिसकी पुलिस तलाश कर रही है।थाना प्रभारी सतीश कुमार ने बताया कि आरोपी बदमाश पर 25 हजार रुपए का इनाम है, ओर उस पर पूर्व में भी अपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। बुधवार को पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर उपचार के बाद अभियोग दर्ज बदमाश को जेल भेज दिया है। पुलिस फरार बदमाश की तलाश कर रही है।



# किशोरी के साथ दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

**कांधला।** एक व्यक्ति ने विगत दो सितंबर को थाने पर तहरीर देकर बताया था कि उसकी नाबालिग बहन को पानीपत के थाना सनौली क्षेत्र के गांव राणा माजरा निवासी शाहरुख उर्फ भोलर अपने साथ भगा कर ले गया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अभियोग दर्ज करते हुए आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। पुलिस ने कई दिन पूर्व किशोरी को बरामद कर मेडिकल परीक्षण कराने के बाद न्यायालय के समक्ष बयान दर्ज कराए थे। आरोपी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया था पुलिस लगातार तलाश कर रही थी। किशोरी ने आरोपी पर बहला-फुसलाकर भगा ले जाने और उसके साथ दुष्कर्म करने का मामला दर्ज कराया था। बुधवार को पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए दुष्कर्म के आरोपी शाहरुख को गिरफ्तार करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेज दिया।

# जिला पंचायत अध्यक्ष ने चलाया स्वच्छता अभियान

**नागल।** जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा गांव चन्देना कोली में स्वच्छता अभियान चलाया गया। बुधवार को राम सेवा समिति के तत्वावधान में जिला पंचायत अध्यक्ष मांगेराम चौधरी अन्य भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ गांव चंदेना कोली में पहुंचे। जहां उन्होंने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष में स्वच्छता अभियान को गति दी। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस युग के अवतार है। जो देश की संप्रभुता, एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए हर संभव प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को विश्व पटल पर पहुंचाकर देश का लोहा मनवाया है। स्वच्छता अभियान के दौरान देवबंद गन्ना समिति के निदेशक पपिन चौधरी ने कहा कि देश को ऐसा नेतृत्व करने वाले पीएम का मिलना हम सभी के लिए गौरव की बात है। इस दौरान मुनेश प्रधान, अनुराग आर्य, निशांत चौधरी ,सुनील कुमार, भोला, अश्वनी आदि ग्रामीणों ने स्वच्छता अभियान में सहभागिता निभाई।



# संदिग्ध अवस्था में कमरे में मृत मिली विवाहिता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** थाना क्षेत्र के गांव सूबरी मेहराब में एक विवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थितियों मे मिला है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है।

गांव के ललित कश्यप नामक युवक की पत्नी सविता कमरे के अंदर संदिग्धावस्था में मृत पाई गई। मृतका के परिजनों को किसी ग्रामीण द्वारा सूचना दिए जाने पर उन्होने घटना की जानकारी पुलिस की डायल 112 पर दी तो डायल पुलिस व स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंची और उसने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया । फोरेंसिक टीम व एस ओ जी टीम ने भी घटनास्थल पर जाकर फिंगर प्रिंट व अन्य जानकारियां जुटाई। बताया जाता है कि मृतका मुजफ्फरनगर के खतौली थाना क्षेत्र के गांव मड करीमपुर निवासी है। उधर महिला के परिजनों ने ससुराल पक्ष पर हत्या का कथित आरोप लगाया है। थाना प्रभारी निरीक्षक रमेश चंद सिंह के मुताबिक अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।



# बस स्टैंड के पास विद्युत लाइन में लगी आग, कई घंटों बाद बहाल हुई बिजली आपूर्ति



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** बीती रात थाना भवन में शामली बस स्टैंड के पास अचानक विद्युत लाइन में आग लगने से क्षेत्र की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। आग लगते ही इलाके में हड़कंप मच गया और अंधेरा छा गया। विद्युत आपूर्ति ठप्प होने के बाद लोगो को काफी परेशानियों को सामना करना पड़ा।जिसकी सूचना विद्युत विभाग को दी गई। सूचना मिलते ही विद्युत विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर पहुंचे तथा मरम्मत कार्य शुरू कर दिया। विभागीय टीम ने घंटों की मशक्कत के बाद क्षतिग्रस्त लाइन की मरम्मत कर बिजली आपूर्ति दोबारा बहाल की। अधिकारियों ने बताया कि आग लगने के कारण विद्युत लाइन को नुकसान पहुंचा था, जिसे दुरुस्त करने में समय लगा। फिलहाल स्थिति सामान्य हो गई है और क्षेत्रवासियों को राहत मिली है।

# प्रतियोगिता में विजई कैडेट्स को किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** लाला लाजपत राय इंटर कॉलेज थाना भवन में आयोजित तीन दिवसीय स्काउट कैंप का बुधवार को समापन हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य चंदेश्वर प्रसाद व स्काउट मास्टर सुरेंद्रनाथ व कृपाशंकर सिंह तथा स्काउट की डीओसी गीता रानी ने झंडा फहराकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

स्काउट केडिट्स को विभिन्न टोली में बांटा गया था। जिन्होंने अपनी अपनी टोली के सदस्यों के साथ मिलकर भिन्न-भिन्न नाम से टेंट का निर्माण किया। टोली का निरीक्षण जिला आयोजन आयुक्त गीता रानी के साथ विद्यालय के शिक्षकों ने किया और तीन टोली को विजेता घोषित किया गया।

जि स म े प्रथम स्थान सरदार भगत सिंह टोली को तथा द्वितीय स्थान डा एपीजे अब्दुल कलाम आजाद टोली को तथा तृतीय स्थान सुभाष चंद्र बोस की टोली को दिया गया जिसके नायक क्रमशः अभिनव शर्मा, अर्श, तथा अमरीश थे। कार्यक्रम का समापन स्काउट मास्टर सुरेंद्रनाथ तथा स्काउट की जिला आयोजन आयुक्त गीता रानी ने स्काउट को संबोधित करते हुए कहा कि स्काउट वफादार व बहादुर होता है। देश प्रेम, एकता, अनुशासन एवं समर्पण देश की प्रगति के लिए आवश्यक है। निर्णायक मंडल में विद्यालय के शिक्षक गंगाराम मौर्य, लवलेश कुमार, कृपा शंकर सिंह तथ विपुल शुक्ला आदि रहे।

**कार्यालय खंड शिक्षा अधिकारी नागल, सहारनपुर**

**नीलामी सूचना**

सूचित किया जाता है कि खंड विकास क्षेत्र नागल के निम्न प्राथमिक विद्यालगों के जर्जर भवनों की नीलामी निम्नानुसार की जायेगी।

1- उच्च प्राथमिक विद्यालय कुतुबपुर- (I) 26-09-2025 (II) 04-10-2025 (III) 13-10-2025
2- प्राथमिक विद्यालय नंबर-2 पहाडपुर- (I) 27-09-2025 (II) 08-10-2025 (III) 14-10-2025
3- प्राथमिक विद्यालय गांगनौली- (I) 29-10-2025 (II) 09-10-2025 (III) 15-10-2025
4- प्राथमिक विद्यालय गंगौली गुर्जर- (I) 30-09-2025 (II) 10-10-2025 (III) 16-10-2025
5- प्राथमिक विद्यालय ताजपुर- (I) 03-10-2025 (II) 11-10-2025 (III) 17-10-2025

सभी विद्यालय भवनों की नीलागी प्रक्रिया का सगय प्रात: 11बजे रहेगा।

नियम व शर्ते किसी भी कार्य दिवस में संबंधित विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों से विद्यालय समय में प्राप्त की जा सकती हैं। नीलामी प्रकिया विद्यालय परिसरों में ही होगी। नीलामी प्रथम तिथि में न होने पर द्वितीय या तृतीय तिथि में होगी।

खंड शिक्षा अधिकारी
ब्लाक नागल जिला सहारनपुर। मोबाइल 7300588511.

# आईसीसी टी-20 रैंकिंग में भारत का क्लीन स्वीप

**दुबई, वार्ता।** आईसीसी की बुधवार को जारी हुई टी-20 वीकली रैंकिंग में बैटर, बालर और ऑलराउंडर तीनों कैटेगरी में ही भारतीय खिलाड़ी टॉप पर हैं। यहां तक कि टी-20 टीम रैंकिंग में भी भारतीय टीम टॉप पर है। ऐसा पहली बार हुआ है कि एक ही टीम और उसके खिलाड़ियों ने किसी एक फार्मेट की सभी चार कैटेगरी में नंबर-1 स्थान हासिल किया है। पहली बार वरुण चक्रवर्ती टॉप बालर बने हैं। वरुण टी-20 रैंकिंग में नंबर-1 बॉलर बनने वाले तीसरे भारतीय प्लेयर हैं। उनसे पहले जसप्रीत बुमराह और रवि बिश्नोई यह उपलब्धि हासिल कर चुके हैं। बैटर अभिषेक शर्मा अपने करियर की हाईएस्ट रेटिंग के साथ नंबर-1 पर बने हुए हैं।

**● नंबर-1 टीम, बैटर्स में अभिषेक, बॉलर्स में वरुण और ऑलराउंडर्स में हार्दिक टॉप पर ऐसा पहली बार हुआ**

वहीं, ऑलराउंडर्स में हार्दिक पंड्या टॉप पर हैं। वरुण चक्रवर्ती का एशिया कप में शानदार प्रदर्शन जारी 34 साल के इस स्पिनर का एशिया कप में भी अच्छा प्रदर्शन जारी है। उन्होंने यूएई के खिलाफ दो ओवर में सिर्फ 4 रन देकर 1 विकेट और पाकिस्तान के खिलाफ चार ओवर में 24 रन देकर 1 झटका था। उन्होंने रैंकिंग में तीन पायदान की छलांग लगाई हैं। उन्होंने न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज जैकब डफी को पीछे छोड़ा। बैटिंग में अभिषेक शर्मा टॉप पर बरकरार हैं। उन्होंने 14 सितम्बर को पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले में 31 रनों की पारी खेली थी। इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट दूसरे और जोस बटलर तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। जबकि साउथ अफीका के डेवाल्ड ब्रेविस दो स्थान के फायदे के साथ 11वें स्थान पर और एडेन मार्करम 10 स्थान के फायदे से 30वें स्थान पर पहुंच गए हैं। ऑलराउंडर्स की रैंकिंग में पंडया पहले नंबर पर भारतीय स्टार हार्दिक पंडया टी-20 इंटरनेशनल आलराउंडर्स की रैंकिंग में पहले नंबर पर बने हुए हैं। जबकि पाकिस्तान के सईम अयूब चार स्थान ऊपर चढ़कर पांचवें स्थान पर और अभिषेक चार स्थान ऊपर चढ़कर 14वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

● विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप ●

# नीरज चोपड़ा ने किया क्वालीफाई



**● नीरज चोपड़ा ने टोक्यों नेशनल स्टेडियम में क्वालिफायर के ग्रुप-ए में 84.85 मी. भाला फेंककर पदक दौड़ में आसानी से अपनी जगह पक्की कर ली**

**टोक्यो, वार्ता।** दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा को गुरुवार को 84.85 मीटर भाला फेंककर विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 के भाला फेंक फाइनल के लिए क्वालीफाई किया।

दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने बुधवार को टोक्यो नेशनल स्टेडियम में क्वालीफायर के ग्रुप ए में 84.85 मीटर भाला फेंककर पदक दौर में आसानी से अपनी जगह पक्की कर ली। स्वत: योग्यता सीमा 84.50 मीटर निर्धारित की गई थी। 27 वर्षीय भारतीय एथलीट ने अपने ग्रुप में शुरुआत की और अपने पहले ही थ्रो में इस सीमा को पार कर लिया। नीरज चोपड़ा का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 90.23 मीटर है। जो भारतीय राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी है। जो उन्होंने इस साल की शुरुआत में दोहा डायमंड लीग में हासिल किया था। जर्मनी के जूलियन वेबर, जो वर्तमान में दुनिया के शीर्ष पुरुष भाला फेंक खिलाड़ी हैं, अपने पहले ही थ्रो में चूक गए। मौजूदा ओलंपिक चैंपियन पाकिस्तान के अरशद नदीम क्वालीफायर ग्रुप बी में अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। भारत के रोहित यादव और यशवीर सिंह भी इस ग्रुप में हैं। कुल मिलाकर, 37 में से 12 एथलीट फाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगे। स्वचालित योग्यता सीमा को पार करने वालों को छोड़कर, अगले सर्वश्रेष्ठ थ्रोअर को कोटा पूरा होने तक कट में जगह मिलेगी। दो साल पहले बुडापेस्ट में हुए पिछले विश्व चैंपियनशिप में, नीरज चोपड़ा ने 88.17 मीटर थ्रो के साथ एथलेटिक्स में भारत के पहले विश्व चैंपियन बनकर इतिहास रच दिया था। अरशद नदीम ने 87.82 मीटर के साथ रजत पदक जीता था। कल टोक्यो में नीरज बनाम नदीम का एक और मुकाबला देखने को मिल सकता है।



# वायरल बुखार के कारण जेमिमाह रॉड्रिग्स ऑस्ट्रेलिया सीरीज से बाहर

**न्यू चंडीगढ़, वार्ता।** भारतीय बल्लेबाज जेमिमाह रॉड्रिग्स वायरल बुखार के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आखिरी दो एकदिवसीय मैचों से बाहर हो गई हैं।

उनकी तेजल हसबनीस को टीम में शामिल किया गया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने बुधवार को न्यू चंडीगढ़ में दूसरे वनडे मैच के टॉस से ठीक पहले रॉड्रिग्स के वायरल से पीतिड़ होने की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वह चिकित्सा दल की निगरानी में है। रॉड्रिग्स ने पहले मैच में नंबर 5 पर खेलते हुए 26 गेंदों में 18 रन बनाए थे और भारत ने सात विकेट पर 281 रन का स्कोर खड़ा किया था। इस मैच में भारत को आठ विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। दूसरे वनडे के एकादश में तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर अरुंधति ने उनकी जगह ली। 28 साल की मध्य क्रम की बल्लेबाज हसबनीस पिछले साल से ही राष्ट्रीय टीम के आसपास हैं। उन्होंने अक्टूबर 2024 में अहमदाबाद में कीवियों के खिलाफ वनडे में पर्दापण किया था।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### पाकिस्तान ने एशिया कप से हटने की धमकी वापस ली

**दुबई, वार्ता।** पाकिस्तान ने एशिया कप से हटने की अपनी धमकी वापस ले ली है। मंगलवार 16 सितम्बर को पीसीबी ने आईसीसी को दूसरा मेल भेजा, इसमें रेफरी एंडी पाइक्राफ्ट को पाक के सभी मैचों से हटाने की मांग की गई है। बोर्ड ने कहा है कि टीम के बाकी बचे मैचों के लिए जिम्बाब्वे के पाइक्राफ्ट की जगह रिची रिचर्डसन को नियुक्त किया जाए, लेकिन अभी तक आईसीसी ने इस पर कोई सहमति नहीं जताई है। 14 सितम्बर को पाक का सामना भारत से हुआ था। भारतीय खिलाड़ियों ने पहलगाम हमले के विरोध में पाक खिलाड़ियों से हाथ नहीं मिलाया था। पीसीबी ने भारतीय खिलाड़ियों के व्यवहार को खेल भावना के विपरीत बताया था और पाइक्राफ्ट पर ठीक से काम न करने का आरोप लगाया था।

### सपनों को साकार करने के लिए कड़ी मेहनत, अनुशासन व आत्मविश्वास जरूरी: ओलंपियन हार्दिक सिंह

**जालंधर, वार्ता।** सुप्रसिद्ध सुरजीत हॉकी अकादमी, जालंधर, जो लंबे समय से युवा हॉकी खिलाड़ियों को प्रेरित करने और उनके कौशल को निखारने के लिए अंतर्राष्ट्रीय तथा ओलंपिक हॉकी खिलाड़ियों को आमंत्रित करती रही है, ने बुधवार को एक और प्रेरणादायक आयोजन किया। ओलंपिक हॉकी मेडलिस्ट हार्दिक ने अकादमी का दौरा किया और उभरते हुए खिलाड़ियों के साथ अपने अनुभव साझा किये। अकादमी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने हार्दिक सिंह का क्लब के खिलाड़ियों से परिचय करवाया और उनका स्वागत किया। हार्दिक ने खिलाड़ियों को हॉकी की विभिन्न तकनीकों, जैसे कि सटीक पासिंग, गोल स्कोरिंग की रणनीतियां और रक्षात्मक कौशल के बारे में विस्तार से बताया।

# आठ भारतीय निशानेबाजों ने ISSF विश्व कप फाइनल में जगह बनाई



**● आठ भारतीय निशानेबाजों ने आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल के लिए क्वालिफाई कर लिया है जो 4 से 9 दिसम्बर तक कतर की राजधानी दोहा में आयोजित होगा**

**नई दिल्ली, वार्ता।** आठ भारतीय निशानेबाजों ने इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन (आईएसएसएफ) वर्ल्ड कप फाइनल 2025 के लिए क्वालीफाई कर लिया है, जो 4 से 9 दिसंबर 2025 तक कतर की राजधानी दोहा में आयोजित होगा। डबल ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर, एकमात्र भारतीय निशानेबाज हैं जिन्होंने दो इवेंट्स, महिला 10 मीटर एयर पिस्टल और महिला 25 मीटर पिस्टल, में जगह बनाई है। यह साल का अंतिम आईएसएसएफ टूर्नामेंट होगा, जिसमें 12 व्यक्तिगत ओलंपिक इवेंट्स के सर्वश्रेष्ठ निशानेबाजों का चयन होता है। भारतीय निशानेबाजों ने उन 12 इवेंट्स में से पांच में क्वालीफाई किया है, जो दोहा में होने वाले इस सीजन-एंडिंग प्रतियोगिता का हिस्सा होंगे। यह आईएसएसएफ प्राइज मनी इवेंट भी है। मनु भाकर के अलावा भारत की अगुवाई करेंगी किशोरी सुरुचि सिंह, जो इस साल की शूटिंग सनसनी साबित हुई। उन्होंने महिला 10 मीटर एयर पिस्टल में लगातार ब्यूनस आयर्स, लीमा और म्यूनिख में तीन स्वर्ण पदक जीतकर न केवल दोहा में जगह बनाई, बल्कि इस समय महिला एयर पिस्टल में विश्व नंबर-1 रैंक भी हासिल कर ली है। ओलंपियन ईशा सिंह ने भी चीन के निंगबो में चौथे और अंतिम आईएसएसएफ वर्ल्ड कप में स्वर्ण जीतकर महिला 10 मीटर एयर पिस्टल में क्वालीफाई किया। अन्य क्वालीफाई करने वालों में पूर्व विश्व चैंपियन रुद्रांक्श बलासाहेब पाटिल शामिल हैं, जिन्होंने ब्यूनस आयर्स में स्वर्ण जीतकर पुरुष 10 मीटर एयर राइफल में स्थान पक्का किया। वहीं ओलंपियन अर्जुन बाबुता ने लीमा में रजत पदक हासिल कर इसी इवेंट में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित की। एशियाई चैंपियन और विश्व रिकॉर्ड धारक सिफ्ट कौर समरा ने ब्यूनस आयर्स में स्वर्ण जीतकर महिला 50 मीटर राइफल थ्री पोज़िशन (3पी) इवेंट में क्वालीफाई किया। ओलंपियन विजयवीर सिद्धू ने भी उसी स्थान पर शानदार स्वर्ण जीतकर पुरुष 25 मीटर रैपिड-फायर पिस्टल में जगह बनाई। भारत की सूची को पूरा करती हैं सिमरनप्रीत कौर बरार, जिन्होंने लीमा में रजत पदक जीतकर महिला 25 मीटर पिस्टल में क्वालीफाई किया। चीन की सुन युजिये पहले ही ब्यूनस आयर्स में स्वर्ण के जरिए अपनी जगह सुनिश्चित कर चुकी थीं, जिससे सिमरनप्रीत को एंट्री मिली। आईएसएसएफ ने वर्ल्ड कप फाइनल 2025 के लिए पदक विजेताओं की पुरस्कार राशि की भी घोषणा की है।

# सात्विक-चिराग की जोड़ी चाइना मास्टर्स के प्री क्वार्टर फाइनल में, लक्ष्य सेन बाहर

**● सात्विक और चिराग की जोड़ी ने 42 मिनट तक चले मुकाबल में मलेशिया की जोड़ी को 24-22, 21-13 से हराया**

**शेन्जेन, वार्ता।** भारत के सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मलेशिया के जुनैदी आरिफ और रॉय किंग याप की जोड़ी को हराकर चाइना मार्स्टर बैडमिंटन टूर्नामेंट में युगल वर्ग के प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। वहीं एकल मुकाबले में लक्ष्य सेन हार कर टूर्नामेंट से बाहर हो गए है। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने 42 मिनट तक चले मुकाबले में मलेशिया के जुनैदी आरिफ और रॉय किंग याप को 24-22, 21-13 से सीधे गेमों में हराकर टूर्नामेंट में जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की। अब प्री-क्वार्टर फाइनल में



भारतीय जोड़ी का मुकाबला चीनी ताइपे के चिउ सियांग चीह और वांग ची-लिन से होगा। लक्ष्य सेन और ध्रुव कपिला और तनिषा क्रैस्टो की मिश्रित युगल जोड़ी पहले दौर में हारकर बाहर हो गई। लक्ष्य को फ्रांस के तोमा जूनियर पोपोव ने 30 मिनट तक चले मुकाबले में 11-21, 10-21 से हराया। लक्ष्य की हार के साथ ही भारत का पुरुष एकल में सफर खत्म हो गया। इससे पहले आयुष शेट्टी भी पहले राउंड में हार गए थे। वहीं, मिश्रित युगल में ध्रुव कपिला और तनिशा क्रास्टो की जोड़ी को दूसरी वरीयता प्राप्त चीन के फेंग यान झे और हुआंग डोंग लपग के खिलाफ 19-21, 13-21 से हार का सामना करना पड़ा।

# हीरो महिला इंडियन ओपन में पुरस्कार राशि अब 500,000 डॉलर

**नई दिल्ली, वार्ता।** हीरो महिला प्रो गोल्फ टूर भारत में महिला गोल्फ के विकास और प्रचार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है, और उभरती प्रतिभाओं को प्रतिस्पर्धा और विकास के लिए एक मजबूत घरेलू मंच प्रदान करता है।

यह मजबूत टूर भारत के शीर्ष गोल्फरों को अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जिसका समापन हर साल प्रतिष्ठित हीरो महिला इंडियन ओपन (एचडब्ल्यूआईओ) के साथ होता है। 9-12 अक्टूबर, 2025 को प्रसिद्ध डीएलएफ गोल्फ एंड कंट्री क्लब में आयोजित होने वाला यह दक्षिण एशिया का सबसे बड़ा महिला गोल्फ टूर्नामेंट और लेडीज यूरो. पियन टूर कैलेंडर का एक प्रमुख आयोजन है। इस वर्ष, टूर्नामेंट की राशि में 25प्रतिशत की वृद्धि की गई है, जो 400,000 डॉलर से बढ़कर 500,000 डॉलर हो गई है, और विजेता को 75,000 डॉलर मिलेंगे।

**● एचडब्ल्यूआईओ में भारतीय टीम का नेतृत्व दीक्षा डागर करेंगी जो भारतीय की शीर्ष महिला गोल्फरों में से एक है और हाल के संस्करणों में लगातार प्रतिस्पर्धा कर रही है**

एचडब्ल्यूआईओ में भारतीय टीम का नेतृत्व दीक्षा डागर करेंगी, जो भारत की शीर्ष महिला गोल्फरों में से एक हैं और हाल के संस्करणों में लगातार प्रतिस्पर्धा कर रही हैं। 2007 में अपनी शुरुआत के बाद से, हीरो महिला इंडियन ओपन ने वैश्विक मंच पर भारतीय महिला गोल्फरों के उदय को प्रदर्शित किया है।

हालांकिअदिति अशोक इस टूर्नामेंट (2016 में) जीतने वाली एकमात्र भारतीय हैं, हाल के वर्षों में कई भारतीय खिलाड़ियों ने खिताब के लिए ज़ोरदार दावेदारी पेश की है, जिनमें अमनदीप द्राल, जो 2022 में उपविजेता रहीं, और दीक्षा डागर, जो 2023 में तीसरे स्थान पर रहीं, शामिल हैं। हीरो मोटोकॉर्प के कार्यकारी उपाध्यक्ष, संजय भान ने कहा, ष्हीरो महिला इंडियन ओपन खेल को प्रोत्साहित करने और महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा देने की हमारी दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाता है। 2010 से, हम इस टूर्नामेंट का गर्व से समर्थन करते रहे हैं और भारत और उसके बाहर महिला गोल्फ को मजबूत बनाने में मदद की है। इस वर्ष, 500,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि के साथ, हमारा लक्ष्य टूर्नामेंट में शीर्ष अंतर्राष्ट्रीय प्रतिभाओं को आकर्षित करना और अधिक महिलाओं को इस खेल को अपनाने के लिए प्रेरित करना है। भारतीय महिला गोल्फ संघ की अध्यक्ष श्रीमती कविता सिंह ने कहा कि मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि हीरो महिला इंडियन ओपन 2025 का 17वां संस्करण फिर से डीएलएफ गोल्फ एंड कंट्री क्लब, गुरुग्राम में आयोजित किया जाएगा, जो गोल्फ की उत्कृष्टता का पर्याय बन गया है। हम अपने टाइटल प्रायोजक हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड और डॉ. पवन मुंजाल के आभारी हैं जिन्होंने इस विश्व स्तरीय आयोजन को आयोजित करने में हमारी मदद की, जिसने वर्षों से एक प्रमुख स्थान हासिल किया है। हम अपने प्रस्तुतकर्ता प्रायोजक डीएलएफ लिमिटेड और कई अन्य प्रमुख प्रायोजकों को धन्यवाद देते हैं, जिनके बहुमूल्य योगदान से यह सुनिश्चित होता है कि हम हमसे अपेक्षित उच्च स्तर की उत्कृष्टता के अनुरूप आयोजन कर पाएं। लेडीज़ यूरोपियन टूर के साथ काम करना हमारे लिए वास्तव में सौभाग्य की बात है। यह साझेदारी, जो हर गुजरते साल के साथ मजबूत होती जा रही है, यह सुनिश्चित करती है कि हीरो महिला इंडियन ओपन का कद बढ़ता रहे। हमें विश्वास है कि उनके साथ हमारा निरंतर जुड़ाव भारत में महिला गोल्फ के विकास में एक महत्वपूर्ण कारक होगा।

# ससेक्स के लिए उनादकट ने झटके तीन विकेट



**लंदन, वार्ता।** होव में जब यॉर्कशायर 100 रन पर दो विकेट पर था तो लग रहा था कि टॉस जीतकर बल्लेबाज़ी करने का उनका फ़ैसला सही था। लेकिन ससेक्स के तेज गें. दबाज़ों जयदेव उनादकट और फ़नि हडसन-प्रेन्टिस के तीन-तीन विकेट से उनकी टीम टी के बाद सिर्फ़ 194 रनों पर ही सिमट गई।

इस समय तक ससेक्स मजबूत स्थिति में दिख रहा था लेकिन मेहमान टीम ने वापसी की और खराब रोशनी की वजह से 13 ओवर शेष रहते हुए खेल रोके जाने से पहले उन्होंने मेबानों को खूब परेशान किया। स्टंप्स के समय उनका स्कोर 84 रन पर चार विकेट था। इससे पहले बारिश और मैदान गीला होने के कारण पहले दिन का खेल नहीं हो सका था।

दूसरे डिविजन में रेलीगेट होने से बचने के लिए दोनों टीमों को सिर्फ़ एक ड्रॉ की जरूरत है, लेकिन अब इस मैच का नतीज़ा पूरा संभव है। यह पिच लगभग 48 घंटे तक कवर के नीचे रही थी, जिससे तेज गेंदबाज़ों के मदद की पूरी संभावना थी। लेकिन दोनों टीमों के बल्लेबाज़ों ने भी कुछ ग़लत शॉट चुने। सुबह के सत्र में विकेटों का गिरना मुश्किल लग रहा था, जब फ़नि बीन और ऐडम लिथ धैर्य से खेल रहे थे। लेकिन बीन (27) हडसन-प्रेन्टिस की गेंद को कट करने की कोशिश में पीछे कैच दे बैठे और लंच से ठीक पहले सीन हंट की गेंद ने लिथ (47) का अंदरूनी किनारा ले लिया।

इसके बाद यॉर्कशायर ने 7-2 ओवर में 15 रन पर पांच विकेट खो दिए। जेम्स व्हार्टन स्लिप में कार्सन को नीचा कैच दे बैठे। अगले ही ओवर में बेयरस्टो उनादकट से बोल्ड हो गए। उनाद्कट ने फिर एक झटका दिया, जब मैथ्यू रिविस बाहर जाती गेंद को छू बैठे, जिसे वह आराम से छोड़ सकते थे। हिल ढीला ड्राइव खेलकर स्लिप में आउट हुए और डॉम बेस लेग साइड स्ट्रैंगल का शिकार हुए। हडसन-प्रेन्टिस की हैट्रिक गेंद को जॉर्डन थॉम्पसन ने आसानी से कवर पर चौके के लिए खेल दिया।

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज के लिए न्यूजीलैंड की टीम में जैमीसन और सियर्स की वापसी

**वेलिंगटन, वार्ता।** न्यूजीलैंड ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी टी-20 अंतर्राष्ट्रीय श्रृंखला के लिए काइल जैमीसन और बेन सियर्स की टीम में वापसी हुई हैं। यह तेज गेंदबाज जिम्बाब्वे में त्रिकोणीय श्रृंखला के लिए न्यूजीलैंड टीम का हिस्सा नहीं थे। टूर्नामेंट में तीसरी टीम दक्षिण अफ्रीका थी। जैमीसन अपने पहले बच्चे के जन्म की वजह से तथा सियर्स चोट के कारण मैदान से बाहर थे। इस बीच, नियमित कप्तान मिशेल सेंटनर की अनुपस्थिति में माइकल ब्रेसवेल तीन मैचों की टी-20 अंतर्राष्ट्रीय श्रृंखला में टीम की कमान संभालेंगे। ब्रेसवेल ने अब तक 10 टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में न्यूजीलैंड का नेतृत्व किया है। ब्रेसवेल ने न्यूजीलैंड क्रिकेट को बताया, ष्चैपल-हैडली सीरीज गर्मियों की शुरुआत करने का एक शानदार तरीका है। मैं ये सीरीज देखते हुए बड़ा हुआ हूं और न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच प्रतिद्वंद्विता बहुत जबरदस्त है। उन्होंने कहा, ष्2016 से यह (चैपल-हैडली ट्रॉफी) हमारे पास नहीं है, और हम इसे बदलना चाहते हैं। घरेलू धरती पर इसके लिए लड़ने का मौका मिलना बहुत खास है। यह विश्वास करना मुश्किल है कि ईडन पार्क में खेले गए पहले टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच को 20 साल हो गए हैं। यह देखना आश्चर्यजनक है कि यह प्रारूप कितना आगे बढ़ गया है और मुझे पता है कि दोनों टीमें बे ओवल में इस उपलब्धि को अपने नाम करने के लिए उत्सुक हैं।

# खेले सानंद सीजन 3 बड़े पैमाने पर और नए स्थानों पर होगा

**अहमदाबाद, वार्ता।** अपने पहले दो संस्करणों की शानदार सफलता के बाद, बहुप्रतीक्षित खेले सानंद सीजन 3 पहल बुधवार को शुरू हुई, जो जमीनी स्तर पर खेल प्रतिभाओं को निखारने और सामुदायिक भावना को बढ़ावा देने के अपने मिशन को जारी रखे हुए है।

विजयी भारत फ़ाउंडेशन की प्रमुख ग्रासरूट पहल, खेले सानंद का तीसरा सीजन संस्कारधाम परिसर में एक जीवंत उद्घाटन समारोह के साथ आधिकारिक रूप से शुरू हुआ। अंतर्राष्ट्रीय खो-खो खिलाड़ी प्रतीक वाइकर और निर्मला भाटी ने इस आयोजन का उद्घाटन किया और साणंद तालुका में युवा विकास और सामुदायिक जुड़ाव पर लीग के बढ़ते प्रभाव का जश्न मनाया। अपने पहले दो सत्रों में, खेले सानंद एक गतिशील मंच के रूप में उभरा, जिसने 90 से ज़्यादा स्कूलों की युवा प्रतिभाओं को तराशा और 2500 से ज़्यादा छात्रों को कबड्डी, खो-खो और वॉलीबॉल जैसे स्थानीय खेलों में शामिल किया। खेल महाकुंभ के दौरान, खेले सानंद ने खो-खो में लड़कियों की भागीदारी में 400 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि और अपनी शुरुआत की तुलना में टीम पंजीकरण में 39 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की, जिससे सभी

**● 90 से ज्यादा स्कूलों की युवा प्रतिभाओं को तराशा और 2500 से ज्यादा छात्रों को कबड्डी, खो-खो और वालीबॉल जैसे स्थानीय खेलो में शमिल किया**

बाधाओं को तोड़ा और समावेशिता को बढ़ावा मिला। अपने तीसरे वर्ष में, खेले सानंद एक गतिशील मंच के रूप में विकसित हुआ है, जो 120 से ज़्यादा स्कूलों की युवा प्रतिभाओं को तराशता है और 7,000 से ज़्यादा छात्रों को शामिल करता है। खेले सानंद का उल्लेखनीय उत्थान इसके साम. ुदायिक स्तंभों द्वारा संचालित है। 150 से ज़्यादा स्थानीय युवाओं और वयस्कों ने स्वयंसेवकों के रूप में आगे आकर कोच और रेफरी से लेकर प्रबंधकों और आतिथ्य टीमों तक, विविध भूमिकाएं निभाई और यह सुनिश्चित किया कि हर मैच का दिन सुचारू रूप से चले। 20 से ज़्यादा गांव के सरपंचों के प्रोत्साहन ने खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का एक शक्तिशाली स्त्रोत प्रदान किया। उनके साथ, कई स्थानीय व्यवसायों ने भी सहयोग के लिए आगे आकर सामुदायिक स्वामित्व की भावना को और मजबूत किया। यह सामूहिक प्रयास 'खेल सानंद' के मूल भाव को दर्शाता है: खेल, एकता और जमीनी स्तर पर सशक्तिकरण का उत्सव।

# गणपति जग वंदन सुन झूम उठे श्रोता

## मंत्री जसवंत सैनी, मेयर डा.अजय सिंह व हरदोई विधायक आशीष सिंह ने किया जनमंच में उदघाटन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के प्रतीक श्री जाहरवीर गोगा जी की पावन स्मृति में आयोजित मेला गुघाल के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में जनमंच में 'एक शाम पूर्वांचल के नाम' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में चंदन तिवारी के भोजपुरी गीतों की प्रस्तुति ने समा बांध दिया।



कार्यक्रम का उद्घाटन संसदीय राज्य मंत्री जसवंत सैनी, महापौर डॉ. अजय कुमार, हरदोई के विधायक आशीष सिंह 'आशु', पूर्व सांसद राघव लखनपाल शर्मा, नगरायुक्त शिपू गिरि, महानगर अध्यक्ष शीतल बिश्नोई, पूर्व अध्यक्ष राकेश जैन व हेमंत अरोड़ा, उप्र एससी-एसटी आयोग के सदस्य महीपाल वाल्मीकी उपसभापति मयंक गर्ग, पूर्व जिलाध्यक्ष मानवीर पुण्डीर, वरिष्ठ नेता के एल अरोड़ा, समाजसेवी पाल्ली कालड़ा, मेला चेयरमैन नीरज शर्मा, कार्यक्रम संयोजक सीमा कात्यायनी व नगरायुक्त की माता श्रीमती इन्दु देवी व महापौर की धर्मपत्नी श्रीमती रीटा के अलावा पूर्वांचल समाज के नेता हरिशरण तिवारी, सीपीएम त्रिपाठी, अभिषेक सिंह व राममूरत यादव आदि ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित व रिबन काटकर किया।

इस अवसर पर राज्यमंत्री जसवंत सैनी ने कहा कि मेलों से संस्कृति की झलक मिलती है। मेला गुघाल का सांस्कृतिक ही नहीं आर्थिक महत्व भी है। उन्होंने मेला गुघाल के श्रेष्ठ आयोजनों के लिए महापौर व नगर निगम टीम की सराहना की। विधायक आशीष सिंह 'आशु' ने कहा कि पूर्वांचल के लोग कार्य के प्रति अद्भुत संकल्प शक्ति रखते हैं, वह जिस कार्य को हाथ में लेते है उसे पूरा करते है। उन्होंने कहा कि आज सभी क्षेत्रों में सेवा कर पूर्वांचल के लोग समाज व राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दे रहे हैं। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह का वीडियो संदेश भी सुनाया गया।

बिहार से आयी भोजपुरी गीतों की मशहूर गायिका चंदन तिवारी ने गणेश वंदना ''गाइए गणपति जग वंदन, शंकर सुवन भवानी के नंदन/सिद्धि सदन गजवदन विनायक, कृपा सिंधु सुंदर सब लायक'' के साथ अपनी प्रस्तुतियों की शुरुआत की। छठी मैया के गीत और स्व. शारदा सिंहा के गीतों की एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी, जिन्हें सुनकर श्रोता झूम उठे। कार्यक्रम में वाइस चेयरमैन मेला के के बत्रा, वरिष्ठ भाजपा नेता गोकरणदत्त शर्मा, पूर्वांचल समाज के राक.ेश राणा, बसंत सिंह, राम सिंह, सिद्धार्थ शंकर तिवारी,महात्मा सिंह, अनिल गिरी व राजा यादव के अलावा जी एवं समाजसेवी, पार्टी कार्यकर्ता, पार्षदगण एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकगण उपस्थित रहे। संचालन पार्षद सीमा कात्यायनी ने किया।

# उत्तराखण्ड में बादल फटने के बाद यमुना में बहकर आए दो शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिर्जापुर।** यमुना नदी में एक के बाद एक दो शव बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई। माना जा रहा है कि पड़ोसी राज्य उत्तराखंड मे बादल फटने की घटना में उक्त शव बहकर आए है। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है।

दरअसल, पड़ोसी राज्य उत्तराखंड की राजधानी देहरादून सहित कई स्थानों पर बादल फटने की घटनाएं सामने आई है। मंगलवार की शाम थाना मिर्जापुर इलाके के गाँव अबकरपुर के पास स्थित यमुना नदी मे एक महिला का शव मिला था। इसके बाद बुधवार की सुबह फिर से एक अज्ञात युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। यमुना नदी मे अज्ञात शव मिलने की सूचना मिलते ही मिर्जापुर थाना प्रभारी निरीक्षक सुनील नागर पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल में जुट गए। माना जा रहा है कि उत्तराखंड में बादल फटने के कारण अचानक नदियों में आई बाढ़ में उक्त शव बहकर आए है, हालांकि पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। थाना प्रभारी निरीक्षक सुनील नागर ने बताया कि बीती शाम जिस महिला का शव मिला था उसकी पहचान सुंदरी उम्र 35 वर्ष निवासी मुरादाबाद के रूप में हुई है। उक्त महिला हरबर्टपुर जिला देहरादून उत्तराखंड में काम करती थी। जबकि दूसरे शव की शिनाख्त मोनू पुत्र राजेंद्र निवासी ग्राम फिरोजपुर थाना गढ़ी जिला संभल के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि मृतकों के परिजनों को सूचना दे दी गई है और साथ ही दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया है।





## चरस समेत दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिर्जापुर।** मिर्जापुर पुलिस ने पजनिया पुल से चेकिंग के दौरान एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त के कब्जे से 260 ग्राम नशीला पदार्थ चरस बरामद हुआ है।

बुधवार को मिर्जापुर थाना प्रभारी सुनील नागर ने जानकारी देते हुए बताया की क्षेत्र के पजनिया पुल पर चेकिंग के दौरान एसआई राहुल कुमार, पुलिकर्मी योगेश कुमार व रो.हित नागर ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया हैं। अभियुक्त के कब्जे से तलाशी लेने पर युवक के कब्जे से 260 ग्राम नशीला पदार्थ चरस बरामद हुआ है। पुलिस ने अभियुक्त का नाम अहमद पुत्र नसीम निवासी कस्बा मिर्जापुर बताया है। थाना प्रभारी सुनील नागर ने बताया की अभियुक्त के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

# रालोद के प्रति बढ़ा विश्वास: चौ. नीरपाल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ. नीरपाल सिंह ने कहा कि रालोद के प्रति आम जनता का विश्वास बढा है।

चौ.नीरपाल सिंह ने यह बात वसुंधरा में कपिल बालियान के निवास पर आयोजित बैठक में कही। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल पार्टी ग्रामीण क्षेत्रों के अलावा अब शहरी क्षेत्रों में भी मजबूत होती जा रही हैं।आम जनता का विश्वास और आस्था केंद्रीय मंत्री भारत सरकार जयंत चौधरी के प्रति बढ़ती जा रही है। प्रदेश महासचिव रविंद्र चौहान और राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य भूपेंद्र डबास ने कहा कि हम हर सेक्टर में पार्टी को मजबूत करने के लिए जन सम्पर्क कर रहे है। जयंत चौधरी के नेतृत्व में पार्टी का जनाधार बढ़ता जा रहा है। समाज सेविका पूनम चौधरी ने कहा कि रालोद की नेता रेखा चौधरी और दीपमाला के साथ मिलकर अधिक से अधिक महिलाओं को पार्टी से जोड़ा जाएगा।

इस अवसर पर खेल प्रकोष्ठ के महानगर अध्यक्ष संजीव अरोड़ा, जिला सचिव दिनेश शर्मा चिंटू, कपिल बालियान, पूनम चौधरी, मोहित, राहुल उपस्थित रहे।

# सूचना जनसम्पर्क विभाग ने लगाई प्रदर्शनी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** दो अक्टूबर तक आयोजित होने वाले सेवा पर्व के अवसर पर रेलवे स्टेशन पर सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा लगायी गयी प्रदर्शनी का उद्घाटन यूपीसिडको के अध्यक्ष वाई. पी. सिंह, महापौर डॉ. अजय सिंह, विधायक नगर राजीव गुम्बर द्वारा फीता काटकर किया गया।

वाई. पी. सिंह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन की बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का जन्मदिन सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के सेवा भाव सराहना की। उन्होंने कहा कि सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा लगाई गयी प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री जी के बाल्यकाल से प्रधानमंत्री बनने तक सेवा भाव में उनके कार्यों को प्रदर्शित किया गया जो युवाओं को प्रेरणा देते है। विधायक नगर राजीव गुम्बर ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन को सेवा पखवाड़े के रूप में मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी का सम्पूर्ण जीवन एक उदाहरण है कि उन्होंने अपना पूरा जीवन देश के लिए समर्पित किया। अपने जीवन का एक-एक पल देकर राष्ट्र को विश्व की महाशक्ति के रूप में बनाने और गरीब कल्याण के लिए उनको नमन करता हूँ। महापौर डॉ. अजय सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर स्वच्छता अभियान, स्वास्थ्य शिविर, रक्तदान शिविर लगाए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि देश महिलाओं, युवा, किसान, गरीबों के द्वारा ही दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभरेगा। प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री मोदी के 2047 के विकसित भारत के संकल्प को जन सहभागिता एवं जनांदोलन बनाने के लिए क्यूआर कोड उपलब्ध कराया गया है जिसके माध्यम से सभी जनपदवासी अपनी राय दे सकते है। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष शीतल बिश्नोई, पूर्व विधायक जगपाल सिंह, जिला सूचना अधिकारी दिलीप कुमार गुप्ता, रेलवे स्टेशन अधीक्षक अनिल त्यागी, नूतन शर्मा, हेमंत अरोड़ा, किशोर शर्मा, योग चुघ, विक्रम शर्मा सहित भारी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे।



# सियासी घराने से चमकने को तैयार नौशाद मलिक



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जैसे-जैसे जिला पंचायत चुनाव नजदीक आ रहे हैं वैसे-वैसे ही प्रत्याशियों व समर्थको की धड़कनें भी बढ़नी शुरू हो गई है इसी कड़ी में सहारनपुर के जिला पंचायत वार्ड नंबर 16 से सबसे प्रबल दावेदारों में एक नाम उभर कर आया है वह नाम है नौशाद मलिक।

मूल रूप से खेडा अफगान निवासी नौशाद मलिक इस बार वार्ड नंबर 16 से मजबूती से चुनाव लड़ने जा रहे हैं। नौशाद का कहना है कि पार्टी हाई कमान के निर्देश पर जिला अध्यक्ष ही प्रत्याशी घोषित करेंगे और उन्हें जिला अध्यक्ष व विधायक और उनके राजनीतिक गुरु आशु मलिक की तरफ से हरी झंडी मिल चुकी है। वह तैयारी में लग चुके हैं जल्दी अपने समर्थकों की मीटिंग बुलाकर चुनाव दमदारी से लड़ने का ऐलान भी करेंगे। अब जैसे ही क्षेत्र में नौशाद मलिक की चर्चा शुरू हुई है और दावेदारों में मायूसी छा गई है क्योंकि नौशाद मलिक का परिवार पहले से ही राजनीति में सक्रिय है उनके दादा उनके ताया भी ग्राम प्रधान रह चुके हैं। उनकी ताई भी ग्राम प्रधान रह चुकी है। राजनीति में परिवार की पकड़ काफी मजबूत है इसलिए नौशाद मलिक की पकड़ भी क्षेत्र में ठीक-ठाक स्थिति में है। जिससे और दावेदारों में मायूसी छा गई है क्योंकि नौशाद मलिक को केराना सांसद इकरा हसन व विधायक नाहिद हसन का भी समर्थन पहले ही मिला हुआ है।

# मां भगवती जागरण कर मनाया वार्षिकोत्सव

■ अध्यक्ष संदीप व महामंत्री पंकज समेत पदाधिकारियों ने कराया पूजन

**नकुड़।** जनक बाजार एसोसिएशन ने अपना 43 वां वार्षिकोत्सव मां भगवती जागरण के रूप में भक्ति व श्रद्धा के साथ मनाया। कार्यक्रम में आचार्य गौरव दीक्षित व दीपक दीक्षित की मौजूदगी में एसोसिएशन अध्यक्ष संदीप दीक्षित, महामंत्री पंकज जैन, कोषाध्यक्ष प्रदीप सिंघल व नीरज नामदेव सहित पदाधिकारियों ने नवग्रह व मां दुर्गा का विधिवत पूजन कर पावन ज्योत प्रज्ज्वलित की।

जागरण में शामली से आए सचिन नामदेव एवं उनकी पार्टी देहरादून से नैना शर्मा, पंडित सनुज भारद्वाज ने संपूर्ण रात्रि माता रानी के भजनों की प्रस्तुति दी। भक्ति गीतों पर संगत झूम उठी और भक्ति रस में सराबोर रही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में व्यापार मंडल अध्यक्ष सुधीर मित्तल, महामंत्री सुधीर गोयल, सभासद वरुण मित्तल, चेयरमैन मनीष चौधरी और उज्ज्वल माजरा को एसोसिएशन ने प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। आयोजन में व्यापारी नेता सोहित मित्तल, रजनीश अग्रवाल, नवदीप मित्तल, आशु भार्गव, संयम जैन, नीतू राणा, सचिन राणा, संजय राणा, अक्षय सिंघल सहित बड़ी संख्या में व्यापारी व नगर वासी मौजूद रहे।

# आरटीई मामले में कलेक्ट्रेट पहुंचे निजी स्कूल संचालक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जनपद में पांच स्कूलों की फीस प्रतिपूर्ति और अभिभावकों की किताबों व ड्रेसों की प्रोत्साहन राशि मामले में उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त विद्यालय शिक्षक संघ ने कलैक्ट्रेट में प्रदर्शन किया और अपनी मांग का ज्ञापन सौंपा।



प्रदेश अध्यक्ष डा.अशोक मलिक के नेतृत्व में कलैक्ट्रेट पहुंचे स्कूल संचालकों ने कहा कि पांच स्कूलों की फीस प्रतिपूर्ति और अभिभावकों की किताबों व ड्रेसों की प्रोत्साहन राशि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने अपने असम्यक लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से सैकड़ो छात्र छात्राओं का भविष्य अंधकार मय कर दिया है। जिन अभिभावकों ने बड़ी उम्मीद के साथ आरटीई का लाभ प्राप्त करना चाहा था वह सैकड़ो बच्चे सरकारी स्कूल में पढ़ने को मजबूर हो गए हैं। बीएसए ने अपने निजी लाभ लेने के लिए फीस प्रतिपूर्ति व प्रोत्साहन राशि सरकार को वापस कर दी और स्कूल संचालकों ने बच्चों को उधार में पढ़ाने से इंकार कर दिया। प्रदर्शनकारियों में मनीष मंगलम अजय सिंह रावत रविंद्र सिंह शरद अनिल सचदेवा अजय सिंह श्रीमती मंजू गुप्ता पूजा शर्मा उमा बाटला श्रीमती उमा बटला श्रीमती सुनीता गुप्ता डॉक्टर तौकीर मोनिका दुआ श्री भगवान उपाध्याय देवरानी जी मंगाराम प्रकाश चंद सुनील कुमार संजय कुमार श्रीमती उमा बतला ईश्वर चंद फौजी आदि उपस्थित रहे।

# टीबी एम्पलाइज एसोसिएशन के सर्वसम्मति से अध्यक्ष बने विक्रांत

**सहारनपुर।** टीबी एम्प्लाइज एसोसिएशन का सर्वसम्मति से विक्रांत को अध्यक्ष, तरुण को महामंत्री एवं आमिर को कोषाध्यक्ष चुना गया।

एसोसिएशन की प्रदेश अध्यक्षा सुनयना अरोड़ा और प्रदेश महामंत्री अमित तोमर से प्राप्त निर्देशों के क्रम मे प्रदेश के प्रत्येक जिले मे टीबी विभाग से जुड़े कर्मचारियों के हितों मे संघटन को मजबूत करने की मुहीम के अंतर्गत आज एसोसिएशन के प्रदेश प्रवक्ता एम पी सिंह चावला के अनुमोदन पर समस्त संविदा टीबी कर्मियों की सहमति पर सर्वसम्मति से टीबी कंट्रोल एम्प्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष विक्रांत यादव, जिला महामंत्री तरुण आनन्द एवं जिला कोषाध्यक्ष आमिर आलम को चयनित किया गया। इस मौके पर तीनो पदाधिकारियों ने सभी साथियो का आभार जताया। प्रदेश प्रेस प्रवक्ता चावला ने बताया की तीनो नवनियुक्त पदाधिकारी शीघ्र ही एक जिला उपाध्यक्ष एवं एक जिला संयुक्त मंत्री का नाम सर्वसम्मति से केडर अनुसार प्रतिनिधित्व चुन के कार्यकारिणी पूरी कर लें उसके बाद सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का एक जिला स्तरीय स्वागत समारोह आयोजित किया जायेगा जिसमे संघटन द्वारा आगामी दिनों के लिए कर्मचारी हितो मे कार्य करने की रणनीति तय की जाएगी इस मौके पर टीबी विभाग से जुड़े समस्त जिला कॉर्डिनेटरो, जिले के समस्त वरिष्ठ क्षय रोग लैब पर्यवेक्षकों, समस्त वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षकों, समस्त लैब टेकनीशियनो, टीबी एचवियों एवं कर्मियों ने नवनियुक्त पदाधिकारियो को बधाई दी

# भगवान विश्वकर्मा सृजन के देवता: ओमपाल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** विश्वकर्मा महासभा द्वारा भगवान विश्वकर्मा के पूजा दिवस पर आज विधि विधान के साथ हवन यज्ञ कर समाज से संगठित रहने का आहवान किया गया।

विश्वकर्मा चौक पर आयोजित कार्यक्रम में सर्वप्रथम हवन यज्ञ कर प्रसाद का वितरण किया गया। जिसके बाद भाजपा के वरिष्ठ नेता ओमपाल पांचाल विश्वकर्मा ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा सृजन के देवता है। सृष्टि में सृजनात्मक व रचनात्मक कार्य भगवान विश्वकर्मा की देन है। उन्होने कहा कि आज भारत सरकार ने 19 दस्तकार जातियो को परम्परागत व्यवसाय से जुडी होने के कारण आत्मनिर्भर भारत के निर्माण को साकार रूप देने हेतु प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना को संचालित कर भगवान विश्वकर्मा के वशंजों का उत्थान करने का संकल्प लिया है। ओमपाल पांचाल ने कहा कि आज आधुनिक भारत के शिल्पी मार्गदर्शक प्रधानमंत्री का जन्मदिवस विश्वकर्मा वंशियों के लिए उत्थान का प्रतीक है।

कार्यक्रम में जयपाल धीमान, ऋषिपाल धीमान, मांगेराम आर्य, सुशील धीमान, राजकुमार पांचाल, रजत पांचाल, संजय धीमान, मदन धीमान, राकेश धीमान, सुन्दरलाल, सतीश धीमान, निशाकांता देव, मनोज धीमान, नरेश पांचाल, डा. सुरेन्द्र धीमान, रामकुमार धीमान, दीपक पांचाल आदि मौजूद थे।

## झूठी शिकायत करने वाला दबोचा

**तीतरों।** झूठी शिकायत करने वाले युवक के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज करने के पश्चात उसे गिरफ्तार कर लिया।

महंगी निवासी सहजन ने गांव के एक युवक के खिलाफ हथियारों से लैस होकर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को शिकायत की थी। जांच के दौरान पुलिस ने दोनों पक्षों को बुला लिया साथ में उन गवाहों को भी बुला लिया गया जिनका नाम शिकायत में लिखा गया था। आमने-सामने बैठकर बात करने पर मामला झूठा पाया गया। इस पर दूसरा पक्ष अड गया कि या तो मेरे खिलाफ केस दर्ज करें अन्यथा जिसने झूठी शिकायत दर्ज की है उसके खिलाफ केस दर्ज करें। अगर ऐसा नहीं किया गया तो यह अन्य लोगों के खिलाफ भी झूठी शिकायतें दर्ज कराएगा।

# थ्रीव्हीलर पलटने से आधा दर्जन यात्री घायल

■ नीलगाय और वाहन को बचाने के चक्कर में बिगड़ा था नियंत्रण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** सहारनपुर रोड स्थित पिलखनी पुलिया के पास बुधवार को तेज रफ्तार थ्री व्हीलर पलटने से आधा दर्जन से अधिक यात्री घायल हो गए।

अचानक सामने आई नीलगाय और वाहन को बचाने के चक्कर में चालक का नियंत्रण बिगड़ गया। चीख-पुकार के बीच राहगीरों ने घायलों को बाहर निकालकर अस्पताल भिजवाया। लोगों का आरा.ेप है कि नकुड़ क्षेत्र में थ्री व्हीलर चालक सवारियों को ठूंस-ठूंसकर बैठाते हैं और बेतहाशा गति से वाहन दौड़ाते हैं। यही लापरवाही आए दिन हादसों को न्योता दे रही है। बताया जाता है कि दर्जनों थ्री व्हीलर बिना फिटनेस और वैध कागजात के सड़कों पर दौड़ रहे हैं। वाहन मालि.कों और चालकों की आरटीओ विभाग में मिलीभगत के चलते यह अवैध धंधा खुलेआम फल-फूल रहा है। हकीकत यह है कि इन वाहनों को महज 8 किमी दूरी तक संचालन की अनुमति है, लेकिन वे सहारनपुर से नकुड़ तक 25 किमी तक धड़ल्ले से दौड़ाए जा रहे हैं। परमिट के मुताबिक तीन सवारी की इजाजत है, जबकि ये वाहन अक्सर क्षमता से कई गुना अधिक यात्रियों से ठसाठस भरे रहते हैं। लोग सवाल उठा रहे हैं कि पुलिस प्रशासन की नजरें बंद क्यों है।

# नैनो यूरिया के प्रयोग पर दिया जोर




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** इफको की विकास खंड स्तरीय किसान सभा में नैनो यूरिया के प्रयोग पर जोर दिया गया।

मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में पहुंचे सहायक आयुक्त रविशंकर ने किसानों को नैनो उर्वरको का प्रयोग करने की अपील की व सहकारिता विभाग द्वारा चल रहें सदस्यता महाभियान के बारे मे सविस्तार जानकारी दी। कृषि विभाग के एडीओ अंकित कुमार द्वारा किसानों को अपने गोदाम आ रहें बीजो के बारे मे सविस्तार बताया। इफको क्षेत्रीय अधिकारी डा. गुंजन विश्वकर्मा द्वारा किसानों को वर्तमान स्थिति को बताते हुए रासायनिक उर्वरकों के अंधाधुंध प्रयोग से होने वाले नुकसानों के बारे में किसानों को अवगत कराया तथा नैनो उर्वरको- नैनो यूरिया प्लस,नैनो डीएपी सागरिका,नैनो जिंक, नैनो कॉपर, न्यूटैक्स टेक्ना 20, बायो फर्टिलाइजर तथा इफको के अन्य उत्पादों के बारे में किसानों को सविस्तार जानकारी दी तथा उनसे होने वाले लाभ एवं उपयोग विधि के बारे में जानकारी दी,साथ ही किसानों को मृदा परीक्षण के बारे में बताया।

कार्यक्रम मे विनित कुमार द्वारा समस्त उत्पादों की कार्य विधि व उपयोग विधि के बारे मे चर्चा की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कि मांगेराम द्वारा नैनो उर्वरको का ज्यादा से ज्यादा प्रयोग करने को कहा। संचालन अंकित राठी ने किया।

## कथा वाचक ने किया कृष्ण जन्म का वर्णन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** कथा वाचक गोस्वामी ऊधो महाराज वृंदावन वाले ने कहा संसार में भगवान कृष्ण ही सृष्टि का सृजन, पालन और संहार करते हैं।भगवान के चरणों में जितना समय बीत जाए उतना अच्छा है। इस संसार में एक-एक पल बहुत कीमती है। जो बीत गया सो बीत गया। इसलिए जीवन को व्यर्थ में बर्बाद नहीं करना चाहिए। भगवान द्वारा प्रदान किए गए जीवन को भगवान के साथ और भगवान के सत्संग में ही व्यतीत करना चाहिए।

श्री मद भागवत कथा के पांचवे दिन कथा वाचक गोस्वामी ऊधो जी महाराज वृंदावन वाले ने मानस के अत्यंत गुढ़ रहस्यों को संक्षेप में सुनकर कृष्ण जन्म विस्तार से कथा सुनाते हुए सुंदर रोचक बाल लीलाओं का वर्णन किया तथा अनेकों बधाई गीत सुना कर श्रद्धालुओं को आनंद विभोर कर दिया, सभी श्रद्धालु बाल कृष्ण लीलाओं के गीतों पर जमकर झूमे कथावाचक ने नंद के आनंद भयो कन्हैया लाल की मधुर वाणी के साथ कृष्ण जन्म लीला को सुनाया तथा श्रद्धालुओं पर मक्खन, मिश्री ,टॉफी, खिलौने की पुष्प वर्षा की, बालकृष्ण की आरती की गई श्रद्धालुओं ने बाल कृष्ण से आशीर्वाद प्राप्त किया।

कथा का उद्घाटन बालाजी धाम मंदिर समिति के अध्यक्ष श्री भगवान अग्रवाल,पूजा,प्रेमचंद, घनश्याम शर्मा,मा रामपाल ने दीप प्रज्वलित विकास कपिल ने किया। श्री राम सेवा ट्रस्ट अध्यक्ष संदीप मित्तल, मनोज शर्मा बॉबी,सुरेंद्र फौजी,विजय शर्मा, हरिओम शर्मा, पदम सिंह एडवोकेट, नीरज शर्मा, सागर,विजय आनंद, जुगमेंद्र रावत,गौरव मित्तल आदि का सहयोग रहा।

# महाराज लंकेश ने लगाया भारी भरकम टैक्स

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** रामलीला मंचन से पूर्व आज महाराज लंकेश की सवारी निकाली गयी। लंकेश ने व्यापारियों पर जबरदस्त टैक्स लगाया।

प्रधान विनय जिन्दल ने बताया महाराज दिग्विजय लंकेश की हाथी द्वारा सवारी के सारथी बनने का अवसर मोहित अग्रवाल को मिला। कार्यालय प्रभारी आयुष सिंघल ने बताया महाराज लंकेश की भूमिका मैं नवीन गुप्ता व मन्त्री की भूमिका में मनोज शर्मा, एवं मुंशी की भूमिका मैं मयंक उपाध्याय ने महाराज लंकेश के आदेश पर नगर भ्रमण करके व्यापारियों पर जबरदस्त टैक्स लगाकर लगभग 7,30 बजे हलवाई हट्टा बाजार में पहुँची। जहां पर काललीला का भव्य मंचन यानी दिग्विजय रावण द्वारा काल को भी बस में कर लेने वाली लीला का मंचन सार्वजनिक रूप से किया गया। इस दौरान मंत्री सजंय सिंघल, कोषाध्यक्ष सुमित शर्मा, प्रेस प्रवक्ता राजा जैन, उप प्रधान आलोक अग्रवाल, वरिष्ठ उपमंत्री मनुज तायल, स्वागताध्यक्ष विश्वनाथ गोयल, सजंय कर्णवाल, सह उत्सव संचालक, ईशु जैन, देवेंद्र राणा, मनोज सैनी, आदि समस्त कमेटिगण मौजूद रहे।



# तीसरे पक्ष को नकारा

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का यह कहना बिल्कुल सही है कि पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री जोकि पाकिस्तान के विदेश मंत्री भी हैं, इशाक डार मंगलवार को आए उस बयान के बाद जिसमें उन्होंने कहा था कि भारत ने इसमें किसी तीसरे पक्ष की भूमिका भारत–पाक युद्ध को रुकवाने में स्वीकार नहीं की थी। गुरुवार को हैदराबाद मुक्ति दिवस के कार्यक्रम में राजनाथ सिंह ने भारत के दृष्टिकोण को पूरी तरह यह कहकर साफ किया कि कुछ लोग भारत–पाक संघर्ष को रोकने का दावा करते हैं, लेकिन किसी ने ऐसा नहीं किया। अब तो खुद पाकिस्तान के विदेश मंत्री ने भी यह साफ कर दिया है कि भारत–पाक के बीच युद्ध रुकवाने में किसी तीसरे पक्ष की कोई भूमिका नहीं है। हालांकि उन्होंने सीधे किसी का नाम नहीं लिया, लेकिन कोई भी समझ सकता है कि उनका इशारा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ओर था, जिन्हें अब खुद भी मालूम नहीं है कि कितनी बार उन्होंने भारत–पाक युद्ध रुकवाने की बात कही है और अभी भी वह अपने बयान पर कायम दिखते हैं। जाहिर है इशाक डार के बयान के बाद अब ट्रम्प के बयान का कोई मतलब नहीं रह गया। क्योंकि उन्होंने साफ कह दिया कि भारत ने संघर्ष विराम में किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता अस्वीकार्य कर दी है। इशाक डार ने अपने बयान में यह कहकर स्थिति स्पष्ट की कि अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने मई में भारत–पाक के बीच हुए सैन्य संघर्ष के दौरान उनसे कहा था कि भारत ने युद्ध विराम के लिए तीसरे पक्ष की मध्यस्थता से इनकार कर दिया, क्योंकि यह भारत–पाक दोनों देशों के बीच का द्विपक्षीय मुद्दा है। राजनाथ सिंह ने यह भी कहा कि किसी के हस्तक्षेप के कारण आतंकवादियों के खिलाफ अभियान स्थगन नहीं किया गया। अगर भविष्य में कोई भी आतंकवादी हमला हुआ तो ऑपरेशन सिंदूर फिर से शुरू किया जाएगा। भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी यह स्पष्ट कर चुके हैं कि यह द्विपक्षीय मुद्दा है और कोई तीसरा पक्ष हस्तक्षेप नहीं कर सकता। राजनाथ सिंह के अनुसार भारत की अखंडता और एकता से बड़ा कोई मूल्य नहीं है और आज का भारत दुश्मन की आंखों में आंख डालकर जवाब देने के लिए सक्षम है। जाहिर है अब इन तमाम अटकलों पर विराम लग जाना चाहिए कि यह युद्ध किस प्रकार रुका था। भारत कहता रहा है कि यह दोनों देशों के डीजीएमओ स्तर की बात से ही पूरा मामला हल हुआ था और अब पाकिस्तान ने भी मान लिया। इशाक डार से ऐसा संकेत मिलता है कि पाक ने जरूर अमेरिकी से इस मामले में हस्तक्षेप के लिए कहा था और अमेरिका ने कोशिश भी की थी, लेकिन भारत ने अमेरिका की एक नहीं सुनी और तीसरे देश की मध्यस्थता से साफ इन्कार कर दिया। असल में डोनाल्ड ट्रम्प संघर्ष विराम कराने के नाम पर तीसरा पक्ष बनने के लिए आतुर दिखाई दे रहे हैं। वह यह भूल रहे हैं कि यह भारत की नीतिगत रणनीति के बिल्कुल खिलाफ है, क्योंकि भारत का हमेशा से मानना रहा है कि भारत–पाक के बीच जो भी मामला है वह द्विपक्षीय आधार पर ही सुलझाया जाएगा। तीसरे अन्य किसी देश की मध्यस्थता के लिए उसमें किसी भी तरह की कोई गुंजाइश नहीं है।

## कोई तीसरा पक्ष हस्तक्षेप नहीं कर सकता



कुछ लोग भारत–पाक संघर्ष को रो. कने का दावा करते हैं, लेकिन किसी ने ऐसा नहीं किया, अब तो खुद पाकिस्तान के उप–प्रधानमंत्री ने साफ कर दिया है कि भारत ने इसमें किसी भी तीसरे पक्ष की भूमिका को अस्वीकार कर दिया था, अगर भविष्य में कोई भी आतंकवादी हमला हुआ, तो ऑपरेशन सिंदूर फिर से शुरू किया जाएगा, प्रधानमंत्री मोदी ने स्पष्ट किया कि यह एक द्विपक्षीय मुद्दा है और कोई तीसरा पक्ष हस्तक्षेप नहीं कर सकता, लगभग पहलगाम के आतंक के समान ही था जहां लोगों से धर्म पूछकर उन्हें मारा गया। पहलगाम में हुआ आतंकी हमला भी रजाकारों की तरह भारत के सामाजिक सौहार्द्र पर प्रहार था। आज भी देश में रजाकारों के हमदर्द मौजूद हैं।

**–राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री**

# इजरायलः विश्व शांति के लिए खतरा





तनवीर जाफरी

गत 9 सितंबर को दोपहर बाद इसराइल के 15 फाइटर जेट्स और 10 से अधिक म्यूनिशन ने जिसमें स्टैंड–ऑफ मिसा. इलें और स्टील्थ तकनीक शामिल थी, ने इसराइल से 1800 किलोमीटर की उड़ान भरकर कतर की राजधानी दोहा के कटारा और वेस्ट बे लैगून इलाकों में हमले करके उन सभी इमारतों को उड़ा दिया जहां हमास के कई शीर्ष नेता या तो रहा करते थे या उनके कार्यालय थे। इस हमले में 40 से ज्यादा लोग मारे गए। हमास ने दावा किया कि इसराइली हमले में उनकी मुख्य वार्ताकार टीम बच गई, लेकिन पांच सदस्य, जिसमें खलील अल–हय्या का बेटा और एक कतरी सुरक्षा अधिकारी शामिल था, मारे गए। कतर में हुआ यह हमला मध्य पूर्व में तनाव को और बढ़ाने वाला साबित हो सकता है। इसराइल के इस कदम को क्षेत्रीय स्थिरता के लिए बड़ा खतरा माना जा रहा है। यह पहला अवसर है जबकि इसराइल ने अपने लक्ष्य को भेदने की गरज से कतर में हमला किया है। इस हमले के तुरंत बाद कतर ने अपने हवाई क्षेत्र की निगरानी बढ़ा दी। हालांकि, कतर एयरवेज की उड़ानें सामान्य रूप से जारी रहीं। कतर के प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुल रहमान अल–थानी ने कहा कि यह हमला गजा में युद्ध विराम की मध्यस्थता के लिए कतर के प्रयासों को पटरी से उतार सकता है। कतर ने इस हमले को कायराना और अंतर्राष्ट्रीय कानूनों का घोर उल्लंघन करार दिया। कतर के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माजेद अल–अंसारी ने इस हमले को कतर की संप्रभुता और नागरिकों की सुरक्षा के लिए खतरा बताया।

उधर इसराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और इसराइल सुरक्षा बलों ने इस हमले की पूरी जिम्मेदारी लेते हुए कहा कि यह हमला सटीक हथियारों से और पुख्ता खुफिया जानकारी के आधार पर किया गया, ताकि नागरिकों को नुकसान कम हो। इसराइल के अनुसार हमास के नेता, जिन्हें दोहा में निशाना बनाया गया वही 7 अक्टूबर 2023 के हमले के लिए जिम्मेदार थे और गजा में युद्ध को संचालित कर रहे थे। अमेरिका में इसराइली राजदूत ने यह भी कहा कि अगर इस हमले में हमास के कुछ नेता बच गए हैं तो अगले हमले में उन्हें भी निशाना बनाया जाएगा। इस कदम को इसराइल की आक्रामक रणनीति के उस हिस्से की शक्ल में देखा जा रहा है, जिसका उद्देश्य हमास को पूरी तरह समाप्त करना है, चाहे वह किसी भी देश में क्यों न हो परन्तु हमास नेताओं को लक्षित कर कतर पर किए गए इसराइली हमले को एक अभूतपूर्व कदम के रूप में इसलिए देखा जा रहा है क्योंकि कतर अमेरिका का प्रमुख सहयोगी और गजा युद्धविराम वार्ता का मध्यस्थ है। कतर में ही अमेरिका का अल–उदईद एयरबेस भी है जहां करीब 10,000 अमेरिकी सैनिक तैनात हैं। यह एयरबेस इसराइल द्वारा किए गए हमले की जगह से केवल 30 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। इसराइल की इस आक्रामक कार्रवाई ने क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तनाव को और बढ़ा दिया है, और गजा में शांति प्रक्रिया को और जटिल कर दिया है। इस हमले ने मध्य पूर्व में अमेरिकी प्रभाव को भी कमजोर किया है और तुर्की जैसे अन्य देशों के लिए भी खतरे की आशंका पैदा की है।

इसराइल की इस आक्रामक व उकसाने वाली कार्रवाई की विश्व के अनेक देशों ने निंदा की है। कतर सरकार ने हमले को आपराधिक हमला करार देते हुए इसकी कड़ी निंदा की और इसे अंतर्राष्ट्रीय कानून तथा संयुक्त राष्ट्र चार्टर का स्पष्ट उल्लंघन बताया है। कतर ने अपनी संप्रभुता की रक्षा के लिए सभी उपायों का समर्थन किया। जबकि जॉर्डन के किंग अब्दुल्ला द्वितीय ने फिलिस्तीनी राष्ट्रपति महमूद अब्बास से मुलाकात के दौरान कतर में हुए इसराइली हमले की निंदा की। उन्होंने इजराइल के गजा पर नियंत्रण बढ़ाने और वेस्ट बैंक में बस्तियों के विस्तार को भी खारिज किया साथ ही गजा में युद्धविराम, मानवीय सहायता और द्वि –राष्ट्र समाधान पर जोर दिया। वहीं संयुक्त अरब अमीरात के विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायद ने मिस्र के विदेश मंत्री से मुलाकात में इस हमले को अंतर्राष्ट्रीय कानून तथा यूएन चार्टर का उल्लंघन करार दिया। उन्होंने वैश्विक स्तर पर इसराइल की ष्आक्रामकताओंष को रोकने की अपील भी की। इसी तरह मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल–सीसी ने कुवैत के अमीर से फोन पर हुई बातचीत में कतर के प्रति पूर्ण एकजुटता व्यक्त करते हुए इस हमले को कतर की संप्रभुता पर अस्वीकार्य अतिक्रमण बताया और इसे अंतर्राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन करार दिया। जबकि कुवैत के अमीर, शेख मिशाल अल–अहमद अल–जाबर अल–सबाह ने भी हमले को संप्रभुता पर अतिक्रमण बताया और अंतर्राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन करार दिया। ईरान के विदेश मंत्री सैय्यद अब्बास अराघची ने इस हमले को आतंकवादी आक्रामकता बताते हुए कतर के प्रति एकजुटता व्यक्त की और इजराइल को क्षेत्रीय तथा वैश्विक शांति के लिए तत्काल खतरा बताया। ट्यूनीशिया के विदेश मंत्रालय ने भी हमले को कुटिल और दुष्ट हमला करार देते हुए कतर के प्रति पूर्ण एकजुटता व्यक्त की और अरब सुरक्षा को इसराइल के खतरों से बचाने पर जोर दिया। दुनिया के कई देशों ने इस हमले को लेकर सुरक्षा परिषद् की आपात बैठक बुलाने की बात भी की।

अभी कतर के हमले को लेकर दुनिया के अनेक देश अपनी तीखी प्रतिक्रिया दे ही रहे थे कि इसी बीच नेतन्याहू ने यह घोषणा भी कर दी कि गजा के 40 प्रतिशत हिस्से पर इसराइली सुरक्षा बालों का नियंत्रण हो चुका है। साथ ही इसराइली सुरक्षा बालों की ओर से गजा में बचे शेष लोगों से भी गजा छोड़ने को कहा गया है। और इसी के अगले दिन यानी 11 सितंबर को इसराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने एक बार फिर फिलिस्तीनी राज्य के अस्तित्व को मानने से ही स्पष्ट रूप से इंकार कर दिया। उन्होंने वेस्ट बैंक के माश्अले अदुमिम निपटान में एक समारोह के दौरान कहा कि फिलिस्तीनी राज्य नहीं बनेगा और यह जगह हमारी है। यह बयान उस समय दिया गया जब वे एक विवादास्पद निपटान विस्तार समझौते पर हस्ताक्षर कर रहे थे, जो फिलिस्तीनी क्षेत्र को विभाजित करने का प्रयास माना जा रहा है। दक्षिणपंथी नेतन्याहू पहले भी द्वि राष्ट्र का विरोध करते रहे हैं।

उनका यह ताजा बयान भी फिलिस्तीनी राज्य की संभावना को नष्ट करने का प्रयास माना जा रहा है। नेतन्याहू उस फिलिस्तीनी राज्य के अस्तित्व को मानने से इंकार कर रहे हैं जिसने जर्मन से हिटलर द्वारा निष्कासित इन्हीं यहूदियों को मानवता के नाते अपनी धरती पर पनाह दी। अभी पिछले दिनों फिलिस्तीन को राज्य का दर्जा देने के पक्ष में संयुक्त राष्ट्र संघ में भारत सहित 142 देशों द्वारा एक बार फिर मतदान किया गया। फिलिस्तीन के समर्थन में आए इस प्रस्ताव में इसराइल द्वारा की जा रही हिंसा की निंदा की गई साथ ही गजा में इसराइली बस्ती बसाने की योजना को भी समाप्त करने की मांग की गई है। अमेरिका व इसराइल सहित केवल 10 देशों ने इस प्रस्ताव का विरोध किया जबकि शेष दुनिया फिलिस्तीन के साथ खड़ी दिखाई दी परन्तु अतिवादी सोच के नेतन्याहू पूरी दुनिया को ठेंगा दिखाने की ठाने हुए हैं। कहना गलत नहीं होगा कि मानवता के दुश्मन व अंतर्राष्ट्रीय नियमों की धज्जियां उड़ाने वाले दक्षिणपंथी नेतन्याहू फिलिस्तीन में अपना जंगल राज स्थापित करना चाहते हैं। मानवता की रक्षा के लिए ऐसे कुत्सित इसराइली प्रयासों को पूरे विश्व को मिलकर रोकना होगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# नेपाल जनविद्रोहः यह तो होना ही था

**सही पूछिए तो राजधानी काठमांडू के सिवा किसी प्रान्त शहर या जिले का नाम भी भारत या अन्य देशों के आम लोग नहीं जानते। आम लोगों को यह भी नहीं पता कि नेपाल 7 अलग अलग प्रांतों में बंटा हुआ कुल 77 जिलों का देश है। इस अनभिज्ञता का कारण यही है कि राजशाही से लेकर गणतांत्रिक सरकारों तक ने केवल राजधानी काठमांडू के विकास व इसके सौंदईकरण पर ही जोर दिया। प्रायः सभी अंतर्राष्ट्रीय आयोजन काठमांडू में ही हुआ करते थे। वैसे भी काठमांडू की प्रसिद्धि का कारण राजधानी होने के अतिरिक्त वहां का विश्व प्रसिद्ध पशुपतिनाथ मंदिर भी है। इसलिए नेपाल का कोई अन्य जिला या शहर न तो विकसित हो पाया न ही प्रसिद्धि प्राप्त कर सका।**

बिहार में दरभंगा–जयनगर के रास्ते 5 वर्ष पूर्व नेपाल जाने का अवसर मिला था। भारत नेपाल के सीमावर्ती नेपाली शहर जनकपुर के बीचोबीच देवी सीता को समर्पित हिन्दू–राजपूत वास्तुकला का एक प्रसिद्ध हिन्दू मन्दिर एवं ऐतिहासिक स्थल है जिसे राम जानकी मंदिर के नाम से जाना जाता है। मेरे नेपाल प्रवास के उस दौर में जयनगर से लेकर जनकपुर तक की पूरी सड़क पर अधिकांश क्षेत्र में सिर्फ मिटटी पड़ी हुई थी। केवल कहीं कहीं बजरी पड़ी दिखाई देती थी। डामर रोलर और काली सड़कों का तो कहीं दूर तक नामो निशान ही नहीं था। रास्ते में कहीं बस का पहिया जमीन में धंसा दिखाई दे रहा था तो कहीं थ्री व्हीलर उल्टी पड़ी थी। बसों का तो आलम यह था कि टूटे शीशे व खिड़कियां, टूटी कष्टदायक सीटें,गोया कबाड़खाने से लाकर बसें चलाई जा रही हों। जनकपुर जैसे प्रसिद्ध तीर्थस्थल व पर्यटन नगरी की शहर की सड़कों में गड्ढे, बदबूदार और रुकी हुई नालियां, शहर में खाने पीने का उपयुक्त होटल नहीं। जिस होटल में ठहरना हुआ उस होटल के प्रबंधक ने दोपहर करीब 12 बजे होटल में पहुंचने पर पहले ही बता दिया कि लाइट नहीं आ रही है रात 8 बजे आएगी, रूम बुक कराना हो तो कराइए वरना तशरीफ ले जाइए। जब होटल प्रबंधक से नेपाल की इस दुर्दशा के बारे में पूछा तो उसने एक ही बात कही। भ्रष्टाचार तो भारत में भी है परन्तु वहां 50 प्रतिशत खाकर 50 प्रतिशत तो लगा ही देते होंगे, मगर हमारे नेपाल में तो 90 प्रतिशत खा जाते हैं केवल 10 प्रतिशत ही किसी योजना में लगाते हैं।श उसी दिन यह एहसास हो गया था कि एक न एक दिन पानी सिर से ऊपर होगा और आज नहीं तो कल इसी नेपाल में भ्रष्टाचार के विरुद्ध विद्रोह जरूर पनपेगा।

खैर, नेपाल में लंबे समय से चली आ रही राजनीतिक अस्थिरता, भ्रष्टाचार, भाई–भतीजावाद, आर्थिक असमानता, युवा बेरोजगारी के विरुद्ध आखिरकार जनविद्रोह फूट ही पड़ा। सोशल मीडिया पर लगाए गए प्रतिबंध यानी युवाओं की सत्ता विरोधी आवाज को दबाने का सरकारी प्रयास इस हिंसक जनविद्रोह का बहाना बना। 8 सितम्बर 2025 को शुरू हुए इस जनविद्रोह में राजधानी काठमांडू सहित नेपाल के अन्य प्रमुख शहरों में हजारों युवा सड़कों पर उतर आए। आंदोलनकारियों ने सरकार की भ्रष्ट नीतियों के खिलाफ नारेबाजी की, जो जल्दी ही हिंसक हो गई। प्रदर्शनकारियों ने राजधानी काठमांडू स्थित संसद भवन,सरकारी प्रशासनिक मुख्यालय, सिंह दरबार, प्रधानमंत्री कार्यालय, मंत्रालयों और संसदीय कार्यालयों के परिसर, सुप्रीम कोर्ट भवन, राष्ट्रपति भवन, राष्ट्रपति राम चंद्र पौडेल के निवास, नेपाली कांग्रेस पार्टी मुख्यालय, कम्युनिस्ट पार्टी मुख्यालय, निवर्तमान प्रधानमंत्री ओली के पार्टी मुख्यालय, 5 सितारा हिल्टन होटल, नेपाल के सबसे बड़े मीडिया समूह कांतिपुर मीडिया हाउस, स्वास्थ्य एवं जनसंख्या मंत्रालय भवन, तथा प्रांतीय विधानसभा भवन जैसी प्रमुख इमारतों को आग के हवाले कर दिया। काठमांडू की इन इमारतों के अलावा भी देशभर में अनेक सरकारी कार्यालयों, पुलिस स्टेशनों और नेताओं के घरों को निशाना बनाया गया। इस दौरान त्रिभुवन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा अस्थाई रूप से बंद रहा और गौतम बुद्ध अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा को भी क्षति पहुंची। इन्हीं हिंसक वारदातों में मृतकों की संख्या 51 पार कर गई। इनमें 21 प्रदर्शनकारी, नौ कैदी, तीन पुलिस अधिकारी और 18 अन्य शामिल हैं। प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने इस्तीफा दे दिया। सेना को कर्फ्यू लगाकर सड़कों पर तैनात किया गया। कई मंत्रियों व उद्योगपतियों के घर कार्यालय व संस्थान आग के हवाले कर दिए गए। नेपाल में चले इन विरोध प्रदर्शनों के बाद आंदोलनकारियों की सहमति से सुशीला कार्की को नेपाल की पहली महिला प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया।

इस आंदोलन की आग में भी शातिर राजनीतिज्ञ अपनी अपनी रोटियां सेकने की कोशिश करते दिखाई दिए। जहां तक राजनैतिक विश्लेषकों का सवाल है तो कोई इसे हिन्दू राष्ट्र का पक्षधर जन विद्रोह साबित करना चाह रहा है तो कोई इसे राजशाही की वापसी का संकेत बता रहा है। कोई इसमें अमेरिकी षड्यंत्र की गंध महसूस कर रहा है तो कोई इसे चीनी साजिश महसूस कर रहा है। परन्तु हकीकत यही है कि चाहे वह नेपाल में 240 वर्षों की पुरानी शाह वंश की राजशाही परंपरा रही हो या उसके बाद 28 मई, 2008 को स्थापित हुआ 17 वर्ष पुराना गणतंत्र। किसी भी दौर में नेपाल के समग्र विकास पर कोई भी काम नहीं हुआ।

**–निर्मल रानी**

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# विकलांगजन समावेशी कानून



भारत में विकलांगजन के लिए कानून बनने के बाद उनके समावेश की बात होने लगी। समावेश का अर्थ यह सुनिश्चित करना है कि विकलांग. जन भी गैर–विकलांगों की तरह रोजमर्रा की गतिविधियों और जीवन के सभी क्षेत्रों में समान रूप से पूरी तरह भाग ले सकें। इसमें समाज में उनकी पूर्ण भागीदारी की राह में आने वाली सभी बाधाएं दूर करते हुए उन्हें बाधामुक्त वातावरण एवं सुगमता उपलब्ध कराना, भागीदारी के लिए उन्हें प्रोत्साहित करना और यह सुनिश्चित करना शामिल है कि समाज, समुदाय या संगठन में पर्याप्त विकलांग–हितैषी दृष्टिकोण, नीतियां और प्रथाएं लागू हों। सफल समावेश उसे कहा जा सकता है जिसकी बदौलत जीवन की सामाजिक रूप से अपेक्षित भूमिकाओं और गतिविधियों में उनकी भागीदारी बढ़े। यह समावेश संपूर्ण समाज का कार्य है।

वर्तमान में विकलांगजन के हित में की जाने वाली बातें और कार्रवाई मुख्य रूप से विकलांग व्यक्तियों के अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र के संधि पत्र UNCRPD की रोशनी में की जाती है। यह मौजूदा मानव अधिकारों को विकलांग व्यक्तियों की जीवन स्थितियों से जोड़ने वाला सार्वभौमिक दस्तावेज है। इस संधि पत्र पर हस्ताक्षर करने वाले देशों की संख्या 200 से कुछ ही कम है जिनमें से भारत भी एक है। UNCRPD एक तरह से विकलांगजन के हित में कार्य करने के लिए दुनिया के अधिकांश देशों के लिए एक साझा मार्गदर्शिका है। भारत सहित अधिकांश देशों में इसी के आधार पर विकलांगता सम्बंधी कानून, नीतियां और योजनाएं तैयार कर उन पर अमल करने की कोशिशें की जा रही हैं। इसके अनुसार, हविकलांग व्यक्तियों में वे लोग शामिल हैं जिन्हें ऐसी दीर्घकालिक शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक या संवेदी क्षतियां हुई हैं, जो विभिन्न बाधाओं के कारण समाज में दूसरों के साथ समानता से उनकी पूर्ण और प्रभावी भागीदारी में बाधा उत्पन्न कर सकती हैं। इस प्रकार विकलांगता उन क्षतियों और बाधाओं के मेलजोल से निर्मित होती है जिनका सामना प्रभावित व्यक्ति को करना होता है। बाधाओं का अर्थ सिर्फ भौतिक बाधाओं के रूप में लगाया जाना गलत है। इसमें दृष्टिकोण सम्बंधी बाधाएं भी शामिल होती हैं जिनकी तरफ न के बराबर ध्यान दिया जाता है। विकलांगजन के समावेश के लिए इन दोनों प्रकार की बाधाओं को हटाया जाना जरूरी है। जीवन का कोई भी क्षेत्र केवल भौतिक बाधाओं के ही हटने पर सुगम्य नहीं हो सकता। इसके लिए दृष्टिकोण सम्बंधी बाधाओं का हटना भी उतना ही जरूरी है। सच तो यह है कि सुगम्यता और समावेश की राह में आने वाली भौतिक बाधाओं का मूल कारण ही विकलांगजन के प्रति समाज के दृष्टिकोण सम्बंधी बाधाएं हैं। दृष्टिकोण सम्बंधी बाधाएं पूर्वाग्रह और विचार–पद्धतियां हैं जो विकलांग व्यक्तियों के प्रति भेदभाव को बढ़ावा देती हैं। उन्हें जरूरतमंद और असमर्थ बताना गलत है। यह समझना महत्वपूर्ण है कि वे समाज का एक अंग होते हैं। गहराई से देखने पर यह मालूम पड़ता है कि विकलांग व्यक्तियों को अपनी क्षति के कारण उतनी असुविधाओं और बाधाओं का सामना नहीं करना पड़ता जितना अपने प्रति समाज के दृष्टिकोण के कारण करना पड़ता है। उनके प्रति अन्य व्यक्तियों, समुदाय, समाज और संगठनों का यह उपेक्षापूर्ण दृष्टिकोण वास्तव में वह बाधा है जो भौतिक बाधाओं से कहीं ज्यादा गंभीर होता है। जहां ऐसी स्थिति होती है वहां एक तरह से समाज ही उन्हें विकलांग बनाता है। बाधामुक्त वातावरण में केवल चलने–फिरने सम्बंधी विकलांगता के कारण व्हीलचेयर, बैसाखी वगैरह सहायक उपकरण इस्तेमाल करने वाले व्यक्तियों के लिए रैंप, चौड़े दरवाजे और सुगम्य शौचालय की व्यवस्था करना ही शामिल नहीं है। इसमें दृष्टिबाधित, श्रवणबा. धित, बहु–विकलांग व्यक्तियों और यहां तक कि बौद्धिक रूप से विकलांग व्यक्तियों के लिए विकलांगता–विशिष्ट व्यवस्थाएं करना भी शामिल है। इनके अलावा और भी विकलांगताएं होती हैंय भारत में विकलांगजन के लिए बनाए गए पहले कानून में सात विकलांगताएं परिभाषित कर शामिल की गई थी जिनकी संख्या वर्तमान में लागू दूसरे कानून में इक्कीस कर दी गई है। बाधामुक्त वातावरण में विकलांगता–विशिष्ट व्यवस्थाएं करने की यह जरूरत सभी सेवाओं, अवसरों, सार्वजनिक स्थलों, यातायात, आयोजनों, सूचना सामग्री, शिक्षा प्रणाली, रोजगार, स्वास्थ्य सेवाओं, देखभाल, मनोरंजन आदि सभी क्षेत्रों में लागू होती हैं ताकि विभिन्न विकलांगताओं वाले व्यक्ति जानकारी प्राप्त कर सकें और निर्बाध भागीदारी कर सकें। शिक्षा और प्रशिक्षण की कमी के चलते भारत में बड़ी संख्या में ऐसे विकलांग व्यक्ति हैं जो सूचनाओं, जानकारी और विभिन्न उपायों, जैसे ब्रेल लिपि, दृश्य संकेत, सांकेतिक भाषा वगैरह का लाभ नहीं ले पाते हैं। इसलिए उनकी सहायता के लिए जगह–जगह संवे. दनशील एवं प्रशिक्षित व्यक्ति होने चाहिए। चलने–फिरने और हाथों का इस्तेमाल करने में असमर्थ व्यक्तियों के लिए भी इस तरह की व्यक्तिगत सहायता उपलब्ध होनी चाहिए। यह एक सच्चाई है कि भारत में विकलांगता के सामाजिक पहलू पर न के बराबर ध्यान दिया जाता है और इसे विशुद्ध रूप से एक चिकित्सीय विषय माना जाता है। शिक्षा की कमी, विकलांगता के बारे में सही जानकारी का अभाव और गलत धारणाओं की व्यापकता के कारण देश में दृष्टिकोण सम्बंधी बाधा एक बहुत बड़ी समस्या है। स्थिति इतनी खराब है कि वर्तमान वैज्ञानिक युग में भी यह माना जाता है कि विकलांगता विकलांग व्यक्ति और उसके परिजनों के पूर्वजन्म के कर्मों का फल है जो उन्हें भोगना ही होगा। यह सोचकर समाज खुद को विकलांग व्यक्ति और उसके परिवार से दूर कर लेता है और यह मान लेता है कि प्रभावित व्यक्ति या परिवार के प्रति उसकी कोई जिम्मेदारी नहीं है। नतीजतन विकलांग व्यक्ति की जिम्मेदारी पूरी तरह उसके परिवार पर छोड़ दी जाती है। उसे कोई सामाजिक सहायता या सामाजिक सुरक्षा नहीं मिल पाती है। शिक्षा की कमी और गरीबी समस्या को और बढ़ा देती है।

देश में विकलांगजन के लिए कानून बहुत देर से आने का मुख्य कारण संवेदनशीलता की कमी ही है और यह कमी कानून के अमल में भी साफ देखी जा सकती है। न तो देश में विकलांगजन–हितैषी वातावरण बन सका है, न ही उनकी जरूरतों के मान से पर्याप्त नीति निर्माण और नियोजन हो रहा है और न ही कल्याणकारी योजनाएं लागू की जा रही हैं। संवेदनशीलता की कमी दूर करना पहली प्राथमिकता मानकर इसके लिए विशेष अभियानों के माध्यम से संपूर्ण समाज को विकलांगता की सामाजिक और मानवाधिकार–आधारित समझ के बारे में जागरूक किया जाना जरूरी है। विकलांगजन के समावेश पर राजनैतिक और शासन के स्तर पर भी पूरा ध्यान दिया जाना चाहिए। भारत में यह विशेष रूप से जरूरी है क्योंकि बदकिस्मती से यहां सामाजिक बदलाव का कार्य भी राज्य को करना पड़ता है।

**–साभार सुबोध जोशी**

**स्रोत फीचर्स**

## हैप्पी बर्थ-डे डियर मोदी...

# मैरी ने गाकर, मेसी ने जर्सी भेजकर, ट्रम्प, पुतिन, मेलोनी संग दी बधाई

## 75वें जन्मदिन पर दुनियाभर से बधाई मिलने का सिलसिला जारी



**मेसी इसी साल 13 दिसम्बर को भारत आएंगे, सबसे पहले वे कोलकाता जाएंगे**

**वाशिंगटन।** प्रधानमंत्री मोदी को उनके 75वें जन्मदिन पर दुनियाभर से बधाई मिलने का सिलसिला जारी है। अर्जेंटीना के सुपरस्टार फुटबालर लियोनेल मेसी ने भी पीएम मोदी को जन्मदिन पर 2022 फीफा वर्ल्ड कप की साइन की हुई जर्सी भेजी है। वहीं हॉलीवुड सिंगर मैरी मिलबन ने पीएम मोदी के लिए गाना गाया। इसके साथ ही इटली की पीएम मेलोनी ने मोदी को बधाई देते हुए उनके लीडरशिप की तारीफ की।

रूसी राष्ट्रपति पुतिन इजराइली पीएम नेतन्याहू, न्यूजीलैंड के पीएम क्रिस्टोफर लक्सन समेत कई वर्ल्ड लीडर्स ने भी मोदी को जन्मदिन की बधाई दी। मेसी इसी साल 13 दिसम्बर को भारत आएंगे। सबसे पहले वे कोलकाता जाएंगे, फिर 14 दिसम्बर को मुंबई और 15 दिसम्बर को दिल्ली पहुंचेंगे। दिल्ली में उनकी पीएम मोदी से मुलाकात भी हो सकती है। मेसी आखिरी बार 2011 में भारत आए थे।



**सबसे पहले** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने मोदी को मंगलवार रात 10:53 बजे फोन कर विश किया। ट्रम्प ने रात 11:30 बजे अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म ट्रूथ पर पीएम से बातचीत की जानकारी दी। ट्रम्प ने लिखा कि अभी-अभी मेरे दोस्त, नरेंद्र मोदी से फोन पर बातचीत हुई। मैंने उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। वे अद्भुत काम कर रहे हैं। नरेंद्र, रूस और यूक्रेन के बीच जंग खत्म करने में आपके सहयोग के लिए धन्यवाद। ट्रम्प की बधाई का जवाब देते हुए मोदी ने एक्स पर लिखा कि थैंक यू, मेरे दोस्त, प्रेसिडेंट ट्रम्प। आपकी तरह, मैं भी हमारे बीच की साझेदारी को नई ऊंचाइयों पर ले जाना चाहता हूं।



**ब्रिटेन के पूर्व पीएम:** ऋषि सुनक ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को 75वें जन्मदिन की बधाई देना मेरे लिए खुशी की बात है। मुश्किल समय में हमें अच्छे दोस्तों की जरूरत होती है, और मोदी जी मेरे और ब्रिटेन के लिए हमेशा अच्छे दोस्त रहे हैं। हाल ही का इंग्लैंड-भारत टेस्ट सीरीज इसका उदाहरण है। एक ब्रिटिश-भारतीय परिवार से होने के नाते, यह रिश्ता मेरे लिए हमेशा खास रहेगा।



**इटली पीएम:** जार्जिया मेलोनी ने कहा कि भारतीय पीएम को 75वें जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। आपकी शक्ति, आपका दृढ़ संकल्प और लाखों लोगों का नेतृत्व करने की क्षमता प्रेरणादायक है। मित्रता और सम्मान के साथ, मैं आपके सेहत की कामना करती हूं ताकि आप भारत को एक उज्ज्वल भविष्य की ओर ले जा सकें और दोनों राष्ट्रों के बीच संबंधों को और मजबूत कर सकें।



**रूसी राष्ट्रपति:** व्लादिमीर पुतिन ने क्रेमलिन की वेबसाइट पर जारी एक संदेश में लिखा कि प्रिय प्रधानमंत्री जी, 75वें जन्मदिन के अवसर पर हार्दिक बधाई। आपने दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने और अलग-अलग क्षेत्रों में आपसी सहयोग को आगे बढ़ाने में बड़ा योगदान दिया है।

**इजराइली पीएम:** बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी, मेरे अच्छे दोस्त नरेंद्र, मैं आपको जन्मदिन की शुभकामनाएं देता हूं। मैं जल्द ही आपसे मिलूंगा, क्योंकि हमें अपनी साझेदारी और अपनी दोस्ती को और भी ऊंचाइयों पर ले जाना है। जन्मदिन मुबारक हो, मेरे दोस्त।

**न्यूजीलैंड पीएम:** क्रिस्टोफर लक्सन ने कहा कि नमस्ते, माय गुड फ्रेंड प्राइम-मिनिस्टर, मोदी। आपके 75वें जन्मदिन पर बधाई। यह अवसर आपके नेतृत्व की सराहना करने का है, जो भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में ले जा रहा है। मैं न्यूजीलैंड और भारत के बीच साझेदारी को और मजबूत करने की उम्मीद करता हूं।



जम्मू। दशहरा उत्सव की तैयारियों के तहत रावण का पुतला बनाते लोग।

## टैरिफ लगने के बाद मोदी और ट्रम्प के बीच यह पहली बातचीत

**वाशिंगटन।** 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने के 40 दिन बाद दोनों की पहली बातचीत भारत पर अमेरिका की तरफ से 50 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने के बाद मोदी और ट्रम्प के बीच यह पहली बातचीत है। टैरिफ लगाने के 40 दिन बाद से भारत और अमेरिका के बीच संबंध खराब हो गए हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 6 अगस्त को रूस से तेल खरीद पर जुर्माने के तौर पर भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ का ऐलान किया था। वहीं, व्यापार घाटे का हवाला देकर 7 अगस्त से भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया था। इस तरह, अमेरिका निर्यात होने वाले भारतीय सामानों पर कुल टैरिफ 50 प्रतिशत लगाया गया है।

## जैश कमांडर का बड़ा कबूलनामा

**बालाकोट में बैठकर मसूद अजहर ने बनाई संसद और मुंबई हमलों की योजना**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पाले हुए आतंकी ही पूरी दुनिया के सामने उसकी पोल-पट्टी खोलने में जुटे हैं। जैश ए मोहम्मद के शीर्ष कमांडर मसूद इलियास कश्मीरी ने एक और बड़ा खुलासा किया है और कहा है कि दिल्ली और मुंबई पर हमलों के पीछे मसूद अजहर है और उसने बालाकोट में बैठकर इन हमलों की योजना बनाई।

माना जा रहा है कि उसका आशय दिल्ली में संसद भवन पर हमले और मुंबई हमले से है। इससे साफ है कि भारत पर हमलों की योजना पाकिस्तान में बैठे आतंकियों ने बनाई, लेकिन दुनिया के सामने पाकिस्तान मसूद अजहर की उनके देश में मौजूदगी से साफ इन्कार करता है। वीडियो में मसूद इलियास कश्मीरी कहता सुनाई दिया कि दिल्ली की तिहाड़ जेल से निकलकर अमीर उल मुजाहिदीन मौलाना मसूद अजहर पाकिस्तान आए और बालाकोट की धरती ने उन्हें पनाह दी। यही से उन्होंने अपने मिशन को आगे बढ़ाया और दिल्ली और मुंबई को दहलाया। इलियास कश्मीरी ने ओसामा बिन लादेन का भी जिक्र किया और कहा कि उसने भी पाकिस्तान की धरती से आतंकी घटनाओं को अंजाम दिया। जैश कमांडर के इस खुलासे से पाकिस्तान का वह झूठ बेनकाब हो गया, जिसमें पाकिस्तान अपने यहां आतंकी ढांचे की मौजूदगी से इन्कार करता है।

### संक्षिप्त समाचार

#### इजरायल के तेल अवीव हवाई अड्डे पर हमला किया: हूती

**सना।** यमन के हूती समूह ने इजरायल के तेल अवीव और ऐलात के रामोन हवाई अड्डों पर हमलों का दावा किया है। हूती ने एक बयान में कहा कि उसने तेल अवीव और ऐलात के रामोन हवाई अड्डे पर हमले किए हैं, जबकि इज़रायल ने समूह के नियंत्रण वाले बंदरगाह शहर होदेदाह पर दिन में हवाई हमले किए थे। हूती के सैन्य प्रवक्ता याह्या सरिया ने कहा कि एक बैलिस्टिक मिसाइल ने दक्षिणी तेल अवीव में एक 'संवेदनशील स्थल' को निशाना बनाया और एक ड्रोन ने ऐलात के रामोन हवाई अड्डे को निशाना बनाया।

#### अफगान में इंजेक्शन से चेहरा सुंदर बनवा रहीं महिलाएं

**ढाका।** अफगानिस्तान में तालिबान के कट्टर शासन के बावजूद महिलाओं के बीच कास्मेटिक सर्जरी का कल्चर तेजी से पापुलर हुआ है। यहां, करीब 20 क्लिनिक बोटाक्स (झुर्रियों को कम करने के लिए इंजेक्शन), फेसलिफ्ट (ढीली त्वचा को टाइट करने के लिए) और हेयर ट्रांसप्लांट जैसी सेवाएं दे रहे हैं। इन क्लिनिक में पुरुष और महिलाएं दोनों आते हैं। पुरुष ज्यादातर गंजेपन का इलाज करवाते हैं, जबकि महिलाएं, जो आमतौर पर बुर्का में होती हैं, फेसलिफ्ट और अन्य सर्जरी करवा रही हैं।

#### रूस-बेलारूस सैन्य अभ्यास में एक लाख सैनिक भाग लेंगे: पुतिन

**मास्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने मंगलवार को कहा कि ज़ापद-2025 के नाम से पहचाने जाने वाले रूस-बेलारूस संयुक्त सैन्य अभ्यास में एक लाख सैनिक भाग ले रहे हैं। रूस के निज़्नी नोवगोरोड क्षेत्र में मुलिनो प्रशिक्षण मैदान का दौरा करते हुए पुतिन ने कहा कि यह अभ्यास 41 प्रशिक्षण मैदानों पर आयोजित किया जा रहा है, जिसमें एक लाख सैनिक और लगभग 10 हजार हथियार और उपकरण प्रणालियां शामिल होंगी। उन्होंने बताया कि इन उपकरणों में 333 विमान और 247 से अधिक पोत शामिल हैं।

## अमेरिका खुलेआम रिश्वत लेता है: पाकिस्तानी रक्षा मंत्री

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने अमेरिका पर इजरायल से खुलेआम रिश्वत लेने का आरोप लगाया। उन्होंने जियो टीवी को दिए एक इंटरव्यू में कहा कि पाकिस्तान को रिश्वत लेने के लिए बदनाम किया जाता है।

जबकि अमेरिकी ब्यूरोक्रेसी और डिफेंस अधिकारियों को इजरायल की लाबी खुलेआम फाइनेंस करती है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर मुझे रिश्वत लेनी पड़े, तो वो पीछे के कमरे में चुपचाप ऐसा काम करेंगे। उनके इस बयान पर टीवी एंकर ने कहा कि आपका यह बयान वायरल हो जाएगा। इसपर रक्षा मंत्री ने कहा मुझे डर नहीं है। हम अगर



खुलेआम रिश्वत लेंगे तो टीवी वाले प्रोग्राम बना देंगे। ख्वाजा आसिफ जिस इजरायली लाबी की बात कर रहे हैं, उस तरह की लाबी पर पाकिस्तान भी करोड़ों रुपये खर्च कर रहा है। ट्रम्प प्रशासन के आने के बाद से पाकिस्तान ने साल 2025 के पहले आठ महीनों में ही अमेरिका में कम से कम सात लाबिंग और कानूनी फर्मों के साथ कॉन्ट्रैक्ट किया है।

## ब्रिटिश शाही महल में ट्रम्प का भव्य स्वागत

**लंदन।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प और उनकी पत्नी मेलानिया मंगलवार रात ब्रिटेन दौरे पर पहुंचे। विंडसर कैसल (शाही महल) में पहुंचने पर प्रिंस विलियम और प्रिंसेस केट मिडलटन उनकी अगवानी की। इसके बाद ट्रम्प ने शाही महल में किंग चार्ल्स और क्वीन कैमिला से मुलाकात की। ट्रम्प किंग चार्ल्स के उनकी स्पेशल सोने की बग्घी में घूमने निकले, वहीं मेलानिया क्वीन कैमिला के साथ एक अन्य बग्घी में सवार थीं। ट्रम्प के सम्मान में सेंट जार्ज हाल में डिनर का भी आयोजन किया जाएगा। अमेरिका राष्ट्रपति इसके क्वीन एलिजाबेथ की कब्र पर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि देंगे।

# वैंकूवर दूतावास घेरने की साजिश

## भारतीय उच्चायुक्त की आपत्तिजनक फोटो भी बनाई

**भारतीय मूल के कनाडाई नागरिकों से दूतावास आना स्थगित करने की अपील भी की गई है**

**वैंकूवर।** अमेरिका से संचालित होने वाले खालिस्तानी संगठन 'सिख्स फॉर जस्टिस' ने एक बार फिर भारत का विरोध किया है। कनाडा के वैंकूवर में भारतीय वाणिज्य दूतावास के घेराव की साजिश रचने वाले इस संगठन के लोगों ने दूतावास के अधिकारी की आपत्तिजनक तस्वीर भी बनाई है। एसएफजे की धमकी ऐसे समय में आई है जब भारत और कनाडा अपने राजनयिक संबंध सामान्य करने के लिए मशक्कत कर रहे हैं।

संभावित विरोध की इस खबर के मुताबिक खालिस्तान समर्थक इस संगठन ने एलान किया है कि गुरुवार को वाणिज्य दूतावास पर कब्जा कर लेंगे। भारतीय मूल के कनाडाई नागरिकों से दूतावास आना स्थगित रखने की अपील भी की गई है। इस संबंध में आई रिपोर्ट्स के मुताबिक एसएफजे ने एक पोस्टर भी जारी किया है। इसमें भारत के नए उच्चायुक्त दिनेश पटनायक के चेहरे पर निशाना साधते हुए दिखाया गया है। संगठन ने आरोप लगाया है कि भारतीय वाणिज्य दूतावास कनाडा में खालिस्तानी समर्थकों की निगरानी कर रहा है। एसएफजे ने जासूसी नेटवर्क चलाने जैसे मनगढ़ंत, बेबुनियाद और बेतुके आरोप भी लगाए हैं। इस संगठन की तरफ से जारी बयान के मुताबिक करीब दो साल पहले 18 सितम्बर 2023 को तत्कालीन कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने देश की संसद में हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में 'भारतीय एजेंटों की कथित भूमिका' की जांच कराने की बात कही थी। पूर्व प्रधानमंत्री के बयान के करीब दो साल बाद सितम्बर माह में ही प्रस्तावित विरोध को लेकर भारत विरोधी संगठन-एसएफजे ने कहा कि दो साल बाद भी भारतीय वाणिज्य दूतावास कनाडा में खालिस्तान जनमत संग्रह अभियान चलाने वालों को निशाना बना रहे हैं। खतरा इतना गंभीर था कि रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस (आरसीएमपी) को निज्जर की मौत के बाद संगठन के अभियान का नेतृत्व कर रहे इंदरजीत सिंह गोसल को गवाह बनाकर सुरक्षा देनी पड़ी। एसएफजे का कहना है कि वैंकूवर वाणिज्य दूतावास का घेराव कर वे भारतीय एजेंसियों के अधिकारियों पर दबाव बनाएंगे। वे उनसे कनाडा में कथित 'जासूसी और डराने-धमकाने' के मामले में जवाब भी मांगेंगे। खबर लिखे जाने तक इस मामले में भारत के विदेश मंत्रालय और वैंकूवर स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी गई।

## नासा के पर्सिवियरेंस रोवर ने मंगल पर दिए जीवन के संकेत

**वाशिंगटन।** मंगल पर जीवन के कुछ और संकेत मिले हैं। नासा के पर्सिवियरेंस रोवर ने जेजेरो क्रेटर के ब्राइट एंजेल फार्मेशन क्षेत्र में ऐसे रासायनिक-खनिज संकेत दर्ज किए हैं। इन्हें वैज्ञानिक बायोसिग्नेचर मान रहे हैं। बायोसिग्नेचर उन भौतिक, रासायनिक या संरचनात्मक संकेतों को कहते हैं जो बताते हैं कि कभी किसी ग्रह पर जीवन की गतिविधि हुई होंगी। यह जीवन के पक्के सबूत नहीं हैं, लेकिन यदि यह साक्ष्य सूक्ष्म जीवों से जुड़ा निकला तो इतिहास की बड़ी खोज साबित हो सकता है।

# अमेरिका जापान से टाइफून मिसाइल सिस्टम हटाए: चीन

## कहा: सिस्टम से इलाके की सुरक्षा को खतरा, इस पर 200 किमी तक मार करने वाली मिसाइल तैनात

**बीजिंग।** चीन ने अमेरिका से जापान में तैनात अपनी मिड रेंज का टाइफून मिसाइल सिस्टम हटाने की मांग की है। चीन ने कहा कि ये तैनाती इलाके की रणनीतिक सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने कहा कि चीन की गंभीर आपत्तियों को नजरअंदाज करते हुए अमेरिका और जापान ने जाइंट मिलिट्री एक्सरसाइज के नाम पर टाइफून मिसाइल प्रणाली की तैनाती जारी रखी है।

जमीन से लॉन्च होने वाला यह हथियार टामहाक मिसाइलें दाग सकता है, जिनकी मारक क्षमता 2,000 किलोमीटर तक है। यानी यह दक्षिण चीन सागर, ताइवान स्ट्रेट और यहां तक कि दक्षिणी चीन के कुछ हिस्सों को भी निशाने पर ले सकता है। लिन जियान ने कहा: एशियाई देशों में टाइफून



**एशियाई देशों में टाइफून मिसाइल सिस्टम की अमेरिकी तैनाती दूसरे देशों के लिए खतरा: लिन जियान**

मिसाइल सिस्टम की अमेरिकी तैनाती दूसरे देशों के लिए खतरा है। यह क्षेत्र में हथियारों की दौड़ और सैन्य टकराव के खतरे को बढ़ाती है और रणनीतिक सुरक्षा पर गंभीर असर डालती है। उन्होंने कहा कि अमेरिका और जापान को दूसरे देशों की सुरक्षा चिंताओं का सम्मान करना चाहिए और क्षेत्रीय शांति और स्थिरता के लिए सकारात्मक भूमिका निभानी चाहिए। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, जापान में इस मिसाइल सिस्टम की तैनाती खासतौर से जाइंट मिलिट्री एक्सरसाइज रेजोल्यूट ड्रैगन के लिए है, जो 16 सितम्बर से 25 सितम्बर तक चल रहा है। इस एक्सरसाइज में 19000 से ज्यादा अमेरिकी और जापानी सैनिक हिस्सा ले रहे हैं। ताइवान, सेनकाकू द्वीप और पूर्वी चीन सागर में तनाव के बीच यह एक्सरसाइज अमेरिका-जापान गठबंधन की ताकत दिखाने के लिए है। हाल ही में चीन के नए एयरक्राफ्ट कैरियर फुजियन को जापान के पास देखा गया था, जिससे जापान की सुरक्षा चिंता बढ़ी है।

## जापान के साथ फुटबॉल मैच खेलने पहुंची फर्जी पाक टीम

**अफसरों ने एयरपोर्ट से वापस लौटाया**

**लाहौर।** पाकिस्तान की फर्जी फुटबॉल टीम का भंडाफोड़ हुआ है। पाकिस्तान की एक फर्जी फुटबॉल टीम मैच खेलने के लिए जापान पहुंच गई। जांच के दौरान अधिकारियों को शक हुआ तो पूरी टीम के लोगों को जापान के एयरपोर्ट से ही वापस लौटा दिया।

बाद में सामने आया कि टीम में असली खिलाड़ी नहीं बल्कि मानव तस्करी के जरिये लोगों को भेजा गया था। संघीय जांच एजेंसी ने बताया कि 22 सदस्ईय फर्जी फुटबॉल टीम जून 2025 में जापान के एयरपोर्ट पर पहुंची। सभी लोग खिलाड़ियों की तरह फुटबॉल किट पहने थे। उन्होंने दावा किया कि वे पाकिस्तान फुटबॉल फेडरेशन (पीएफएफ) में पंजीकृत हैं और जापान के एक क्लब के साथ उनका फुटबॉल मैच होना है। उन्होंने यह भी कहा कि उनको 15 दिन का जापान का वीजा भी इसी आधार पर मिला है। टीम को लेकर जापान एयरपोर्ट पर मौजूद आव्रजन अधिकारियों को कुछ शक हुआ। अफसरों ने जांच की तो सच सामने आया और सभी 22 लोगों को एयरपोर्ट से ही वापस भेज दिया गया।

# जॉर्जिया: पर्यटक ने बताया 56 भारतीयों का दर्द

## खाना-शौचालय कुछ नहीं, जॉर्जिया में मवेशियों जैसा बर्ताव

**नई दिल्ली।** जॉर्जिया में हालात बेहद दयनीय है, खाना-शौचालय कुछ नहीं, जॉर्जिया में मवेशी सा बर्ताव हो रहा है। ये कहना है एक भारतीय महिला पर्यटक का। उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर कड़वे अनुभवों को साझा करते हुए कहा है कि इस देश में न तो खाने-पीने के सामान उपलब्ध हो रहे हैं न शौचालय जैसी बुनियादी चीजें नसीब हो रही हैं।

उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखे अपने इस पोस्ट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, विदेश मंत्रालय का आधिकारिक हैंडल, विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर, भारतीय दूतावास, पीएम मोदी के हाथों सम्मानित हो चुकीं सेलिब्रिटी कर्ली टेल्स समेत कई लोगों को टैग किया है। उन्होंने कहा है कि हाड़ कंपाने वाले सर्द मौसम में उन्हें पांच घंटे तक बिना खाने



**हाड़ कंपाने वाले सर्द मौसम में उन्हें पांच घंटे तक बिना खाने और शौचालय के इंतजार कराया गया**

और शौचालय के इंतजार कराया गया। भारतीय पर्यटकों के साथ अपमानजनक व्यवहार के इस मामले में इंस्टाग्राम यूजर ध्रुवी पटेल (/चंजमसकीतनअमम) ने आरोप लगाया कि 56 भारतीय यात्रियों को आर्मेनिया से जॉर्जिया प्रवेश करने के दौरान सीमा पर अमानवीय हालात झेलने पड़े। उन्होंने कहा कि वैध ई-वीजा और दस्तावेज दिखाने के बावजूद अधिकारियों ने उन्हें सादाखलो बॉर्डर पर कई घंटें तक रोके रखा। पटेल के मुताबिक भारतीय समूह को 5 घंटे से अधिक वक्त जमा देने वाली ठंड में बिना भोजन और शौचालय के इंतजार कराया गया। अधिकारियों ने पासपोर्ट दो घंटे से ज्यादा जब्त रखे। यात्रियों को सड़क किनारे 'मवेशियों' की तरह बैठा कर रखा गया। जॉर्जिया की इस चिंताजनक घटना को लेकर भारतीय महिला ध्रुवी यह भी आरोप लगाया कि अधिकारियों ने यात्रियों के वीडियो इस तरीके से रिकॉर्ड किए जैसा सलूक अपराधियों के साथ किया जाता है। जब पर्यटकों के समूह में शामिल किसी ने वीडियो बनाने की पहल की तो उन्हें रिकॉर्डिंग करने से रोका गया। उन्होंने कहा दस्तावेजों की ठीक से जांच किए बिना वीजा को 'गलत' कहकर अपमानजनक व्यवहार किया गया। जॉर्जिया में मिले दर्दनाक अनुभवों को अपनी सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए साझा करने वाली भारतीय महिला ध्रुवी पटेल ने इंसाफ की आस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से गुहार लगाते हुए कहा कि भारत को इस मामले में कड़ा रुख अपनाना चाहिए।




